kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-102 | मंगलवार, 13 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य सफलता नहीं, बल्कि यह भारत की बदलती हुई सामरिक सोच, आत्मनिर्भरता और वैश्विक नेतृत्व का प्रतीक है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी और सशक्त नेतृत्व में भारत ने पहलगाम हमले का जो उत्तर दिया, वह इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अध्याय बन गया है। शिवराज सिंह चौहान

'आपरेशन सिन्दूर' से विश्व को आतंकवाद के खिलाफ दिया सख्त संदेश : भाजपा 11

हरिद्वार में हर की पैड़ी पर बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर उमड़ा आस्था का सैलाब 12

# पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई सिर्फ स्थगित : पीएम

एजेंसी



नई दिल्ली। पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे बाद पीएम मोदी ने सोमवार रात 8 बजे देश को संबोधित किया। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं।

बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं को सशस्त्र बलों को हमारी खुफिया एजेंसियों को वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरफ से सैल्यूट करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लि असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता,साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को।

सीजफायर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से न्युक्लियर धमकी सहन नहीं की जाएगी। भारत की तीनों सेनाएं सभी हालात से निपटने के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींच दी है।

न्यू नॉर्मल कर दिया है। पहला- आतंकी हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे, हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकी जड़ें निकलती हैं। दूसरा- कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। उसकी आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। तीसरा- हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का घिनौना सच देखा है जब मारे गए आतंकियों को

### राष्ट्र के नाम

- पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा, तीनों सेनाएं अलर्ट पर
- हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए सेनाओं को पूरी छूट दी
- आतंक के आकाओं को भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया
- न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग नहीं सहेंगे, हमारी तीनों सेनाएं अलर्ट
- आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला लेगा
- पाकिस्तान से बात होगी तो सिर्फ आतंकवाद और पीओके पर
- आतंकी हमला हुआ तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा
- आतंकवादियों का साथ देकर पाकिस्तान की दुनियाभर में पोल खुल गयी
- आतंक के आकाओं और आतंकवाद की सरपस्त सरकार को हम अलग-अलग नहीं देखेंगे, भारत का शक्तिशाली होना जरूरी है और आवश्यकता पड़ने पर इस शक्ति का इस्तेमाल भी जरूरी है

विदाई देना पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। स्टेट स्पॉन्सर आतंकवाद का ये बड़ा सबूत है। हम भारत और नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। ऑपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। हमने न्यू एज वारफ़ेयर में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिकता सिद्ध हुई। दुनिया देख रही है कि 21वीं सदी के वारफ़ेयर में मेड इन इंडिया डिफेंस इक्विपमेंट का समय आ चुका है।

पाकिस्तान ने हमारे गुरुद्वारों, घरों, मंदिरों और स्कूलों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। दुनिया ने देखा कैसे पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वार की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। भारत के ड्रोंस, मिसाइलों ने सटीकता के साथ हमला किया। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिस पर ● शेष पेज 11 पर

# 'भय बिनु होय न प्रीति...'

एजेंसी

नई दिल्ली। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर निशाना बनाते हुए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। सोमवार को इंडियन आर्मी के तीनों सेना प्रमुखों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और भारत पाकिस्तान के बीच बनी मौजूदा स्थिति पर जानकारी देने के लिए प्रेस ब्रीफिंग की। इस दौरान उन्होंने भारतीय सेना की कार्रवाई का पूरा ब्यौरा दिया और कई खास बातें शेयर कीं। इसी दौरान भारतीय सेना ने स्पष्ट तौर पर पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया कि 'भय बिन होई न प्रीति। यानी बिना डर के प्रेम नहीं हो सकता है।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। पड़ोसी मुल्क ने भी जवाबी हवाई हमले किए, जिसे भारत ने नाकाम कर दिया। दोनों देशों में बढ़ते तनाव के बीच शनिवार शाम सीजफायर पर फैसला हुआ। जिसके बाद अब हालात सामान्य हैं। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान सेना ने यह भी कहा कि वह हर हमले के लिए तैयार है।

एयर मार्शल ए.के. भारती ने कहा कि हमारे सभी मिलिट्री बेस, इक्विपमेंट्स और सिस्टम चालू हैं और किसी भी तरह की जरूरत पड़ने पर मिशन के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपनी बात की शुरुआत

रामचरित मानस के एक दोहे से की। उन्होंने कहा,

'बिनय न मानत जलधि जड़, गए तीन
दिन बीत
बोले राम सकोप तब, भय बिनु होय न
प्रीत। '

संत तुलसी दास ने ये दोहा उस प्रसंग पर लिखा, जहां श्रीराम समुद्र से लंका जाने के



सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस में एयर मार्शल एके भारती ने 'रामचरित मानस' से दिया पाकिस्तान को जवाब

लिए राह मांग रहे हैं। हनुमान जी लंका जाकर सीता का पता लगा आते हैं। अब श्रीराम के साथ पूरी वानर सेना समुद्र तट पर पहुंच जाती है। सवाल यह उठता है कि इतनी बड़ी सेना सागर पार करके कैसे लंका तक जाएगी। तब श्रीराम सागर तट पर साधना में बैठ जाते हैं और सागर से विनती करने लगते हैं कि वह उनकी सेना को रास्ता दे और लंका तक पहुंचने में मदद करे। श्रीराम तीन दिन तक सागर तट पर यूं ही साधना में बैठे हुए विनय करते रहते हैं, लेकिन समुद्र में कोई भी हलचल नहीं होती है।

तब तीन दिन बाद श्रीराम क्रोधित होकर साधना से उठते हैं और कहते हैं लक्ष्मण! ज्ञानी जनों ने सही ही कहा है, कभी-कभी बिना भय के प्रीत भी नहीं होती है। फिर वह लक्ष्मण जी से अपना धनुष बाण लाने को कहते हैं और समुद्र को सुखा डालने की घोषणा करते हैं। विद्वानों ने सही कहा है कि मूर्ख से विनती करने, कुटिल से प्रीति करने और कंजूस से नीति की अपेक्षा रखना मूर्खता ही है।

लछिमन बान सरासन आनू। सोषौं बारिधि बिसिख कृसानु?

सठ सन बिनय कुटिल सन प्रीति। सहज कृपन सन सुंदर नीति?

रामचरित मानस के सुंदर कांड में ये दोहा और चौपाई शामिल है, जिसे एयर मार्शल ए.के. भारती ने अपने संबोधन में शामिल किया। इससे पहले एक वीडियो सामने आया। इस वीडियो में ये दिखाया गया कि कैसे सेना ने पाकिस्तान के हमलों का न सिर्फ करारा जवाब दिया, साथ ही पड़ोसी मुल्क के कई नापाक इरादों को ध्वस्त भी कर दिया।

इस वीडियो की जो सबसे खास बात थी, वह रही इसमें प्रयोग की गई, कविवर रामधारी सिंह 'दिनकर' की प्रसिद्ध कविता की पंक्ति, 'जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है।

### 'हमारा निशाना आतंकवादी थे, पाकिस्तानी सेना ने इसे अपनी लड़ाई बनाया'

**नयी दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने आज कहा कि उनकी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों से थी और पाकिस्तानी सेना के आतंकवादियों के पक्ष में लड़ाई में उतरने के कारण भारत को उसके सैनिक ठिकानों को निशाना बनाना पड़ा जिसके लिए पाकिस्तानी सेना खुद जिम्मेदार है। भारतीय वायुसेना, नौसेना एवं थल सेना के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, तुर्की के ड्रोन हों या कहीं की भी कोई अन्य शस्त्र तकनीक हो.. हमारी स्वदेशी रक्षा प्रणाली, प्रशिक्षित योद्धा उससे मुकाबले के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन सिन्दूर में हमारा नुकसान बेहद मामूली रहा है। हमारे सभी सैन्य प्रतिष्ठान, उपकरण, शस्त्र प्रणालियां पूरी तरह से कार्यशील हैं, जरूरत पड़ने पर हम अगले मिशन के लिए तैयार हैं। वायुसैनिक अभियान महानिदेशक एयर मार्शल ए के भारती ने कहा कि पाकिस्तान की सेनाओं ने ● शेष पेज 11 पर

## पीसीएफ सिद्धार्थनगर के निलंबित जिला प्रबंधक सहकारी सेवा से बर्खास्त

लखनऊ। वर्ष 2023-24 में बस्ती मंडल में धान खरीद और सीएमआर डिलिवरी में हुई अनियमितताओं के मामले में पीसीएफ सिद्धार्थनगर के निलंबित जिला प्रबंधक अमित कुमार चौधरी को बर्खास्त कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) को सौंपी गई है। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के निर्देश पर हुई जांच में बस्ती मंडल में 11.09 करोड़ रुपये की अनियमितता पाई गई थी। धान खरीद और सीएमआर की डिलीवरी मामले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में सिद्धार्थनगर, बस्ती व संत कबीरनगर के बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ था। जांच में दोषी पाए गए पीसीएफ के अधिकारियों और कर्मचारियों समेत इस घोटाले में शामिल लोगों पर अनियमितता और वित्तीय नुकसान के मामलों में 10 एफआईआर करवाई गई थी। दोषी अधिकारियों व क्रय केंद्र प्रभारियों में से 6 अभियुक्तों की गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। पीसीएफ के जिला प्रबंधक समेत अन्य लोगों को निलंबित किया गया था। सहकारिता मंत्री ने

## बड़े मंगल के भंडारे के लिए 348 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शहर में बड़े मंगल के मौके पर श्रद्धालुओं की भीड़ और जगह-जगह भंडारों के आयोजन को देखते हुए नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी. के. श्रीवास्तव ने सोमवार को कई प्राचीन हनुमान मंदिरों का दौरा किया। डॉ. श्रीवास्तव ने गुलाचीन मंदिर, बड़े हनुमान मंदिर और छोटे हनुमान मंदिर का निरीक्षण किया और वहां की साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। कुछ जगहों पर नालियों में सिल्ट और कचरे की सफाई ठीक से नहीं हुई थी, जिस पर उन्होंने मौके पर ही सफाई कराई।

नगर निगम की ओर से बताया गया कि अब तक शहर के आठों जोन में कुल 348 भंडारों के आयोजन के लिए कॉल सेंटर और लखनऊ वन एप के जरिए रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। नगर निगम कराएगा सफाई बड़े मंगल पर नगर निगम की टीम हर जोन में



साफ सफाई के लिए टोल फ्री नंबर पर कर सकेंगे शिकायत

तैयार रहेगी। ताकि भंडारे वाले स्थानों पर साफ-सफाई, कूड़ा उठान और पेयजल की व्यवस्था समय से हो सके। 1533 नंबर पर दें भंडारे की सूचना नगर निगम के कंट्रोल रूम नंबर 1533 पर कॉल करके या लखनऊ वन ऐप के माध्यम से अब भी लोग अपने भंडारे रजिस्टर करा सकते हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने लोगों से अपील की है कि भंडारे की जानकारी कम से कम 24 घंटे पहले दें, जिससे नगर निगम की टीम ● शेष पेज 11 पर

## लोकतंत्र की पहली शर्त है संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की पहली शर्त है संवाद। संवाद के माध्यम से ही समस्याओं का निराकरण कर कारोबारी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) और जीवन सुगमता (ईज ऑफ लिविंग) के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। हम जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं दे सकें, कॉमनमैन (आमजन) की अधिक से अधिक सुनवाई कर सकें, यही लोकतंत्र की सफलता का मूल है।

सीएम योगी सोमवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में बने नगरीय सेवा केंद्र (अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर) और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इन दोनों परियोजनाओं की कुल लागत 14.22 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को सिर्फ सामान्य नागरिक के तौर पर नहीं देखा जाता है बल्कि जनता जनार्दन कहकर संबोधित किया जाता है। हमें लोकतंत्र की इसी भावना को अंगीकार कर आगे बढ़ना होगा।

- योगी ने किया अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण
- संवाद से ही हासिल होंगे कारोबारी और जीवन सुगमता का लक्ष्य
- कॉमनमैन की अधिक से अधिक सुनवाई लोकतंत्र की सफलता का मूल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बदलते वैश्विक परिवेश में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आजादी के अमृत वर्ष में इसने 200 वर्षों तक शासन करने वाले ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव हासिल किया था और अब यह जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सीएम योगी ने कहा कि देश की समृद्धि हम सबके जीवन का ध्येय होना चाहिए। इसी भाव से उत्तर प्रदेश ने विगत आठ वर्षों से पीएम मोदी के मार्गदर्शन में नगरीकरण के विस्तार का अभियान प्रारंभ किया है। सीएम योगी ने कहा कि पहले गोरखपुर की स्थिति एक



नगर पंचायत जैसी रही होगी। विकास यात्रा में अब नगर निगम के स्वरूप में इसकी गिनती प्रदेश के बड़े महानगरों में होती है। रोड, रेल, एयर कनेक्टिविटी, पर्यटन विकास, सफाई-स्वच्छता, वंचितों के लिए बेहतरीन सुविधाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश के पांच करोड़ लोगों के लिए शिक्षा, चिकित्सा, कारोबार और रोजगार का केंद्र है। मुख्यमंत्री ने सिविल लाइंस में बने अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर के लिए नगर निगम की तारीफ करते हुए कहा कि जब लोगों को नई सुविधाओं से आच्छादित करते हैं तो व्यापारियों के लिए कारोबारी सुगमता ● शेष पेज 11 पर

## शेयर बाजार में धुआंधार तेजी, सेंसेक्स पांच महीने के उच्चतम स्तर पर

मुंबई। भारत-पाकिस्तान के युद्धविराम समझौते से दोनों देशों के बीच तनाव कम होने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स जून 2024 के बाद की सबसे बड़ी 2975.43 अंक अर्थात 3.74 प्रतिशत की तेजी के साथ पांच महीने के उच्चतम स्तर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,429.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 13 दिसंबर 2024 को यह 82,133.12 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 916.70 अंक यानी 3.82 प्रतिशत की छलांग लगाकर 24924.70 अंक हो गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 3.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ 43,731.60 अंक और स्मॉलकैप 4.18 प्रतिशत उछलकर 48,693.75 ● शेष पेज 11 पर

## विराट कोहली ने लिया टेस्ट क्रिकेट से संन्यास

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 14 साल तक लाल गेंद के खेल में अपना जलवा दिखाने के बाद अंततः सोमवार को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। अब केवल कोहली एकदिवसीय प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आयेंगे।

कोहली ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, ह्लटेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनने के 14 साल हो गए। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा। इसने मुझे परखा, गढ़ा। मैं इसे जिंदगी भर याद रखूंगा। उन्होंने कहा इस प्रारूप से दूर जाना आसान नहीं है, लेकिन यह सही लगता है। कोहली ने जून 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उनकी शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय टीम ने कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की और भारत को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुँचाया। उन्होंने कहा, मैंने इसमें अपना सबकुछ झोंक दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं अधिक लौटाया है। उन्होंने अपनी जर्सी का नंबर '269' लिखा और लिखा 'साइनिंग ऑफ'।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कोहली को धन्यवाद कहा। बोर्ड ने लिखा टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी। भारतीय टीम में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 30 शतक, 31 अर्धशतक और सात दोहरे शतक बनाये। उन्होंने 123 टेस्ट मैच की 210 पारियों में 46.85 की औसत से की मदद से 9230 रन बनाए। इस दौरान नाबाद 254 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा।

विस्तृत खबर पेज 10 पर

### आतंकवाद की कमर तोड़ने का ''योगी मॉडल'' पूरे देश में छाया, अन्य राज्यों ने भी अपनाया

## आठ सालों में 142 स्लीपिंग माड्यूल गिरफ्तार, एक आतंकी को ढेर किया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में न केवल अपराधियों की कमर तोड़कर रख दी बल्कि प्रदेश में आतंकवादी संगठनों के स्लीपिंग मॉड्यूल (सहयोगी) और असामाजिक तत्वों को पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिया है। इस दौरान योगी सरकार ने न सिर्फ आतंकियों के नेटवर्क को ध्वस्त किया बल्कि टेरर फंडिंग, धार्मिक उन्माद, फर्जी दस्तावेज, विदेशी घुसपैठ पर सर्जिकल स्ट्राइक की है। सीएम योगी की जीरो टॉलरेंस नीति का ही असर है कि आज उत्तर प्रदेश आतंकियों की पनाहगाह नहीं, बल्कि उनके खात्मे का मैदान बन चुका है। योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में जहां एक ओर 230 दुर्दांत अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया, वहीं दूसरी ओर आतंकवादी संगठनों के 142 स्लीपिंग मॉड्यूल को अरेस्ट किया है। इनमें प्रदेश में एक्टिव 131 स्लीपिंग मॉड्यूल आतंकवादी संगठनों को पनाह देने के साथ गोपनीय सूचनाएं पहुंचाते थे जबकि एक

- आईएसआईएस, अल-कायदा, आईएसआई, जमात-उल-मुजाहिदीन, पीएफआई, सिमी समेत करीब एक दर्जन आतंकवादी संगठन से जुड़े हुए थे स्लीपिंग मॉड्यूल
- एटीएस ने आतंकवादियों को पनाह और गोपनीय सूचनाएं देने वाले प्रदेश में एक्टिव 131 स्लीपिंग मॉड्यूल को किया अरेस्ट
- मुठभेड़ में एक आतंकवादी संगठन से जुड़े आतंकवादी को किया ढेर, आतंकवादियों को टेरर फंडिंग पर 11 स्लीपिंग मॉड्यूल भी दबोचे
- रोहिंग्या-बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण मॉड्यूल पर भी की ''सर्जिकल स्ट्राइक''
- राम मंदिर को लेकर धार्मिक उन्माद फैलाने और सड़क-जुलूस की साजिश पर भी हुआ करारा प्रहार

आतंकवादी को मुठभेड़ में मार गिराया। वहीं आतंकवादी संगठनों को टेरर फंडिंग करने वाले 11 स्लीपिंग मॉड्यूल को अरेस्ट कर सलाखों के पीछे धकेला है।

वर्ष 2017 में सूबे की कमान संभालते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध, अपराधियों, आतंकवादी संगठनों के स्लीपिंग मॉड्यूल, टेरर फंडिंग, विदेशी घुसपैठ पर करारा पहार करने के निर्देश दिये थे। उन्होंने कहा था कि उत्तर प्रदेश की धरती पर न तो आतंक और न ही देशविरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों को बर्दाश्त किया जाएगा। योगी सरकार की प्राथमिकता में शुरू से ही प्रदेश को सुरक्षा और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में रोल मॉडल बनाना रहा है। यही वजह है कि एटीएस (उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वायड) ने पूरे प्रदेश में अभियान चलाकर आतंकी संगठनों के स्लीपिंग माड्यूल पर कहर बरपाना शुरू कर दिया।



एटीएस ने आधुनिक उपकरणों और अपनी इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर आतंकवादी संगठनों के एक-एक स्लीपिंग मॉड्यूल को खोजना शुरू कर दिया। पिछले आठ वर्षों में एटीएस ने आतंकवादी संगठनों के 131 स्लीपिंग माड्यूल पर शिकंजा कसते हुए काल कोठरी के पीछे धकेला। यह आतंकवादी संगठन को पनाह देने के साथ गोपनीय सूचनाएं भेजते थे जबकि एक आतंकवादी को मुठभेड़ में ढेर किया।

आतंकवादी संगठनों के जिन स्लीपिंग मॉड्यूल को अरेस्ट किया गया, वह आईएसआईएस, AQIS, JMB, ABT, LeT, JeM, HM, IM-SIMI, नक्सल, पीएफआई, आईएसआई जैसे संगठनों से ताल्लुक रखते थे। बीते आठ वर्षों में प्रदेश में आतंकवाद के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई बताती है कि यूपी एटीएस ने संगठित आतंकवादी नेटवर्क को जड़ से उखाड़ने में किस तरह काम किया। इसके साथ ही एटीएस ने टेरर फंडिंग के खिलाफ भी पूरी ताकत से एक्शन लिया। पिछले आठ वर्षों में आतंकवादी संगठनों को टेरर फंडिंग करने वाले 11 स्लीपिंग मॉड्यूल को गिरफ्तार किया गया है, जो अवैध धन के माध्यम से आतंकी गतिविधियों को पोषित करने में लिप्त थे। इसके अतिरिक्त भारतीय जाली मुद्रा के मामलों में 41 गिरफ्तारियां की गयी और 47.03 लाख रुपये की नकली मुद्रा बरामद की गई है। वहीं, अयोध्या में राम मंदिर को लेकर धार्मिक उन्माद फैलाने या सड़क-जुलूस की साजिश में लिप्त ● शेष पेज 11 पर

# एक ही परिवार के चार लोगों की मौत में क्षेत्र में सनसनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत साहबखेड़ा गांव में सोमवार सुबह एक हृदय विदारक घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। सुबह करीब 7 बजे संदीप पुत्र उमेश चंद्र यादव ने थाना अचलगंज को सूचना दी कि उसके भाई अमित (35 वर्ष) ने अपने घर के बरामदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। साथ ही घर के अंदर कमरे में अमित की प'ी गीता (30 वर्ष), और दो बेटियां खुशी (10 वर्ष) तथा निधि (6 वर्ष) बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ी मिलीं।मौके पर पहुंची थाना अचलगंज पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज रही है पुलिस के अनुसार, महिला और दोनों बच्चियों के शरीर पर कोई स्पष्ट बाहरी चोट के निशान नहीं हैं, जिससे प्रथम दृष्टया गला दबाकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं, अमित का शव बरामदे में रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला है।पुलिस की प्राथमिक जांच के अनुसार, यह संदेह जताया जा रहा है कि अमित ने पहले अपनी प'ी और बेटियों की हत्या की और फिर खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। इस घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई और लोग स्तब्ध होकर इस दर्दनाक घटना को लेकर चर्चा करने लगे। कुछ ग्रामीणों ने पारिवारिक विवाद को इस त्रासदी का कारण बताया है। हालांकि पुलिस अभी हर एंगल से जांच कर रही है और किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।आपको बताते चलें कि घटनास्थल पर निरीक्षण कर रहे इंस्पेक्टर राजेश पाठक ने बताया कि, फॉरेंसिक टीम और पुलिस ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं। परिवार के लोगों से पूछताछ की जा रही है। चार लोगों की एक साथ मौत सामान्य नहीं है, इसलिए हर दृष्टिकोण से गहन जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि गीता और बच्चियों के शरीर पर संघर्ष या प्रतिरोध के कोई खास निशान नहीं पाए गए हैं, लेकिन मौत का तरीका जानने के लिए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।परिजनों और गांव वालों का कहना है कि अमित कुछ समय से मानसिक तनाव में था। उसकी आर्थिक स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं थी, जिससे परिवार पर दबाव बढ़ता जा रहा था। वहीं कुछ लोगों ने यह भी बताया कि पति-प'ी के बीच हाल के दिनों में कुछ कहासुनी होती रहती थी, लेकिन कोई यह कल्पना नहीं कर सकता था कि बात इतनी बढ़ जाएगी।फिलहाल, पुलिस ने घर से मिले दस्तावेजों, मोबाइल फोन और अन्य संभावित साक्ष्यों को अपने कब्जे में ले लिया है।

अमित के छोटे भाई संदीप और अन्य रिश्तेदारों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे की असली वजह सामने आ सके।जांच पूरी होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि घटना आत्महत्या है, या फिर हत्या के बाद आत्महत्या का मामला। पुलिस का कहना है कि वह जल्द ही मामले का खुलासा करेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी यदि कोई तीसरा पक्ष इसमें शामिल पाया जाता है।इस हृदय विदारक घटना से पूरे साहबखेड़ा गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों की आंखें नम हैं और लोग एक ही बात कह रहे हैं ''ऐसा किसी के साथ न हो।'' प्रशासन की ओर से भी पीड़ित परिवार को मदद देने के संकेत दिए गए हैं। जिले के उच्चाधिकारी मामले पर नजर बनाए हुए हैं।

# सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता




उन्नाव। समाजवादी पार्टी कार्यालय में सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव के नेतृत्व में भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। सभी ने भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करके शत शत नमन किया।इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने भगवान बुद्ध के जीवन व उपदेशो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान बुद्ध की कुछ विचारो में ये था कि जीवन को सही ढंग से समझना त्याग, करुणा, और गैर-हिंसा की भावना रखना।सत्य बोलना, झूठ नहीं बोलना, कठोर बातें नहीं कहना।दुसरे का किसी भी प्रकार का नुकसान न करना, केवल अच्छे कार्य करना।ऐसी आजीविका चुनना जो दूसरों को नुकसान न करे।भगवान बुद्ध ये भी सिखाया करते थे कि बुरे कर्मों को रोकना और अच्छे कर्मों को करना।मन को एकाग्र करना और ध्यान लगाना।ध्यान और एकाग्रता की स्थिति में रहना।सत्य बोलना और झूठ नहीं बोलना।चोरी नहीं करना।बुद्ध ने ये भी बताया था किआत्मज्ञान प्राप्ति के लिए ध्यान और साधना जरूरी है। सच्ची स्वतंत्रता मानसिक शांति में है।हर चीज अस्थायी है, इसे समझें।आत्म-निर्भर बनें।मोह-माया से दूर रहें।संसार में संतुलन और मध्य मार्ग अपनाएं।नफरत को नफरत से नहीं, केवल प्रेम से ही समाप्त किया जा सकता है।जीवन में शांति और खुशी के लिए क्रोध और नफरत को छोड़ना देना चाहिए।जो आप करते हैं, वही आपके जीवन का असली उद्देश्य बनता है।हम जैसा सोचते हैं, वैसा ही बन जाते हैं।श्री यादव ने कहा कि हम सबको इन विचारों से सीख लेकर अपने जीवन को सुन्दर बनाना चाहिए।भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़ी बातों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।इस मौके पर उपाध्यक्ष शिवशंकर गौतम ,उपाध्यक्ष राजेश कुमार साधु यादव, उपाध्यक्ष हाजी सैय्द इरफान, रामकुमार पूर्व विधायक अन्य लोग मौजूद थे।

## बेहोशी की हालत में मिला महसी का युवक

जरवल बहराइच। जरवलरोड थानाक्षेत्र के फत्तेपुर बिषैंधा गांव के पास एक युवक बेहोशी की हालत में सडक किनारे पडा रहा। स्थानीय लोगों की सूचना पर जरवल चौकी पुलिस ने बेहोशी की हालत में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया। युवक की पहचान मंजीत कुमार (32) पुत्र संतराम निवासी पारा बकैना बाजार महसी के रुप में हुई है।पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजन युवक को अपने साथ ले गए हैं।

## चोरी के माल समेत चार गिरफ्तार

गोरखपुर। अलमारी का ताला खोलकर सोने के जेवरों और नगदी की चोरी करने वाले चार अभियुक्तों को एम्स पुलिस ने गिरफ्तार किया है।बता दें कि एम्स थाना क्षेत्र में विगत 3 मई को 3 बाइक पर सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे आभूषण के साथ ही लाखो रुपये नगदी चोरी करने की घटना को अंजाम दिया गया था।पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त अनुराग राय,राज राय,विश्व बंधु और दीपक कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर चोरी किए हुए सोने के सामानों के साथ लाखो रुपये नगदी और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया है। सोमवार दोपहर पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस में प्रेस वार्ता कर एसपी सिटी ने मामले को लेकर दी जानकारी।

## उन्नाव जीआरपी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी सातिर चोर गिरफ्तार




उन्नाव । जीआरपी पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन व ट्रेन में यात्री के मोबाइल, पर्स व अन्य सामान की चोरी करने वाला एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी का मोबाइल व नगदी बरामद यह अभियान अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, रेलवे लखनऊ श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक रेलवे, लखनऊ रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया, ट्रेनो में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब की तस्करी व चोरी की घटनाओं के रोकथाम व बरामदगी के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे हृषीकेश यादव के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जी0आर0पी0 उन्नाव अरविन्द कुमार पाण्डेय के कुशल पर्यवेक्षण में उ0नि0 राममोहन मय उ0नि अनिल यादव मय हमराह हे0का0 असमोद कुमार , का0 बृजेश कुमार यादवके साथ प्लेटफार्म चेकिंग, सदिग्ध व्यक्ति/वस्तु, देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम, चेकिंग करते हुए रेलवे स्टेशन कानपुर बाया किनारा के प्लेटफार्म नम्बर एक पर मामूर थे कि एक नफर अभियुक्त शमीम पुत्र दिलदार उर्फ बऊआ निवासी मिश्रा कॉलोनी ढाल वाली गली गोताख़ोर मोहल्ला थाना गंगाघाट उन्नाव उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 011 /25 धारा 302 ( 2 ) बीएनएस से सम्बन्धित 01 अदद मोबाइल [illegible] कम्पनी का बा रंग लाइट ग्रीन एन्ड्रायड फोन जिसका आईएमईआई नं0 868677060999915 व 868677061025926 व थाना स्थानीय के सम्बन्धित मु0अ0सं0- 03/25 धारा-305 (3) उ.ग.[illegible], से सम्बन्धित 2000 रूपये बरामद कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया ।

## के विक्रम राव का निधन पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति : अनीस मंसूरी

लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने वरिष्ठ पत्रकार के विक्रम राव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राव एक निर्भीक, निष्पक्ष और जन पक्षधर पत्रकार थे, जिनका जाना पत्रकारिता और समाज दोनों के लिए एक गहरी क्षति है। श्री मंसूरी ने अपने शोक संदेश में कहा, ''श्री के विक्रम राव जैसी संवेदनशील सोच और सच्चाई के प्रति निष्ठा रखने वाली पत्रकारिता आज दुर्लभ होती जा रही है। उनका जीवन साहस और सत्य की मिसाल था।'' उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति और शोकसंतप्त परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

# ऑटो और बाइक में जोरदार टक्कर बाइक सवार की मौत, सात घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



घुघली, महराजगंज। थाना क्षेत्र के रामपुर बल्डीहा मोड़ तिराहा के समीप सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे एक ऑटो और बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि ऑटो में सवार छह लोग और बाइक पर सवार एक अन्य युवक घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, अहिरौली निवासी 30 वर्षीय विजय मद्धेशिया पुत्र बनारसी मद्धेशिया अपने 16 वर्षीय साथी शेखर पुत्र राजकुमार के साथ बाइक से घुघली से पुरैना की ओर जा रहे थे। रास्ते में सामने से आ रहे ऑटो से उनकी बाइक की जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार विजय और शेखर गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं ऑटो में बैठे छह अन्य लोग भी चोटिल हो गए।स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) घुघली पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने विजय मद्धेशिया की हालत नाजुक देख उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान विजय की मृत्यु हो गई। बाकी सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।घायल ऑटो सवारों में दुर्गेश यादव (42), रामअधार (65), संगीता (40), कुलदीप (22), सुशीला (45), काजल (26) और निकिता (21) शामिल हैं, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं।सीएचसी प्रभारी डॉ. अमित विक्रम सिंह ने बताया कि सातों घायलों को हल्की चोटें लगी थीं, जिनका मौके पर ही इलाज कर छुट्टी दे दी गई। वहीं घुघली थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि मृतक विजय मद्धेशिया के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल इस मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# वरिष्ठ पत्रकार के. विक्रम राव का निधन

### पत्रकारिता जगत की अपूर्णीय क्षतिः आलोक त्रिपाठी

### लखनऊ जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ने गहरा दुःख व्यक्त किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । देश के प्रतिष्ठित वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फ़ेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स ([illegible]) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. विक्रम राव के निधन पर लखनऊ जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं उ. प्र. मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के कोषाध्यक्ष आलोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि डॉ. राव पत्रकारिता के क्षेत्र में दशकों से सक्रिय थे। उनका पूरा जीवन संघर्षशील पत्रकारिता, सिद्धांतनिष्ठ विचारों और निर्भीक लेखनी का पर्याय रहा। उन्होने कहा कि विक्रम राव जी के स्थान की पूर्ति नहीं हो सकती है। एलजेए के उपाध्यक्ष मो. इनाम खान, महामंत्री विजय आनंद वर्मा, कोषाध्यक्ष संजय पाण्डेय, मंत्री त्रिनाथ शर्मा एवं एलजेए महिला इकाई की अध्यक्ष डॉ. वंदना अवस्थी, विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ गीता, संगठन मंत्री मोहम्मद फहीम, मीडिया प्रभारी रवि शर्मा, सदस्य डॉ. अर्चना छाबड़ा ने भी श्री राव के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए इसे पत्रकारिता जगत की अपूर्णीय बताया है।

# पुलिस अधीक्षक का लंगड़ा अभियान जारी मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

### उन्नाव में दंपती से की थी लूट, तमंचा दिखाकर छीना था जेवर और कैश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में दंपती से लूट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। स्वाट टीम, सर्विलांस सेल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में लुटेरों को समदपुर-भावा मार्ग के पास से पकड़ा गया। तीन दिन पहले हसनगंज के गंज गांव निवासी बबलू अपनी पत्नी ममता और छोटी बेटी के साथ बारात में जा रहे थे। बहरौली जहांनपुर गांव के पास वन विभाग के जंगल में दो अपाचे बाइक पर सवार चार नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने तमंचे के बल पर दंपती से सोने के जेवरात और कीमती सामान लूट लिया। बता दे कि पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने कई टीमें गठित कीं। सीसीटीवी फुटेज की जांच और मुखबिर की सूचना से पुलिस ने आरोपियों का पता लगाया। गिरफ्तारी के दौरान दो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरिफ और इब्राहिम बाबा के पैर में गोली लगी। दोनों को अस्पताल भेजा गया। वाशिम और विकास को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपियों से लूट के जेवरात, दो तमंचे, कारतूस और दो अपाचे बाइक बरामद की हैं। पूछताछ में चारों ने वारदात कबूल की है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और सरगना की तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर संदीप शुक्ला ने बताया कि मुठभेड़ में घायल बदमाशों का इलाज कराया जा रहा है और आगे की पूछताछ जारी है। उन्होंने कहा कि यह पुलिस की बड़ी कामयाबी है और जल्द ही गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को डिप्टी सीएम ने किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव। क्षेत्र के सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो की छात्रा यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान तथा जनपद में भी दूसरा स्थान हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम जहां पूरे प्रदेश में रोशन किया है, वहीं छात्रा की इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को सायं 4 बजे के करीब प्रयागराज के सर्किट हाउस में छात्रा को अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। ज्ञातव्य हो कि इंटरमीडिएट की छात्रा शिवानी सिंह कुशवाहा पुत्री संतोष कुमार कुशवाहा ने इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। जिस पर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने छात्रा को पुरस्कृत कर उसकी हौसला अफजाई की है। छात्रा को सम्मानित करने के दौरान पिता संतोष कुमार कुशवाहा व युवा नेता सूर्यमणि कुशवाहा भी मौजूद रहे।

# 'करूणा की प्रतीक हमारी नर्से, हमारा गर्व' : डॉ. संतोष सेबास्टियन

### अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस'' समारोह के अवसर पर फॉ. डॉ. संतोष सेबास्टियन ने व्यक्त किया विचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। फातिमा अस्पताल, पादरी बाजार, गोरखपुर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस समारोह आज दिनांक 12 मई 2025, दिन सोमवार को प्रातः 8:00 बजे मनाया गया। फातिमा अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नर्सिंग स्टाफ के योगदान को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के निदेशक आदरणीय फा0 डॉ. संतोष सेबास्टियन ने नर्सों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि, नर्से सिर्फ एक पेशेवर नही होती वे मानवता की असली प्रतिनिधि होती हैं। उनके हाथों में करुणा है, व्यवहार में धैर्य है और दिल में हर मरीज के लिए अपनापन। जब भी कोई जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष करता है, तो एक नर्स निस्वार्थ भाव से उसकी सेवा में खड़ी होती है। हमारी नर्से न केवल चिकित्सा प्रक्रिया का एक अहम हिस्सा हैं, बल्कि मरीजों के मानसिक और भावनात्मक संबल का भी आधार हैं। आज नर्सेस डे पर हम उन्हें सिर्फ धन्यवाद नहीं, बल्कि दिल से सलाम करते हैं वे हमारे अस्पताल की रीढ़ हैं और हमारा गर्व भी। उन्होने आगे कहा कि उनका सेवा भाव और समर्पण प्रशंसनीय है।

इस आयोजन का उद्देश्य उनकी मेहनत और मानवता के प्रति उनके योगदान को सम्मानित करना हैं।समारोह का प्रारंभ प्रातः दैनिक प्रार्थना से हुआ। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर अस्पताल द्वारा पिछले कई दिनों से सभी नर्सों के लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रमों जैसे रंगोली प्रतियोगिता, गायन, नृत्य, पोस्टर मेकिंग तथा हेल्दी ड्रिंक प्रतियोगिता आयोजित की गयी है जिसमें नर्सिंग स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति में केक कटिंग और बेस्ट नर्स अवॉर्ड का वितरण भी शामिल रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले नर्सों को पुरस्कार अस्पताल के फा0 डॉ. संतोष सेबास्टियन, निदेशक, फादर विलसन एसोसिएट निदेशक, डॉ0 विनय सिन्हा चिकित्सा अधीक्षक एवं सिस्टर लता एम.एस. जे. प्रशासिका द्वारा दे कर सम्मानित किया गया। साथ ही बेस्ट नर्स अवॉर्ड उन नर्सों को प्रदान किया गया जिन्होंने पिछले वर्ष अपने कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिया। इसके साथ ही प्रशासिका द्वारा अस्पताल के समस्त नर्सों को नर्सिंग शपथ दिलाया गया। नर्सिंग अधीक्षक श्रीमती लिलि प्रतिमा द्वारा धन्यवाद का ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में अस्पताल के एसोसिएट निदेशक फा0 विलसन, सिस्टर रम्या, सिस्टर नव्या, श्री देवेश पाण्डेय एच.आर., समस्त विभागों के प्रमुख के साथ सभी स्टाफ, नर्सिंग छात्र एवं छात्रायें उपस्थित रहें।1995 में स्थापित फातिमा अस्पताल की सेवाएं प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना ([illegible]), भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना ([illegible]), पूर्वातर रेलवे, एच.ए.एल, एन.टी.पी.सी., भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ([illegible]), गोरखपुर, एस.बी.आई ([illegible]), फ्यूचर जनरली हेल्थ इंश्योरेंस एवं मा0 मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष, उत्तर प्रदेश आदि से इम्पैनलमेंट है तथा 24 घंटे इंमरजेंसी सेवा, ब्लड बैंक, डायलिसिस, फार्मेसी एवं एम्बुलेन्स सेवा उपलब्ध है।

## कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन का निशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित




उन्नाव। कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन विगत कई वर्षों से उन्नाव जनपद में सामाजिक कार्य कर रही सामाजिक संस्था कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन के माध्यम में आज जरूरतमंदों में 134 वा निशुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम उन्नाव रेलवे स्टेशन पर संपन्न करवाया गया, आज का कार्यक्रम एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने के पुलिस अधिकारियों ने संस्था के साथ मिलकर पूर्ण करवाया, इस कार्य के लिए थाने की संपूर्ण टीम ने संस्था में आर्थिक सहयोग देकर और सेवा में उपस्थिति देकर सेवा करने के साथ साथ समाज को जागरूक करने का भी कार्य किया, स्थल पर उपस्थिति सैकड़ों लोगों को थाने के सब इंस्पेक्टर शैलेश यादव ने बताया हमारा विभाग बाल श्रम को रोकने,बाल विवाह रोकने जैसे अन्य कई विभागीय कार्य करता आया है इस कार्य को करते हुए उन्होंने कई लोगों पर भी मुकदमा पंजीकृत करवाया जो बच्चों को उनका बचपन छीन कर बाल श्रम करवा रहे थे , संस्था के अध्यक्ष चेतन मिश्रा द्वारा जब पूछा गया क्या संस्था भी इस पुनीत कार्य में सहयोगी बन सकती है, तब शैलेश ने जवाब दिया हां बिल्कुल यदि कोई रेस्टोरेंट ,होटल या अन्य जगह बाल श्रम होता दिखे तो आप हमें सूचना दें हम तत्काल पहुंच कर उसको रोकेंगे एवं उचित कार्यवाही भी करेंगे।

# धरने पर बैठे लोगों को पुलिस ने उठाया गांव को पुलिस ने बनाया छावनी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडाःजिले के सदर तहसील क्षेत्र में आज सिंचाई विभाग ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।सालपुर, जोगिया और धौतल गांव में नहर खुदाई के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।नगर कोतवाली, देहात कोतवाली,धानेपुर और इटियाथोक समेत कई थानों की पुलिस मौजूद रही।पुलिस की निगरा नी में जेसीबी से सड़क तोड़कर बाईपास बनाया जा रहा है।तीनों गांवों में करीब एक किलोमीटर नहर की खुदाई की जानी है।पिछले पांच वर्षो से मुआवजे की मांग को लेकर तीनों गांव के लोग धरने पर बैठे थे,पुलिस ने धरने पर बैठे लोगों को लाठी डंडा पटक हटा दिया।नहर के रास्ते में आ रहे एक मकान को भी गिराने की तैयारी की जा रही है।पुलिस प्रभावित परिवार को अपने साथ ले गई है ग्रामीणों का कहना है कि बिना मुआवजा दिए नहर की पटरी बनाई जा रही है विरोध प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कि या गया है।वही ग्रामीण कुछ बोलने को तैयार नहीं यह कदम खुदाई के दौरान किसी भी तरह की बा धा को रोकने के लिए उठाया गया है।भारी संख्या में पुलिस की मौजूदगी के चलते ग्रामीण कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

# आरएसएस का एक भी आदमी स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल नहीं था : एम के सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




## जंगे आज़ादी में मुस्लिम क्रांतिकारियों का बलिदान पुस्तक पर हुई चर्चा

लखनऊ। मौजूदा सांप्रदायिक माहौल में मुस्लिम क्रांतिकारीयों के योगदान को सामने लाना देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए बहुत ज़रूरी है। मृदुल कुमार सिंह ने 'जंगे आज़ादी में मुस्लिम क्रांतिकारीयों का बलिदान' किताब लिखकर इस ज़रूरी काम को किया है। ये बातें पूर्व शिक्षा मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ मसूद अहमद ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित पुस्तक पर चर्चा गोष्ठी में कही। पुस्तक के लेखक मृदुल कुमार सिंह ने कहा कि मुस्लिम समाज के खिलाफ आरएसएस द्वारा फैलाए गए नैरेटिव का मुकाबला करने के लिए ज़रूरी है कि युवा पीढी को यह बताया जाए कि देश के मुस्लिमों ने अन्य धर्मों के लोगों के साथ मिलकर देश की आज़ादी के लिए संघर्ष किया था। जबकि आरएसएस और हिंदुत्ववादी संगठनों से जुड़े किसी भी व्यक्ति ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा नहीं लिया था। गोष्ठी की अध्यक्षता कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने किया। ओबीसी कांग्रेस के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने इस पुस्तक को आरएसएस द्वारा दिग्भ्रमित युवाओं तक पहुंचाने पर ज़ोर दिया। कांग्रेस शहर अध्यक्ष डॉ शहज़ाद आलम ने कहा कि किताब में उतर प्रदेश से काला पानी की सज़ा पाए डेढ़ सौ से ज़्यादा मुस्लिम क्रांतिकारीयों की सूची बहुत अहम है।

अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शमीम खान ने पुस्तक की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि आरएसएस की विभाजनकारी राजनीति का तथ्यों के साथ खंडन करने के लिए यह पुस्तक बहुत उपयोगी है। अल्पसंख्यक कांग्रेस के निवर्तमान महासचिव मुहम्मद उमैर और वरिष्ठ नेता विजय बहादुर यादव ने कहा कि मुस्लिम विरोधी सांप्रदायिक दुष्प्रचार को यह पुस्तक खारिज करती है। इसलिए इसे स्कूल के छात्रों तक ले जाना चाहिए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता नावेद नक़वी और हम्माम वहीद ने कहा कि पुस्तक में वर्णित क्रांतिकारीयों के नाम पर सड़क और पार्कों के नाम रखने की मांग सरकार से करनी चाहिए। कांग्रेस के प्रवक्ता अलीमुल्ला खान और वरिष्ठ नेता नसीम खान ने लेखक के प्रयास की सराहना की। संचालन अल्पसंख्यक कांग्रेस के निवर्तमान प्रदेश महासचिव शमसुल हसन ने किया। गोष्ठी में नोमान अहमद, रामचंद्र राम, शबाब रज़ा, इरफानुल्ला, अजय वर्मा, शमशेर अली, काशिफ सिद्दीक़ी, मोहम्मद जाहिद आदि मौजूद थे।

# कसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए होगा 12 फीसदी ज्यादा उत्पादन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । प्रदेश में किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने खरीफ फसलों के उत्पादन की नई रणनीति अपनाई है। सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को इस संबंध में कृषि विभाग के प्रमुख सचिव रविन्द्र की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। खाद्यान्न और तिलहनी फसलों की पैदावार में 12 फीसदी की वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही जल संरक्षण के लिए 8500 लघु खेत तालाब (फार्म पॉण्ड) बनाए जाएंगे। खरीफ 2024 के अंतर्गत प्रदेश में खाद्यान्न और तिलहनी फसलों का कुल उत्पादन 260 लाख मीट्रिक टन हुआ है। अब सरकार ने इसे बढ़ाकर 293 लाख मीट्रिक टन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य 33 लाख मीट्रिक टन अतिरिक्त उत्पादन के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। उत्पादन के लिहाज से मक्का और क्षेत्रफल के हिसाब से धान की पैदावार बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार ने खरीफ अभियान के तहत फसलों की बुवाई, देखरेख और सिंचाई के लिए रणनीति में परिवर्तन किया है। मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसानों को उन्नत बीज, समय पर खाद और सिंचाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अलावा कृषि अधिकारियों की निगरानी में किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। जल संकट से निपटने और सिंचाई के लिए वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खेत तालाब योजना को प्रदेशभर में लागू किया जा रहा है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में बुन्देलखण्ड सहित समस्त जिलों (गौतमबुद्ध नगर को छोड़कर) में 31 मार्च 2025 तक 2033 खेत तालाबों का निर्माण कराया गया है। वर्ष 2025-26 में योजना को त्वरित गति से बढ़ाया जाएगा। इस दौरान 8499 लघु खेत तालाबों (फार्म पॉण्ड) के निर्माण का कार्य प्रस्तावित है। लाभार्थी किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण के माध्यम से योजना से जोड़ा जाएगा, ताकि उन्हें अधिक पारदर्शिता के साथ योजना का लाभ मिल सके। लघु खेत तालाब या फार्म पॉण्ड एक छोटा जलाशय होता है जो वर्षा जल को संग्रहित करने के लिए बनाया जाता है। इसका उपयोग न केवल फसलों की सिंचाई में होता है, बल्कि पशुधन को पानी देने और मछली पालन के लिए भी किया जाता है।

# यूपी में मंडल गठन की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करेगी भाजपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में सशक्त मंडल गठन की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करेगी। मंडल कार्यसमिति के गठन में अनुशासित, परिश्रमी एवं निष्ठावान कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण स्थान दिया जायेगा। इसके साथ ही महिला, अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जायेगा। मंडलों में 61 सदस्यीय कार्यसमिति का गठन किया जाएगा। जिसमें 15 कार्यसमिति के पदाधिकारी होंगे तथा शेष कार्यसमिति के सदस्य होंगे।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सोमवार को शान्तिदीप गार्डन में पश्चिम क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों के साथ मंडल कार्यसमिति गठन को लेकर चर्चा की। इससे पहले अवध क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों के साथ अयोध्या में बैठक हो चुकी है।

बैठक में धर्मपाल सिंह ने कहा कि मंडल ही संगठनात्मक कार्यक्रमों, अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमुख केन्द्र है। इसके साथ ही चुनावी गतिविधियों के संचालन की धुरी भी है। प्रभावी मंडल कार्यसमिति से संगठन के उद्देश्य पूर्ण होते हैं। जो संगठन की विचारधारा तथा भाजपा सरकार की नीतियों व योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनता है। उन्होंने कहा कि प्रभावी तथा मजबूत मंडल की संरचना से मजबूत शक्ति केन्द्र की संरचना तैयार होती है। जिससे मजबूत बूथ की संरचना तैयार होकर भाजपा की विजय का आधार बनती है। उन्होंने कहा कि मंडल में कार्यक्रमों एवं अभियानों के प्रभावी रूप से संचालन के लिए पार्टी के पुराने नेताओं तथा प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ सतत सम्पर्क व संवाद होना चाहिए। इसके साथ ही मंडल के कार्यक्रमों में सभी की भागीदारी व जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष प्रत्येक माह मंडल कार्यसमिति की बैठक सुनिश्चित करने के साथ अपने प्रवास सहित सभी कार्यक्रमों एवं कार्यों की डायरी मेन्टेन करने का स्वभाव निर्मित करें।

# राजकीय नर्सेज संघ केजीएमयू ने नर्सेज दिवस पर किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प





कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, । राजकीय नर्सेज संघ केजीएमयू ने मैट्रन कार्यालय पर फ्लोरेंस नाइटिंगल की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर नर्सेज दिवस मनाया। सहायक नर्सिंग अधीक्षिका सुशीला वर्मा, शकुंतला देवी, हुश्ना खातून, सुनीता चौधरी मंजीत कौर, सत्येंद्र कुमार, रेणु पटेल ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर दस सहायक नर्सिंग अधीक्षिकाओं और सिस्टर को सम्मानित किया गया। सभी नर्सेज ने फ्लोरेंस नाइटिंगल शपथ लेते हुए सदैव सेवा समर्पण और निष्ठा की भावना से मरीजों की निःस्वार्थ सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर नर्सेज ने रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में 12 पौधें रोपित कर मरीजों की सेवा के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सूर्यकांत विभागाध्यक्ष रेस्पिरेटरी मेडिसिन ने नर्सेज की सेवा भावना की सराहना करते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण में पेड़ पौधों की महत्ता के बारे में जागरूक किया। वहीं इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।

# शौर्य डोभाल को अपने पाकिस्तानी बिज़नेस पार्टनर से अलग हो जाना चाहिये : शाहनवाज़ आलम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 194 वीं कड़ी में बोले कांग्रेस नेता

लखनऊ। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मिलिट्री ऑपरेशन के बाद एनएसए अजीत डोभाल के बेटे शौर्य डोभाल को अपने पाकिस्तानी बिजनेस पार्टनर सैयद अली अब्बास से अलग हो जाना चाहिए। वहीं, पीएम मोदी के मित्र और रिलायन्स इंटरटेनमेंट के मालिक मुकेश अंबानी को भी 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम का पेटेंट का आवेदन नहीं करना चाहिए था। यह समय मुनाफ़ा कमाने के बजाए चरमपंथ और हिंसा से पीड़ित लोगों के साथ खड़े होने का है। ये बातें कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज़ आलम ने साप्ताहिक स्पीक अप कार्यक्रम की 194 वीं कड़ी में कहीं।

शाहनवाज़ आलम ने कहा कि पीएम मोदी को नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी की बात मान कर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और उनको ख़ुद देश के सामने पहलगाम और उसके बाद की घटनाओं पर पूरी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीज़ फ़ायर में अमेरिका की भूमिका सामने आना भारत की संप्रभुता के लिए शर्मनाक है।इसीलिए आज लोग पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गाँधी के शौर्य को याद कर रहे हैं जो अमरीकी राष्ट्रपति के पाकिस्तान के समर्थन में सातवां बेड़ा भेजने की धमकी के आगे नहीं झुकी थीं और अपने बल पर युद्ध के अंजाम को भारत के पक्ष में कर दिया था। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा किसी भी युद्ध स्थिति को संभाल पाने की क्षमता नहीं रखती और भारत की एकता और आखंडता सिर्फ़ कांग्रेस की सरकारों में ही सुरक्षित रहती है। शाहनवाज़ आलम ने कहा कि यह भी शर्म की बात है कि सरकार समर्थित मीडिया ने सैन्य कार्रवाई को लेकर अफवाहें फैलायी जिसका खंडन ख़ुद सेना को करना पड़ा। इससे पहले कभी भी सेना को ऐसा नहीं करना पड़ा था।

# सपा ने बुद्ध, फुले व अंबेडकर को अपमानित करने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ा: लालजी प्रसाद निर्मल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने महात्मा बुद्ध, फुले और अंबेडकर को अपमानित करने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ा।

भगवान बुद्ध की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि आज के इस दौर में भी बुद्ध, फुले और बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलकर ही एक विकसित समाज स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि धर्म और जाति से हटकर हमेशा मानव कल्याण की बात करने वाले इन महापुरुषों का सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हमेशा अपमान किया है। डॉ. निर्मल ने आंबेडकर महासभा में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि अखिलेश ने तो अपने शासनकाल में इन महापुरुषों का इतिहास मिटाने की कोशिश की और भगवान बुद्ध की मां के नाम से बनाया गया जिला महामाया नगर के साथ पंचशील नगर जिले का नाम बदल दिया। महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम से बने जिले का नाम भी बदल दिया। अखिलेश यादव संविधान की रक्षा की बात करते हैं और खुद को डॉ अंबेडकर के समकक्ष खड़ा करके बाबा साहब और उनके मानने वाले करोड़ों अनुयायियों का अपमान करने से परहेज नहीं करते। दलित और पिछड़ा समाज सपा प्रमुख के इस छद्म प्रेम को समझ चुका है अब वह उनके बहकावे में कभी नहीं आएगा। कार्यक्रम को महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सरोज, अमरनाथ प्रजापति, डा. सत्या दोहरे, जयशंकर सहाय, रचना चंद्रा , विनोद खरवार, पी सी चौधरी ,रामधर राकेश और बौद्ध भिक्खू प्रज्ञासार आदि ने सम्बोधित किया ।

## सेंट्रल बार एसोसिएशन के निर्वाचित अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल का हुआ भव्य स्वागत



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री और वरिष्ठ अधिवक्ता इंतजार अब्दी बॉबी ने अपने गोलागंज स्थित आवास पर सेंट्रल बार एसोसिएशन लखनऊ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल का भव्य स्वागत किया। अंग वस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया गया।

## शराब ठेके के सेल्समैन की करंट लगने से दर्दनाक मौत

बंथरा,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । कस्बे के हनुमान मंदिर स्थित देशी शराब ठेके के सेल्समैन की सोमवार सुबह करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। बताते हैं कि दुकान ऋषि प्रताप सिंह के नाम है दुकान में उन्नाव जिले के अजगैन थाना अंतर्गत पंकज सेल्समैन के रूप में काम करता था। पंकज सुबह जब नहाने के बाद दुकान जाने लगा इसी दौरान दुकान के बाहर लगे टीन सेड के पाइप से वह टच हो गया और पाइप में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर उसकी वहीं मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची बंथरा पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## लखनऊ सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के मस्तेमऊ गांव के एक घर से चोर पायल मोबाइल व नगदी चोरी कर ले गए।

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मस्तेमऊ की रहने वाली सर्वेश्वरी पत्नी पप्पू के अनुसार रविवार की सुबह लगभग 4 बजे उनकी बेटी राधा सो रही थी तभी उसको लगा की कोई उसके पैर से पायल निकाल रहा है।तब तक चोर ने एक पैर की पायल खोल ली थी और वह दूसरे पैर की पायल खोल रहा था तभी उनकी बेटी की आँख खुल गयी।इस पर वह चोर एक पैर की पायल लेकर भाग गया।इसके बाद बेटी ने सबको उठाया और पूरी बात बताई।पीड़िता ने जब देखा तो घर में रखेब 10 हजार रु नगद व मोबाइल भी गायब था।पीड़िता ने घर के पास एक घर में लगा सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो उसे पता चला कि गांव के ही दो लोग चोरी करने आये थे।जिसमें से अभिषेक ने पायल निकाली थी जबकि उसके साथ आया अरविन्द बाहर खड़ा था।पीड़िता ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस से की है जिसपर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आरोपितों की तलाश कर रही है।

## रकाबगंज व्यापार मण्डल का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोमवार को लखनऊ व्यापार मण्डल इकाई लखनऊ मशकगंज रकाबगंज व्यापार मण्डल का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विशिष्ट अतिथि लखनऊ व्यापार मण्डल के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं अध्यक्षता लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने की। अध्यक्ष संजय रस्तोगी, वरिष्ठ महामंत्री रोशन कश्यप, कोषाध्यक्ष गुड्डू पाल के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्षित गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता, महामंत्री रिजवान खान, बबलू गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, अभिषेक रस्तोगी, वरिष्ठ मंत्री श्यामू निगम, मीडिया प्रभारी गणेश राठौर, संयुक्त मंत्री मनू हुसैन, प्रचार मंत्री समीर गुप्ता संगठन मंत्री अभिषेक रस्तोगी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।

## गोसाईगंज के सदरपुर करोरा में आयोजित

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । गोसाईगंज के सदरपुर करोरा में आयोजित शादी समारोह में खाना खाने के दौरान हो मारपीट हो गई । ग्राम बीबीपुर थाना गोसाईगंज के रहने वाले जगमोहन के अनुसार सदरपुर करोरा नगर पंचायत गोसाईगंज के रहने वाले दुर्गा प्रसाद के लडके की शादी थी जिसमे लडकी पक्ष के लोग 11 अप्रैल को लड़की लेकर (पैपूँजी) शादी करने आया था जहां रात लगभग 11.30 बजे खाना खाने व खिलाने को लेकर विवाद हो गया।जिसको लेकर दुर्गा प्रसाद व लडके पक्ष के 4 अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने कैलाश राजकुमार श्यामू आशीष सोनू निवासीगण बीबीपुर को गन्दी गन्दी गालिया देतु हए लात घूंसे डंडे आदि से दौडा दौडा कर बुरी तरह से मारा पीटा और जान से मार देने की धमकी दी।पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत पुलिस से की है जिसपर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## भूपेन्द्र चौधरी ने के. विक्रम राव के निधन पर जताया शोक, अंतिम संस्कार कल

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने देश के वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फ़ेडरशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. विक्रम राव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने तथा शोक संतप्त परिजनों व उनके समर्थकों को विपदा की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना के साथ कहा कि डॉ. के. विक्रम राव का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मेरी विनम्र संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फ़ेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के. विक्रम राव का अंतिम संस्कार मंगलवार को प्रातः 10 बजे भैसाकुंड, लखनऊ में संपन्न होगा। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में सोमवार को उनका निधन हो गया है। वे कुछ समय से सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे।

# यूपी में 55 औद्योगिक भूखंडों पर लगेंगी पर्यावरण अनुकूल इकाइयां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश को 'उन्नत व उद्यम प्रदेश' बनाकर 'एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी' के तौर पर स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही योगी सरकार ने अब पर्यावरण अनुकूल इकाइयों की स्थापना के लिए बड़ा कदम उठाया है। गौतमबुद्ध नगर व बुलंदशहर जिले के यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) अधिकृत क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए नई स्कीम लायी गई है। नई स्कीम के जरिए सेक्टर-29, 32 व 33 में कुल 55 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन होगा। इससे न केवल यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एरिया (फ़ेज-1) के विकास को गति मिलेगी बल्कि मास्टर प्लान-2041 को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया में भी तेजी आएगी।

उल्लेखनीय है कि यह स्कीम विशेष तौर पर पर्यावरण अनुकूल इकाइयों के लिए लायी गई है। इस स्कीम के जरिए टॉय, अपैरल व फर्नीचर पार्क की स्थापना हो सकेगी। वहीं, ओडीओपी का निर्माण करने वाली इकाइयों व एमएसएमई समेत कई औद्योगिक सेक्टर्स भी इकाई लगाने के लिए भूमि आवंटन प्रक्रिया की पात्र होंगी। 240 से अधिक प्रकार की नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्रीज इस स्कीम के जरिए औद्योगिक इकाइयां लगाने की पात्र होंगी। स्कीम के अतंर्गत आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है जो कि 29 मई तक जारी रहेगी।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि यीडा की ओर से लायी गई स्कीम के अनुसार सेक्टर-29, 32 व 33 में कुल 55 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी होगी। इसमें से 8 हजार वर्ग मीटर तक के कुल 50 प्लॉट आवंटन के लिए उपलब्ध हैं। इनकी शुरुआत 300 वर्ग मीटर से होती है। वहीं, 8 हजार से बड़े प्लॉट्स मुख्यतः टॉय पार्क, अपैरल पार्क व सामान्य औद्योगिक उपयोग के लिए हैं। इसमें सबसे बड़ा प्लॉट सेक्टर 32 का प्लॉट नंबर 68ए है, जो कुल 17,020 वर्ग मीटर का है। इस स्कीम के अंतर्गत प्रत्येक प्लॉट की रिजर्व्ड प्राइस निर्धारित है, जिसकी शुरुआत 64.16 लाख रुपये से होती है। वहीं, स्कीम के सबसे बड़े प्लॉट के लिए कुल प्रीमियम राशि 22.91 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है।

स्कीम के जरिए अपैरल-टॉय पार्क, हस्तशिल्प, ओडीओपी निर्माण इकाई, फर्नीचर निर्माण पार्क, एमएसएमई व सामान्य औद्योगिक उपयोग जैसी विभिन्न केटेगरी के अंतर्गत औद्योगिक इकाइयां लगाने के लिए प्लॉट आवंटित किया जाएगा। वहीं, सामान्य उपयोग वाली औद्योगिक इकाइयों की कैटेगरी के अंतर्गत दाल की मिल से लेकर एक्स-रे मशीन व टेलीकम्यूनिकेशन उपकरणों के निर्माण जैसे उद्योग इकाई लगाने के पात्र होंगे। इसके बारे में ज्यादा जानकारी के लिए यीडा की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध ब्रोशर डाउनलोड किया जा सकता है। सभी भूखंडों का आवंटन ई-नीलामी प्रक्रिया के जरिए होगा। माना जा रहा है कि ई-नीलामी प्रक्रिया को जुलाई के शुरुआती हफ्तों में पूरा किया जाएगा। खास बात यह है कि ई-नीलामी प्रक्रिया में उन्हीं प्लॉट्स को शामिल किया जाएगा जिन पर तीन से अधिक वैध बिड के आवेदन प्राप्त होंगे। किसी भी सूरत में सिंगल बिड वाले प्लॉट का आवंटन नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में ईएमडी, प्रोसेसिंग फीस समेत समस्त शुल्कों को आवेदनकर्ता को वापस दे दिया जाएगा।

# ग्रीन बेल्ट पर हो रहा अवैध निर्माण, जिम्मेदार मौन

**भू माफियाओं के इशारों पर कराया जा रहा निर्माण कार्य संबंधित अधिकारी मौन क्यों**

**अफसरों की सुस्ती के चलते शहर के सौंदर्यीकरण पर पड़ रही भारी**

**महायोजना में सार्वजनिक सुविधाओं, स्मॉल स्केल इंडस्ट्री, ग्रीन बेल्ट, कृषि कार्य संग अन्य कार्यों के लिए जमीनें की गयी थी आरक्षित**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । योगी सरकार शहर की ग्रीन बेल्ट को दुरुस्त करने के लिए अवैध कब्जों को हटाने की कवायद चल रही है। वही सीतापुर - लखनऊ रोड राष्ट्रीय राजमार्ग पर खैराबाद रेलवे क्रासिंग के पहले रेल पटरी और सड़क के मध्य ग्रीन बेल्ट पर अवैध निर्माण कराए जा रहे हैं। जबकि वहां से अवैध कब्जे हटाकर उसे विकसित करने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। लेकिन सांठ गांठ के चलते कब्जा कर होटल और दुकानों का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है । अफसरों की सुस्ती के चलते शहर के सौंदर्यीकरण पर भारी पड़ती हुई दिख रही है। शासन और प्रशासन के अफसरों के हस्ताक्षर से महायोजना 2021 स्वीकृत की गई थी, जबकि महायोजना 2031 जारी होने संबंधी कार्यवाही शासन स्तर पर चल रही है। महायोजना में सार्वजनिक सुविधाओं, स्मॉल स्केल इंडस्ट्री, ग्रीन बेल्ट, कृषि कार्य संग अन्य कार्यों के लिए जमीनें आरक्षित की गयी है।

बीते साल नगर मजिस्ट्रेट, नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र ने विनियमित क्षेत्र में मात्र दो कॉलोनी को वैध बताते हुए शेष निर्माण को अवैध बताया था। जिसके बाद भी अवैध निर्माण कार्य धड़ल्ले से होता चला आ रहा है। सीतापुर से लखनऊ जाने वाले हाईवे पर आरक्षित जमीनों पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। दो मंजिला होटल और दस दुकानों का निर्माण चल रहा है। सूत्रों से जानकारी कि जहां निर्माण कार्य कराया जा रहा है। देखना यह है क्या कोई कार्यवाही की जाती है या ऐसे ही निर्माण कार्य करवाया जाता रहेगा ।

# बसपा नेता पिंटू सेंगर की हत्या में जेल भेजे गए अपराधी का वीडियो वायरल

एजेंसी

कानपुर। बसपा नेता पिंटू सेंगर की हत्या मामले में जेल भेजे गए आरोपित दीनू उपाध्याय का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो शहर के जेड स्क्वायर मॉल का है। वीडियो में आरोपित दीनू एक युवक को दौड़ा-दौड़ाकर पीट रहा है। वीडियो के वायरल होते ही एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार ने जांच के निर्देश दिए हैं।

बसपा नेता पिंटू सेंगर हत्याकांड में वकील दीनू उपाध्याय को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर शनिवार को भारी पुलिस सुरक्षा के बीच जेल भेज दिया था। वकील के जेल जाने के बाद से लगातार पुलिस उसकी अपराधिक कुंडली खंगाल रही है। ऐसे में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जो कोतवाली थाना अंतर्गत जेड स्क्वायर मॉल का है। वीडियो में दीनू एक युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीट रहा है। युवक बचने के लिए इधर-उधर भागता हुआ दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि 20 जून 2020 को चकेरी थाना अंतर्गत बसपा नेता पिंटू सेंगर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में अधिवक्ता दीनू उपाध्याय का भी नाम था, लेकिन अपनी हनक के चलते उसने अपना नाम वापस निकलवा लिया था। हालांकि मृतक के भाई धर्मेंद्र सेंगर की लगातार शिकायतों के बाद पुलिस ने एक बार फिर मामले की गहनता से जांच करी। अधिवक्ता दीनू उपाध्याय के खिलाफ कई सबूत मिलने के बाद उसे गिरफ्तार किया था। ऐसे में मारपीट से जुड़ा वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने से उसकी दबंगई भी सामने आई है। पुलिस का कहना है कि वीडियो में पिट रहे युवक की भी तलाश की जा रही है।

## छह साल पूर्व मृत व्यक्ति पर लेखपाल ने की राजस्व की धारा 67 के तहत कार्रवाई

फतेहपुर। जिले में 06 साल पहले मृत हो चुके व्यक्ति पर लेखपाल ने राजस्व अधिनियम की धारा 67 की कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी कर दी। सोमवार को इस मामले को संज्ञान में लेते हुए उपजिलाधिकारी ने जांच कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की बात कही। खागा तहसील क्षेत्र के कछरा ग्राम पंचायत निवासी सीताराम पासवान की 2019 में मौत हो चुकी है। आरोप है कि लेखपाल शिव सिंह ने बगैर जांच पड़ताल किए ही राजस्व अभिलेख में दर्ज गाटा संख्या 869 पर ग्राम पंचायत की सुरक्षित भूमि पर मृतक सीताराम के अवैध कब्जा कर मकान निर्माण का आरोप लगाते हुए धारा 67 की कार्रवाई कर नोटिस जारी कर दी है। दरअसल ग्राम पंचायत की सुरक्षित भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ राजस्व विभाग द्वारा धारा 67 की कार्रवाई की जाती है। 6 साल पहले मर चुके व्यक्ति के नाम धारा 67 के कार्रवाई की नोटिस मिलते ही परिजन हैरान और परेशान हैं। मृतक के परिजनों का आरोप है कि मामले को रफा दफा करने के लिए जिम्मेदार लेखपाल ने पहले 12 हजार रुपये बतौर रिश्वत मांगी। इंकार करने पर लेखपाल ने मृतक पर यह कार्रवाई कर दी। लेखपाल के इस लापरवाही की शिकायत आला अफसरों से की। न्याय न मिलने से परेशान मृतक के परिजन उच्च न्यायालय की शरण में जाने की बात कही है। मामला उजागर होने के बाद लेखपाल उच्च अधिकारियों से सांठ-गांठ की जुगत में जुटा है।

## नैमिषारण्य चक्र तीर्थ पर अधूरे निर्माण और अव्यवस्थित ट्रैफिक से श्रद्धालु परेशान, लगा लंबा जाम

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नैमिषारण्य स्थित प्रसिद्ध चक्र तीर्थ पर अधूरे निर्माण कार्य और ट्रैफिक व्यवस्था के अभाव में सोमवार को भारी अव्यवस्था देखने को मिली। तीर्थ पर दर्शन के लिए पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई।

श्रद्धालुओं का कहना है कि चक्र तीर्थ जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल पर निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। सड़कें उखड़ी हैं, जगह-जगह मलबा फैला है और कहीं भी समुचित ट्रैफिक कंट्रोल की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे न केवल दर्शन में दिक्कत होती है, बल्कि आसपास के बाजार और गलियों में भी जाम की स्थिति बन जाती है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि अव्यवस्थित यातायात और निर्माण की धीमी रफ्तार से उनका कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। कई बार प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि चक्र तीर्थ क्षेत्र में निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराया जाए और ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित किया जाए, ताकि आने वाले तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## मधवापुर चौराहे पर रामनारायण पर जानलेवा हमला

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामकोट क्षेत्र के ग्राम ननोईया निवासी रामनारायण पुत्र अंगने मौर्य पर मधवापुर चौराहे पर उस समय जानलेवा हमला हुआ, जब वे किसी कार्यवश वहां पहुंचे थे। घटना मनीष कश्यप की अंडे की दुकान पर हुई, जहाँ मौजूद कुछ नशे में धुत लोगों ने आपसी विवाद के बाद रामनारायण पर अचानक हमला कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल रामनारायण को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। पीड़ित की तहरीर पर थाना रामकोट पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की। थाना प्रभारी के अनुसार, हमलावरों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (उगट्ट) 2023 की धारा 115(2) (हत्या का प्रयास), 126(2) (गंभीर चोट पहुंचाना), 351(2) (गंभीर मारपीट), और 352 (आक्रमण एवं बल प्रयोग) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य फरार हैं। पुलिस टीम उनकी तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि फरार आरोपियों को शीघ्र ही पकड़ लिया जाएगा और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जा रही है।

## युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया, मुकदमा दर्ज

हमीरपुर । मौदहा क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित युवती ने सोमवार को कोतवाली पुलिस में तहरीर देते हुए बताया है कि एक युवक शादी का झांसा देकर कई माह से उसका शारीरिक शोषण किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर तलाश शुरू कर दी। गांव की युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि बिगहना गांव निवासी सलमान ने अपने प्यार के जाल में फंसा कर चार-पांच माह से शादी करने के झूठे वादे कर शारीरिक शोषण कर रहा है। जब मैंने शादी के लिए दबाव डाला तो आरोपित मुकरते हुए मारने-पीटने पर आमादा हो गया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली पुलिस में तहरीर दे न्याय गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेते हुए सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## मुख्यमंत्री योगी ने काशी विश्वनाथ व काल भैरव का दर्शन-पूजन किया

वाराणसी । प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। यहां उन्होंने सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक के बाद श्री काशी विश्वनाथ व 'काशी के कोतवाल' बाबा काल भैरव का विधि विधान से दर्शन-पूजन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के स्वर्णिम गर्भगृह में बाबा के पावन ज्योर्तिलिंग का षोडशोपचार पूजन किया। और बाबा से लोक कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर प्रांगण में आने-जाने के दौरान श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। मुख्यमंत्री ने काल भैरव मंदिर में भी विधि विधान से पूजा-अर्चना की। दर्शन-पूजन के दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, त्रिभुवन राम, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काल भैरव मंदिर में दर्शन के बाद जब निकलने लगे तो रास्ते में उन्हें कुछ बच्चे दिखे। मुख्यमंत्री ने सभी को अपने पास बुलाया। उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। फिर एक-एक कर सभी बच्चों को चॉकलेट दी। मुख्यमंत्री के हाथ से चॉकलेट पाकर बच्चे उछल पड़े। इसी दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर एक बच्चे पर गयी। उन्होंने देखा कि बच्चा दुकान पर लस्सी बना रहा है। यह देख मुख्यमंत्री उसके पास पहुंच गए और उसका हालचाल जानते हुए पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछा। उन्होंने उसे चॉकलेट भी दिया और खूब मन लगाकर पढ़ने को कहा। दुकान पर बैठे लोगों से भी मुख्यमंत्री ने कुशलक्षेम जाना।

## स्कूटी से जा रही महिला की स्कूटी बनी आग का गोला

हमीरपुर । राठ कस्बे में सोमवार दोपहर एक चलती स्कूटी में अचानक आग लग गई। स्कूटी सवार महिला पूजा और उनके साथ बैठे बच्चे ने कूदकर अपनी जान बचाई। घटना उरई रोड पर दोपहर करीब 12 बजे हुई। सड़क पर स्कूटी को जलता हुआ देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। सड़क पर स्कूटी के जलने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पठानपुरा के रहने वाले भरत सिंह ने बताया कि पूजा अपने रिश्तेदार के यहां जा रही थी। रास्ते में अचानक स्कूटी में आग लग गई। पूजा ने सूझबूझ दिखाते हुए बच्चे को स्कूटी से उतारा और खुद भी कूद गईं। यह स्कूटी महज 20 दिन पहले ही सर्विस कराई गई थी। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची लेकिन तब तक स्कूटी पूरी तरह जल चुकी थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आग लगने से स्कूटी जलकर पूरी तरह राख हो गई।

## शादी के छठे दिन मायके से विवाहिता नकदी-जेवर लेकर प्रेमी संग भागी

मुरादाबाद । ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने विवाह के छह दिन बाद ही मायके से नकदी व जेवर लेकर गांव के ही प्रेमी के साथ चली गई। विवाहिता के मां की तहरीर पर थाना पुलिस ने आरोपित प्रेमी युवक समेत चार के खिलाफ सोमवार को केस दर्ज कर लिया है। ठाकुरद्वारा क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने सोमवार को थाना पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि बीते चार मई को उसकी बेटी की शादी मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। आठ मई को वह बेटी को ससुराल से लाई थी। दो दिन 10 मई करीब ढाई बजे गांव का ही गौतम उसकी बेटी को बहलाकर अपने साथ ले गया। बेटी घर से जेवर और नकदी भी लेकर गई है। इस मामले में पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## भगवान बुद्ध की शिक्षा से समाज में हिंसा, तनाव और वैमनस्य को करें खत्म : शिवराम सिंह

कानपुर । भगवान बुद्ध का जीवन सत्य, करुणा और शांति की मिसाल है। आज की दुनिया में उनकी शिक्षाएं पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गई हैं। यह बातें सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी दक्षिण के जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने जूही के बुद्ध बिहार साधना केंद्र में भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कही। दक्षिण जिलाध्यक्ष ने बताया कि कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन को याद किया और लोगों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की अपील की। उन्होंने कहा, ॡबुद्ध ने हमें सिखाया कि असली शांति बाहरी साधनों से नहीं, बल्कि भीतर की समझ और करुणा से आती है। अगर हम उनके दिखाए मार्ग पर चलें, तो समाज में हिंसा, तनाव और वैमनस्य को खत्म किया जा सकता है।ॾ पार्टी कार्यकर्ताओ ने मोमबत्तियां जलाईं, भजन-कीर्तन किया और शांति की प्रार्थना की। माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक और भावनात्मक था। उन्होंने सभी को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह दिन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर है।

# पेड़ों की रक्षा केवल विभाग का नहीं समाज का उत्तरदायित्व भी है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अभिषेक सिंह, वन क्षेत्राधिकारी, लहरपुर रेंज**



सीतपुर। वन क्षेत्राधिकारी श्री अभिषेक सिंह के नेतृत्व में लहरपुर क्षेत्र में अवैध वृक्ष कटान व लकड़ी तस्करी के विरुद्ध चलाए गए सघन अभियान ने लकड़ी माफियाओं की कमर तोड़ दी है। केशरीगंज, लहरपुर व अन्य संवेदनशील मार्गों पर रातभर की गई रेकी, आरा मशीनों की निगरानी तथा मुखबिर तंत्र की सक्रियता के चलते कई संदिग्ध गतिविधियाँ उजागर हुईं, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशों के तहत पुलिस की सख्ती और वन विभाग की तत्परता ने अवैध कारोबार में संलिप्त रसूखदारों तक को घबराने पर विवश कर दिया है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो भी व्यक्ति या तत्व कमीशन लेकर हरे-भरे पेड़ों की कटाई को संरक्षण दे रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। लकडकट्टो एवम लकड़ी कारोबारियो का मुखबिरतंत्र मजबूत रहा।वन क्षेत्राधिकारी लहरपुर अभिषेक सिंह ने कहा कि 11एवम12मई को रात ग्यारह बजे से सुबह चार बजे तक रेंज के विभिन्न मार्गों जिसमे हरगांव, केशरीगंज एवम तंबौर का लकडकट्टो व अनाधिकृत लकड़ी जब्ती का सघन अभियान चलाया गया, किंतु लकड़ी से भरी ट्रालियों,लोडरो व अन्य वाहनों का चालन पूरी तरह बन्द रहा।इसका कारण यह भी हो सकता है कि मुखबिरी हो गई हो सघन अभियान की या फिर क्षेत्रीय पुलिस की सख्ती का असर हो।उन्होंने बताया कि कुछ ट्रक बहराइच से एवम कुछ ट्रक सोनभद्र से तंबौर के आसपास मिले जिनकी सघन तलाशी की गई, किंतु इन ट्रकों पर छूट वाली लकड़ी लोड पाई गई। वन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि अब किसी भी स्तर पर अवैध कटान को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संलिप्त व्यक्तियों, संरक्षकों व लापरवाह कर्मचारियों पर भी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह की आमजन से अपील आमजन से अपील की गई है कि वे इस मुहिम में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना गोपनीय रूप से विभाग को दें।

# वाराणसी में नृसिंह प्राकट्य महोत्सव संपन्न, जुटे संत

एजेंसी

वाराणसी। सिद्ध पीठ श्री नृसिंह मठ, मणिकर्णिका घाट पर आयोजित त्रिदिवसीय नृसिंह प्राकट्य महोत्सव का समापन सोमवार को भक्ति भाव के साथ हुआ। समापन दिवस पर संत सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें आए संतों ने आध्यात्मिक विचारों की अमृत वर्षा की। इसके बाद भव्य महाप्रसाद वितरण किया गया। संत सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक गजानन डागें, यक्ष विनायक मंदिर के महंत डॉ. रविशंकर तिवारी तथा अभय सन्यास आश्रम के पूज्य रविन्द्र पुरी महाराज मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संत सम्मेलन में रविन्द्र पुरी महाराज ने कहा कि ॡसंत का हृदय निर्मल होता है। संत की शरण में जाकर कोई भी व्यक्ति ज्ञानी और व्यवहार कुशल बन सकता है। उनके दर्शन मात्र से अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है। उन्होंने भगवान नृसिंह की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि ॡभगवान नृसिंह अपने भक्तों के सम्मान की रक्षा के लिए प्रकट होते हैं। स्वयं की निंदा पर मौन रहने वाले भगवान, जब अपने भक्तों का अपमान देखते हैं, तो असुरों का संहार करते हैं।ॾ उन्होंने वैशाख शुक्ल चतुर्दशी के दिन भगवान नृसिंह के प्राकट्य की कथा को विस्तार से बताया कि जब वे आधे मानव और आधे सिंह रूप में प्रकट होकर भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए अत्याचारी असुर हिरण्यकश्यप का वध करते हैं। मठ के पंडित कामेश्वर पाठक ने जानकारी दी कि महोत्सव के प्रथम दिन रुद्राभिषेक, द्वितीय दिन प्रातःकाल वेद पाठ और सायंकाल भगवान श्री कोलाहल नृसिंह का पूजन, भजन व महाआरती संपन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू परिषद एवं धर्म जागरण न्यास के सहयोग से विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। मठ के प्रभारी विजय चौधरी ने बताया कि आयोजन की सफलता में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कई लोगों ने योगदान दिया। इस अवसर पर राजेश सिंह, परशुराम उपाध्याय, सुरेश जायसवाल, समर्थ केसरी, अनूप महाराज, विकास मेहरा, सुनील गुजराती, पार्षद संजय विश्वंभरी, कमल सिंह, रवि सर्राफ, नलिन नयन मिश्रा, अनुपम खन्ना आदि भी मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार के कार्यों को अनुसूचित वर्ग के बीच में पहुंचाएं : धर्मपाल सिंह

एजेंसी

बुलंदशहर । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहेब के सम्मान में किए गए कार्यों के साथ अनुसूचित वर्ग की आर्थिक व सामाजिक विकास तथा राजनैतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किए गए कार्यों को उन के बीच में पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि हमें अनुसूचित वर्ग के बीच में साक्ष्यों के साथ यह बताना होगा कि भाजपा सदैव आरक्षण सहित अनुसूचित वर्ग के सभी संवैधानिक अधिकारों की पक्षधर है। इसके साथ ही हमें कांग्रेस, सपा द्वारा बाबा साहेब के विरोध व अपमान सहित अनुसूचित जाति वर्ग पर किए गए शोषण को भी जनता के दरबार में लेकर पहुंचना है। वह बुलंदशहर के शान्तिदीप गार्डन में अनुसूचित जाति संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेश संगठन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास की नीति सभी वर्गों और विशेषकर अनुसूचित वर्ग के सामाजिक व आर्थिक उत्थान का माध्यम बनी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की प्रत्येक योजना में बिना पक्षपात के गरीब कल्याण का संकल्प निहित है। यही कारण है कि सभी को आवास, हर घर में नल से जल, सभी को राशन, पढ़ाई व ईलाज की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। जिसमें सबसे अधिक लाभान्वित अनुसूचित जाति वर्ग हुआ है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस तथा सपा जैसे मुद्दाविहीन विपक्षी दल झूठ और भ्रम फैलाकर राजनैतिक लाभ लेना चाहते है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सदैव बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर का विरोध किया। उनका अंतिम संस्कार भी दिल्ली में नहीं होने दिया गया। जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के मंच से बाबा साहेब को भू-माफिया कहकर अपमानित किया गया। कांग्रेस ने नेहरू गांधी परिवार की राजनैतिक और आर्थिक उन्नति के लिए अनुसूचित वर्ग का वोट लेकर उनके साथ धोखा करने का काम किया है। कांग्रेस ने 100 से अधिक बार संविधान में संशोधन किया। देश में आपातकाल लागू किया और बाबा साहेब द्वारा लिखित संविधान की आत्मा कही जाने वाली प्रस्तावना को भी संशोधित कर दिया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम तुष्टीकरण के ऐजेंडे पर चलने वाली सपा व कांग्रेस ने सदैव राष्ट्रहित तथा अनुसूचित जाति वर्ग के संवैधानिक अधिकारों पर कुठाराघात करने का काम किया। सपा सरकार के समय सबसे अधिक अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार किए गए। उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाया गया। उनके घर, खेत खलिहानों पर कब्जे किए गए। सपा की सरकार में मां, बहन, बेटियों का घर से निकलना दूभर हो गया था। शोहदों के डर से बेटियों ने स्कूल जाना छोड़ दिया था। धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहेब से जुड़े स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित कर सच्चे अर्थों में बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सभी योजनाओं को गरीब व अनुसूचित वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित किया है। प्रदेश की भाजपा सरकार में सभी के घर, दुकान, प्लॉट, खेत, खलिहान तथा मां, बहन, बेटियों का सम्मान सुरक्षित है। प्रदेश में भयमुक्त वातावरण में निवेश के नए अवसर सृजित हुए है।

# पर्यटन मंत्री ने आव गंगा नदी के जीर्णोद्धार के कार्य का भूमि पूजन का किया शुभारम्भ

एजेंसी

फिरोजाबाद । प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को तहसील सिरसागंज के ग्राम किसरांव में आव गंगा नदी के जीर्णोद्धार के कार्य का भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिस तरह से जल की महत्ता बढ़ रही है, इस दिशा में इस नदी का जीर्णोद्वार अविस्मणीय साबित होगा। आंव गंगा नदी की लम्बाई 17 किलोमीटर है, जिससे 11 ग्राम पंचायतों को लाभ पहुंचेगा। इसके लिए 11 क्लस्टर बनाए गए हैं। इस नदी के जीर्णोद्धार में कुल 1200 मनरेगा श्रमिकों को लगाया गया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि विशेषज्ञों ने यह घोषित किया है कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा। ऐसी स्थिति में हमें अपनी विलुप्तप्राय नदियों को पुनर्जीवित करने में अपना योगदान देना चाहिए। बहुत पहले से यहां पर जल के अत्यधिक दोहन के कारण वाटर लेवल अत्यंत गिर गया था, परंतु इस नदी के जीर्णोद्धार से न केवल वाटर लेवल ऊपर होगा, अपितु इससे किसानों और पशु-पक्षियों को भी लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि इस गांव के विकास से जनपद का विकास होगा और जनपद के विकास से प्रदेश का और प्रदेश के विकास से देश का विकास होगा। शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य है। प्रशासन शासन की योजनाओं से वंचित परिवारों को चिन्हित करें, जिससे उन्हें शासन की योजनाओं से अच्छादित किया जा सके। कोई भी ऐसा परिवार न हो जो शासन की योजनाओं से वंचित रह जाए। जब सभी लोगों की मूलभूत ज़रूरतें पूरी होंगी, तभी एक सशक्त और मजबूत राष्ट्र का निर्माण होगा। पर्यटन मंत्री ने कहा कि हमारे शासन की दृढ़ता और सेना के शौर्य का ही परिणाम रहा है, कि हमने पाकिस्तान को घुटने पर ला छोड़ा। आज हमारा प्रदेश बीमारू राज्य से निकलकर ग्रोथ इंजन बन रहा है, औद्योगिक घराने अब उत्तर प्रदेश में निवेश करने को आतुर हैं। हम सभी राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का ईमानदारी के साथ निर्वहन करें, सरकार आपकी आपके हर कदम में साथ देगी। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने कहा कि इस नदी के जीर्णोद्वार से इस क्षेत्र के हर तबके का विकास होगा, नदियां समाज नहीं अपितु किसी देश की पहचान होती है। इस मौके पर पर्यटन मंत्री ने विभिन्न लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, चाबी, टैबलेट इत्यादि वितरित किए साथ ही यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हमीरपुर । हमीरपुर मार्ग पर धनौरी गांव के पास सोमवार को तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। राठ कोतवाली क्षेत्र के धनौरी गांव निवासी हरीश (22) सोमवार दोपहर बहन के यहां किसी काम से बाइक से उरई जा रहा था। मुख्य सड़क पर पहुंचने पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर ही बाइक सवार युवक की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि हरीश की अभी शादी नहीं हुई थी। मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के माता पिता लखनऊ में रहकर मजदूरी करते हैं। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

## सांसद ने किया बस अड्डे का निरीक्षण, अस्थाई निर्माण का दिया आदेश

देवरिया । सदर सांसद शशांक मणि ने देवरिया बस अड्डे का औचक निरीक्षण सोमवार को किया तथा 34 लाख की लागत से बनने वाले यात्री शेड के अतिशीघ्र निर्माण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया । प्रस्तावित बस स्टेशन के निर्माण में विलम्ब होने तथा अत्यधिक गर्मी और धूप से यात्रियों के बचाव के लिए सदर सांसद ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से वार्ता कर तब तक के लिए अस्थाई व्यवस्था करने का आग्रह किया । जिसके लिए परिवहन विभाग से 34 लाख रुपया उपलब्ध कराया गया है । जिसका निर्माण कार्य शुरू होने वाला है । सोमवार को सदर सांसद ने बस स्टेशन का औचक निरीक्षण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य अतिशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया । जिससे यात्रियों को हो रही असुविधा को दूर किया जा सके। इस दौरान जिला महामंत्री रविंद्र कौशल, निशिरंजन तिवारी, दिवाकर मिश्रा, सचिंद्र शाही दीपू, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, धीरज सिंह, प्रिंस चतुर्वेदी, मनोज मिश्रा तथा परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे ।

# त्रिविधपवनी 2569वीं बुद्ध जयंती के अवसर पर निकली शोभा यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। बुद्ध जयंती के अवसर पर बौद्ध धर्मावलम्बियों द्वारा बुद्ध की शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर तथागत बुद्ध का पूजन अर्चन कर विश्व कल्याण की कामना की गई।सोमवार की सुबह प्रभात फ़ेरी निकाली गई तथा महापरिनिर्वाण मन्दिर में सूत्र पाठ व पूजन वंदन किया गया और विश्व शांति व सुख की कामना की गई। इसके बाद भिक्षु संघ के अध्यक्ष अग्ग महा पंडित भदंत ज्ञानेश्वर की अगुआई में मुख्य महापरिनिर्वाण मन्दिर से भव्य शोभा यात्रा बुद्ध की सजी मन मोहक झांकियों के साथ निकाली गई। यह झांकी महापरिनिर्वाण पथ, चाइना मन्दिर, बुद्धा गेट, हाईवे पर बुद्ध इंटर कालेज, अम्बेडकर नगर, गांधी चौक, गोलबाजार, नेशनल हाईवे चौराहा, दीवानी कचहरी, अनिरुद्धवा, रामा भार स्तूप, श्रीलंका मन्दिर, थाईमंदिर, श्रीलंका जापानी मन्दिर, कोरिया मन्दिर, तिब्बती, माथा कुंवर मन्दिर, सुखारी छपरा, झुंगवा, भदन्त ज्ञानेश्वर बुद्ध बिहार होते हुए वापस म्यांमार मन्दिर पहुंची जहां



आयोजित समारोह मे भिक्षु ज्ञानेश्वर ने उपासकों को त्रिशरण पंचशील ग्रहण कराया। मुख्य अतिथि म्यांमार के राजदूत ऊ जाव ने कहा कि बुद्ध के उपदेशों में ही विश्वकल्याण निहित है। विशिष्ट अतिथि कुलपति पूनम टंडन ने कहा कि बुद्ध के उपदेश आज के संदर्भ में प्रासंगिक है। आईपीएस संजय कुमार, अरुण कुशवाहा, आनंद कुमार, बीपीजी के सचिव वीरेंद्र सिंह अहलावलिया, प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्रा, डा. अमृतांशु शुक्ला ने अपने विचार रखे। अध्यक्षता करते हुए भंते ज्ञानेश्वर ने सभी को आशीर्वाद दिया। कलाकारों ने बुद्ध जन्म पर सोहर प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बुद्ध जयंती मेले का शुभारंभ अतिथियों ने किया। शाम को भिक्षुओं ने बुद्ध का पूजन अर्चन और महापरित्राण पाठ किया। इस मौके पर भिक्षुओं द्वारा पिंडदान कार्यक्रम 'बुद्धम शरणम गच्छामि, धम्मम शरणम गच्छामि, संघम शरणम गच्छामि' के स्वर से शुरू हुआ। स्वागत भंते महेंद्र और संचालन भिक्षु डॉ नन्द रतन महाथेरा ने किया।इस अवसर पर म्यांमार के राजदूत की पत्नी, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठीभन्ते नंदका, भिक्षुणी धम्म नयना, भिक्षु शील प्रकाश, पी सोन क्रांन अन्य लोग शामिल थे।

# पं. दीन दयाल इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया मातृदिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज। मातृ प्रेम, त्याग और समर्पण के प्रतीक मातृदिवस के अवसर पर पं0 दीन दयाल इंटर कॉलेज, महराजगंज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में मां-बेटे के अटूट रिश्ते की मधुर झलकियां देखने को मिलीं।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ0 ज्योत्स्ना ओझा ने मां की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा, मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एहसास और अटूट प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित माताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा होता है, जिसकी तुलना किसी और से नहीं की जा सकती।

विशिष्ट अतिथि एवं संस्था की डिप्टी डायरेक्टर जूही सिंह ने कहा, ्मां का जीवन त्याग और समर्पण का पर्याय है। मां के बिना संसार की कल्पना अधूरी है।्कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप

**मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एहसास और अटूट प्रेम का प्रतीक है**



प्रज्वलन से हुआ। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के चरण धोकर तिलक किया और पुष्पों के हार पहनाकर उनका सम्मान किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मां-बेटे के प्रेम, ममता और बलिदान की अनुपम छवि उभर कर सामने आई। छोटे-छोटे बच्चों ने मां के प्रति समर्पित कविताएं, गीत और नृत्य प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया।डायट महराजगंज की प्रवक्ता मनीषा रावत ने अपने संबोधन में कहा, ्मां जीवन की जननी, छाया और सुरक्षा की सबसे मजबूत दीवार है। उसका स्थान कोई नहीं ले सकता।्कार्यक्रम में उपस्थित डिप्टी एडमिनिस्ट्रेटर निधि सिंह ने कहा, ्मां ही हमारे व्यक्तित्व की पहली निर्माता होती है। उसके बिना जीवन अधूरा है।्इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन नेहा डालमिया ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति, सभ्यता और पारिवारिक मूल्यों को जीवंत रखने का कार्य करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मां न केवल जीवन की प्रथम गुरु होती है, बल्कि वह अपने बच्चों को हर परिस्थिति से लड़ना भी सिखाती है।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाएं ऐश्वर्या शर्मा, नीलम प्रजापति, इशरत जहां, प्रीति जायसवाल एवं प्रिया मद्धेशिया का विशेष योगदान रहा।

# जितना घाव दिया है तुमने उससे गहरा देंगे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**राजापाकड़ /कुशीनगर।** तमकुहीराज क्षेत्र के गोसाईपट्टी में भवं भवानी साहित्य परिषद के बैनर तले मासिक कवि गोष्ठी आयोजित की गयी। जिसमें कवियों ने अपनी रचनाएं सुनाकर वाहवाही बटोरी।कवि गोष्ठी का शुभारंभ कवि हरेंद्र पांडेय ने करती है तेरी याद हर वक्त आंसू बहाती है, चल लौट चलें तेरी मां बुलाती है...से की। कवि नंदलाल विद्रोही ने पापा की परी होती हैं बेटियां.. सुनाकर वाहवाही बटोरी। श्री कृष्ण सिंह चुलबुल ने सीमा की बात सुनी दिलवा दुखाता, भारत के जवान आपन रोजो मराता...सराही गई। संचालन कर रहे आकाश महेश पुरी ने जितना घाव दिया तुमने, उससे गहरा देंगे.. पाकिस्तान पर सम सामयिक रचना पढ़कर तालियां बटोरी। कवि रामपति रसिया की रचना झरि जाई फुलवा रे भंवरा उजरी बगिया तोर,पीरितिया ना निबही रे भंवरा मलिया कठिन कठोर... निर्गुण सुनाकर कवि सम्मेलन




को ऊंचाई प्रदान की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में जितेंद्र पांडे जौहार ने फूल मैंने दिए जिनके हाथों में कल, वह हमें ढूंढते हैं कटारें लिये.. सुनाकर सोचने पर विवश कर दिया। दीपराज दीपक, शमीम अख्तर अकेला, पारसनाथ पांडेय, भुआल कुशवाहा, पवन गौतम, हौसिला कुरैशी अपनी रचना पढ़ कर शाबाशी बटोरी। इस अवसर पर ग्रापए गोरखपुर के मंडल मंत्री अजय कुमार सिंह, तपन ठाकुर, मोहन प्रसाद आदि उपस्थित रहे। अंत में आयोजक किशोर कुशवाहा ने कवियों सहित श्रोताओं का आभार जताया।

# सपा ने बुद्ध, फुले व अंबेडकर को अपमानित करने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ा: लालजी प्रसाद निर्मल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने महात्मा बुद्ध, फुले और अंबेडकर को अपमानित करने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ा।भगवान बुद्ध की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि आज के इस दौर में भी बुद्ध, फुले और बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलकर ही एक विकसित समाज स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि धर्म और जाति से हटकर हमेशा मानव कल्याण की बात करने वाले इन महापुरुषों का सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हमेशा अपमान किया है।

डॉ. निर्मल ने आंबेडकर महासभा में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि अखिलेश ने तो अपने शासनकाल में इन महापुरुषों का इतिहास मिटाने की कोशिश की और भगवान बुद्ध की मां के नाम से बनाया गया जिला महामाया नगर के साथ पंचशील नगर जिले का नाम बदल दिया। महात्मा ज्योतिबा फुले के नाम से बने जिले का नाम भी बदल दिया। अखिलेश यादव संविधान की रक्षा की बात करते हैं और खुद को डॉ अंबेडकर के समकक्ष खड़ा करके बाबा साहब और उनके मानने वाले करोड़ों अनुयायियों का अपमान करने से परहेज नहीं करते। दलित और पिछड़ा समाज सपा प्रमुख के इस छद्म प्रेम को समझ चुका है अब वह उनके बहकावे में कभी नहीं आएगा।

कार्यक्रम को महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सरोज, अमरनाथ प्रजापति, डा. सत्या दोहरे, जयशंकर सहाय, रचना चंद्रा , विनोद खरवार, पी सी चौधरी ,रामधर राकेश और बौद्ध भिक्खू प्रज्ञासार आदि ने सम्बोधित किया ।

## कॉस्मोजिन लाउंज की दो शाखाओं पर पुलिस का छापा

कानपुर । शहर की प्रसिद्ध कॉस्मोजिन लाउंज की दो शाखाओं किदवई नगर और ग्वालटोली पर पुलिस, आबकारी विभाग और नारकोटिक्स विभाग ने संयुक्त रूप से छापेमारी की है। शनिवार कोछेड़छाड़ की घटना को लेकर युवती ने पुलिस से लाउंज में अवैध शराब और मादक पदार्थों के सेवन की शिकायत की थी।इसके बाद ग्वालटोली पुलिस और किदवई नगर थाना की पुलिस ने दोनों थाना क्षेत्र में स्थित कॉस्मोजिन लाउंज में छापेमारी की। दोनों ही शाखाओं से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब और हुक्का व उसमें इस्तेमाल होने वाले संदिग्ध पदार्थों को बरामद किया है।पुलिस उपायुक्त मध्य श्रवण कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि एक युवती शनिवार को ग्वालटोली क्षेत्र अंतर्गत कॉस्मोजिन लाउंज गयी थी।

## उद्यान मंत्री ने बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध व बाबा साहेब की प्रतिमा का किया अनावरण



रायबरेली। राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने विकास खण्ड हरचंद्पुर, ग्राम सेरी में पावन बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा एवं 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम बुद्ध पूर्णिमा मना रहे हैं, जो बौद्ध धर्म के लिए एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह दिन भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और निर्वाण के स्मरण के लिए मनाया जाता है।यह दिन हमारे लिए एक प्रेरणादायक अवसर है कि हम भगवान बुद्ध के शिक्षाओं पर विचार करें, जो हमें करुणा, शांति और अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं। बुद्ध पूर्णिमा हमें जीवन के महत्व को समझने और उसे बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर उन्होंने जनपद वासियों को बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## महिला जनसुनवाई 14 मई को

रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने बताया है कि उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी द्वारा 14 मई 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार रायबरेली में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई की जानी है, तत्पश्चात सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बालिका/महिला गृह के साथ ही आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण भी किया जाएगा।

# घाघी नदी किनारे से पगडंडियों के रास्ते धड़ल्ले से हो रही पशु तस्करी

**– फोरलेन पर कड़ी निगरानी के बीच गांवों की सुनसान पगडंडियों से तस्कर सक्रिय**

**– रात की गश्त फ़ेल, तुर्कपट्टी पुलिस की निष्क्रियता से बढ़ा कारोबार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र में पशु तस्करी की एक नई और नायाब तरकीब ने पुलिसिया चौकसी की पोल खोल दी है। तुर्कपट्टी स्थित घाघी नदी का सुनसान किनारा आजकल पशु तस्करों के लिए महफूज अड्डा बन गया है। पुलिस के बढ़ते दबाव के बीच तस्करों ने मुख्य सड़कों से हटकर पगडंडी और नहर पटरी जैसे सुनसान रास्तों का सहारा ले लिया है, जहां से वे आसानी से पशुओं को पिकप वाहनों में लादकर बिहार पार कर रहे हैं।

तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र पहले से ही पशु तस्करी को लेकर बदनाम रहा है। कुछ माह पहले पुलिसिया सख्ती से यह धंधा थमा जरूर था, लेकिन हाल के दिनों में फिर रफ्तार पकड़ ली है। पशु तस्कर दिन में छोटे-छोटे झुंडों में जानवर खरीदते हैं और रात के अंधेरे में आवारा पशुओं को पकड़कर भरते हैं। ज्यादातर घटनाएं देर रात से भोर के बीच हो रही हैं, जब पुलिस गश्त का दावा तो करती है, लेकिन जमीनी हकीकत में मौजूदगी न के बराबर रहती है।घाघी नदी से लेकर गौराखोर, भलूही चौराहा, शंकरपुर घोरठ, बरवाराजापाकड़ से दुमही से गनेशा पट्टी बड़ी नहर तथा चाफ नहर शाखा व झरही नदी के बीच से एनएच के लबनिया चौराहा को पार कर बिहार सीमा तक फैले सुनसान रास्तों का जाल तस्करों के लिए वरदान साबित हो रहा है। खरदर पुल, भलुआ नदी किनारा, सोंदिया, श्रीपत खंड और मधुरिया नदी का पूर्वी छोर जैसे क्षेत्र पुलिस की नजरों से दूर रहते हैं।

यहां से तस्कर तीन से छह पशुओं को छोटे पिकप में भरकर महुअवा कारखाना, महासोंन सोहंग, गड़हिया से होते हुए पटहेरवा क्षेत्र के भलुही, बैरागीपट्टी, करमैनी, अवरवा, सोफीगंज, झरही रास्ते से बिहार पहुंचा रहे हैं।सूत्रों की मानें तो तुर्कपट्टी पुलिस स्थानीय विवादों और चेकिंग में तो सक्रिय रहती है, लेकिन पशु तस्करी के खिलाफ कोई विशेष अभियान नहीं चला रही। नतीजा यह है कि तस्कर पूरे सधे हुए तरीके से योजना बनाते हैं और कामयाबी से उसे अंजाम भी दे रहे हैं। इस संबंध में तुर्कपट्टी एसएचओ राजप्रकाश सिंह ने कहा कि पुलिस पशु तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

उन्होंने दावा किया कि कुछ स्थानों और व्यक्तियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही कठोर कार्रवाई की जाएगी। उनका कहना था कि इस धंधे में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## बुद्ध पूर्णिमा के अवसर श्रद्धालुओं को कराया गया जलपान

कुशीनगर। बैसाख बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर निकली भव्य शोभायात्रा में शामिल हजारों श्रद्धालुओं को रॉयल बिस्ता वाराणसी के प्रबंध निदेशक शारदा यादव के नेतृत्व में ठंडा पानी, मिठाई और खीर के रूप में जलपान कराया गया।सोमवार को कड़ाके की धूप से बेहाल शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं और राहगीरों को बुद्ध मार्ग पर




स्टाल लगाकर पानी पिलाया गया। संस्था की सीईओ सरोज यादव ने कहा कि भगवान बुद्ध ने हमेशा आमजन की सेवा का उपदेश दिया। उनके मार्ग पर चलकर ही कल्याण संभव है। श्री यादव ने कहा कि यह कैंप हर साल बुद्ध पूर्णिमा पर लगाया जाता है। इस दौरान मैनेजिंग डायरेटर विवेक यादव व उनकी पत्नी वियतनाम की बिली थाव, खुशी यादव, सहयोगी मनीष जायसवाल, कृष्णा मद्धेशिया, कुशवाहा आदि शामिल रहे।

# जमीन विवाद में भाई–बहन पर कुदाल से हमला, बहन की मौत

**– धुरिया इमिलिया गांव में दो डिस्मिल जमीन को लेकर हुआ खूनी संघर्ष**

**– भाई–भौजाई और युवती भी घायल, गांव में तैनात हुआ पुलिस बल**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। सेवरही थाना क्षेत्र के धुरिया इमिलिया गांव में सोमवार को दो डिस्मिल जमीन के विवाद में हुए खूनी संघर्ष में मायके आई निर्दोष बहन की मृत्यु हो गई, जबकि भाई-भौजाई और एक अन्य युवती गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव निवासी रामधारी मद्धेशिया के तीन पुत्रों में स्वामीनाथ, रमेश और चंद्रेश शामिल हैं। करीब दस वर्ष पूर्व स्वामीनाथ ने अपने हिस्से की दो डिस्मिल भूमि गांव के ही मुन्ना मद्धेशिया को बेच दी थी। इसी जमीन को लेकर चंद्रेश और मुन्ना के बीच विवाद चल रहा था। सोमवार दोपहर मुन्ना अपने बैनामे की जमीन पर मिट्टी भरवा रहा था। जानकारी मिलते ही चंद्रेश आपत्ति जताने पहुंचा और दोनों में कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ता देख मुन्ना



की बहन फूलमती देवी (40) बीच-बचाव करने पहुंचीं। फूलमती देवी की शादी बीस वर्ष पूर्व कसया थाना क्षेत्र के भठही गांव निवासी दुर्गेश मद्धेशिया से हुई थी और वह एक सप्ताह पूर्व मायके आई थीं। इसी दौरान आक्रोशित चंद्रेश ने कुदाल से फूलमती देवी और मुन्ना पर हमला कर दिया। हमले की चपेट में मुन्ना की पत्नी गीता देवी (40) और स्वामीनाथ की पुत्री रोली (20) भी आ गईं। गंभीर चोट लगने से फूलमती देवी की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घायल गीता देवी, रोली और मुन्ना को सीएचसी तमकुही भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गीता को घर भेज दिया गया, जबकि रोली को जिला अस्पताल और मुन्ना की नाजुक स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुदाल बरामद कर लिया है और आरोपी चंद्रेश की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी सहित सेवरही, बरवापट्टी और विशुनपुरा थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# ठगी की शिकार हुई दो दर्जन महिलाएं, पुराने बर्तन बदलकर नए बर्तन देकर ठगों ने दिया ठगी को अंजाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। बर्तन बदलने वाली शातिर महिलाएं निकली जालसाज, लाखों रुपये के जेवरात लेकर फरार। शातिर महिलाओं के एक गैंग ने झांसा देकर दर्जन भर महिलाओं के लाखों की कीमत के जेवरात ठगने का मामला सामने आया है। चंदापुर थाना क्षेत्र में एक बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। नयापुरवा मजरे चंदापुर गांव में दो महिलाओं ने दर्जनों महिलाओं से करीब 20 लाख रुपए के जेवरात ठग लिए।

शातिर महिलाओं ने पहले गांव में पुराने बर्तन बदलकर नए बर्तन देने का काम शुरू



किया। इस तरह उन्होंने स्थानीय महिलाओं का विश्वास जीत लिया। कुछ दिनों बाद उन्होंने एक स्कीम की जानकारी दी। इसमें बताया कि सोने-चांदी के जेवरात देने पर चार घंटे में प्रति जेवर 6 हजार रुपए और एक बर्तन मिलेगा।

## महिलाओं ने चंदापुर थाने में कराई शिकायत दर्ज

इस लालच में आकर एक दर्जन से अधिक महिलाओं ने अपने जेवरात उन्हें सौंप दिए। कई घंटे बीतने के बाद जब ठगी करने वाली महिलाओं के फोन बंद मिले, तब पीड़ितों को ठगी का एहसास हुआ। यह खबर पूरे गांव में तेजी से आग की तरह फ़ैल गई। स्थानीय पुलिस और गांव के लोग अब इन ठगी करने वाली महिलाओं की तलाश कर रहे हैं। एक वीडियो में इन ठग महिलाओं में से एक को कुर्सी पर बैठे देखा गया है।

पीड़ित महिलाएं अपने परिजनों के साथ चंदापुर थाने पहुंचीं और शिकायत दर्ज कराई।चंदापुर थाना के प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि मामले का संज्ञान ले लिया गया है। फोटो और वीडियो के आधार पर महिला ठगों की तलाश की जा रही है। जल्द ही इन महिलाओं के गैंग को पकड़ा जाएगा। गौरतलब है कि इसी महीने की 2 तारीख को रायबरेली पुलिस ने ऐसे गैंग का खुलासा किया था जो ज़ेवर चमकाने के नाम पर टप्पेबाज़ी कर उसे लेकर फरार हो जाते थे। पिछले दिनों लालगंज और ऊंचाहार थाना इलाके में ऐसे ही दो मामले सामने आये थे। दोनों ही घटनाओं में इस गैंग के सदस्य दोपहर का समय देखकर जब पुरुष घर में नहीं होते थे तब ज़ेवर साफ करा लो की हाँक लगाते थे।इस गैंग के झांसे में फंसी महिलाओं ने पहले एक दो ज़ेवर दिया जिसे बहुत अच्छा साफ कर दिया गया। जब महिलाओं को विश्वास हो गया कि यह लोग पेशेवर सफाई करने वाले हैं तो वो घर के अंदर दूसरे ज़ेवर लेने गयीं और इधर गैंग के सदस्य पहले वाले आभूषण लेकर फरार हो गया।मामले में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है टीमें गठित कर दी गई है जल्द ही ठगी करने वाली महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## 6 दिवसीय शुरू हुई कथा, पहले दिन श्रोताओं की लगी रही भीड़



रायबरेली। हरचन्द्रपुर के पूरे गुलाब सिंह गांव में हो रही श्रीमद्भागवत कथा शुरू हो गई है। 6 दिवसीय शुरू हुई कथा के पहले दिन कथा सुनने वाले लोगों की भीड़ रही है। मुख्य यजमान वीरेंद्र सिंह ने पूजा पाठ करने के बाद कथा का शुभारंभ किया गया है। कथा वाचक वृंदावन के पूज्य गुरु योगेन्द कृष्ण शास्त्री जी ने अपने मुख से कथा कहकर लोगो को रशपान कराया है। वही आज पूज्य गुरु योगेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की महत्व के बारे में बताते हुए कहा गया है कि कथा की सार्थकता जब ही सिध्द होती है जब इसे हम अपने जीवन में व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हुए अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें।भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है। इससे संशय दूर होता है और शंति व मुक्ति मिलती है। इसलिए सद्गुरु की पहचान कर उनका अनुकरण एवं निरंतर हरि स्मरण,भागवत कथा श्रवण करने की जरूरत है।

# जिले के अफसरों से उठ चुका जनता का विश्वास, अब सिर्फ सीएम योगी से आस

**अवैध पैथलाजियो,नर्सिंगहोम्स,अल्ट्रासाउंड सेंटर पर न तो स्वास्थ्य विभाग न ही जिला प्रशासन कर रहा है कोई कार्यवाही**

**जिले की सीएमओ रश्मि वर्मा अवैध पैथोलॉजी डायग्नोस्टिक सेंटर पर कार्रवाई करने से क्यों कतरा रही.....?**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ व डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा संभाल रहे बृ जेश पाठक सरकारी अस्पतालों में मुफ्त में जांच, मुफ्त दवा का वितरण करा रहे है जिससे गरीबो को इलाज में पैसा खर्च न करना पड़े।

मुख्यालय से लेकर सीएचसी पीएचसी,यहां तक कि एएनएम सें टरो तक दवाओं का निःशुल्क वितरण हो रहा है।लेकिन लगता है गोंडा जिले का स्वास्थ्य विभाग सीएम योगी आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की सोच के विपरीत सोच रखता है।तभी तो जिला मुख्यालय पर बैठे अफसर नगर व ग्रामी ण क्षेत्र में सीएचसी के नाक के नीचे दर्जनों से अधिक अवैध पैथालोजी नर्सिंग होम्स व अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे है।लेकिन इनके खिलाफ कार्यवाही कोई नही कर रहा है।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि सीएचसी के जिम्मेदार चिकित्सक से सेटिंग होने के कारण अवैध होते हुए भी वैध है और धड़ ल्ले से अपना रोजगार करके अनपढ़ गंवार मरीजो से जोंक की तरह उनका खून चूस रहे है।

बता दे कि ऐसी पैथॉलॉजियो पर न तो मानक के अनुरूप क्वालिफाइड लैब असिस्टेंट है,न ही अल्ट्रासाउंड करने वाला चिकित्सक और न ही न र्सिंग होम्स में प्रशिक्षित सर्जन बावजूद अगर इन लोगो पर कार्य वाही नही होती है।तो निश्चित है कि स्वास्थ्य विभा ग के साहब लोगो को ये लोग दक्षिणा जरूर अर्पि त करते होंगे।सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगो का कहना है कि जिले का स्वास्थ्य विभाग इन लोगो पर कोई भी कार्यवाही नही करे गा न ही जिला प्रशासन क्योंकि जिले के अफसरो से जनता का विश्वास उठ चुका है।अब अगर किसी पर विश्वास है जो ऐसे अवैध केंद्रों पर कार्यवाही क रा सकते है तो वे है प्रदेश के मुखिया योगी आदि त्य नाथ या फिर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक अब देखना है कि गोंडा जिले में अवैध पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटर व अवैध नर्सिंग होम पर मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ या उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक कब इन अवैध कारोबारियों पर कार्यवाही करने का आदेश दे रहे है..? इसके पहले जितनी भी खबरें छपी है लेकिन इन पर अभी तक कार्य वाही नही हुई है।वही इससे जिले की सीएमओ र श्मि वर्मा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।लोगो के द्वारा बताया जा रहा है कि अवैध पैथॉलॉजियो और नर्सिंग होम्स पर आखिर क्यों नही कार्य वाही कर रही है...? सीएमओ गोंडा रश्मि वर्मा ? आखिर इनके खिलाफ कार्यवाही से पीछे क्यो हट रहा है स्वास्थ्य विभाग.. ?

# सूखे अमृत सरोवर,कैसे बुझेगी बेजुबानों की प्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। सूखी हलक जिंदा रहने की जद्दोजहद के साथ भागदौड़ कर रहे बेजुबान पक्षियों और मवेशि यों को जल शून्य गांव के ताल तलैया मुंह चिढ़ा रहे हैं।अमृत सरोवरों में पानी भराने के लिये जिला प्र शासन बेखबर है।एक माह से तेज धूप और गर्म हवा के थपेड़ों से तपिश भरा मौसम बेजुबान पशु पक्षियों के लिये भारी पड़ता जा रहा है।गांवो में सरकारी योजनाओं के तहत लाखों खर्च से खोदे गये अमृत सरोवर तालाबों में कहीं भी बूंद भर पा नी नजर नहीं आ रहा है।मौसम की तपिश में सूखी हलक लिए पशु पक्षियों को पानी की तलाश में ल म्बी भागदौड़ करनी पड़ रही है। प्रकृति के भरोसे जीवन बशर करने वाले बेजुबान पशु पक्षियों पर बढ़ती गर्मी भारी पड़ रही है।देखा जाय तो जिले के विकास खंड़ में अमृत सरोवर,मॉडल तालाबों के नि र्माण के पीछे जहां सरकार का एक उद्देश्य वर्षा ज ल संचयन का था,वहीं दूसरी सोच यह भी थी कि प्रकृति के भरोसे जीवन बसर करने वाले पशु पक्षि यों को इन तालाबों पर प्यास बुझाने के लिये पानी मिल जायेगा।लेकिन वहीं तालाबों के भीटे पर लगे पेड़ों से छांव भी मिल जायेगी।लेकिन पंचायतों की गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली से न तो तालाबों में पा नी भराया जा रहा है और न ही सुरक्षा का कोई बंदोबस्त है।रख रखाव के अभाव में लगे पेड़ ही कही कही ही नजर आ रहे हैं।ऐसे मे मौसम की तपिश बेजुबान मवेशियों और पक्षियों पर भारी पड़ रही है।जिला प्रशासन भी इस आसन्न संकट से बे खबर अभी तक विकास खंड के जलशून्य तालाबों में पानी भराने की पहल नहीं कर सका है।

# थाना प्रभारियों से ज्यादा एसपी सुनते है पीड़ितों की फरियाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में मलाईदार थाने पर जुगाड़ से पोस्टिं ग पाने वाले थाना प्रभारियों को जनता की समस्या से कोई वास्ता नहीं है।उनका सिर्फ एक उद्देश्य है। जिसके लिए वह अपना ऊर्जा खर्च करते है।उनके उद्देश्य को पूरा करने का जिस प्रार्थना पत्र में कूबत होती है।उस पर ही वह अपनी सक्रियता दिखाते है।अन्यथा थाना परिसर के वातानुकूलित आवास से बाहर निकलने की जहमत नही उठाते है।थाना प्रभारियों के ढीलेपन से जहां अपराधियो के हौसले बुलंद है।वहीं पीड़ितों को न्याय की गुहार के लिए एसपी के यहां जाना उनकी विवसता है।थानों पर फरियाद लेकर पहुंचने वालों को सबसे पहले तो पुलिसिया उत्पीड़न का इस कदर शिकार होना पड़ ता है।जैसे वह थाने पर आकर सबसे बड़ा गुनाह कर दिए।अधिकांश थाना प्रभारियों की स्थिति यह है वह अपने वातानुकूलित आवास कक्ष से ही था ना चला रहे है।इनसे मिलने के लिए बाकायदा थाने पर खास लोग लगाए गए है।जो यह तय करते है कि बड़े साहब के यहां जाने लायक है कि नही। क्योंकि साहब के मानक का आकलन यह लोग प्राथना पत्र के आधार पर करते है।थानो पर पाड़ि तो की आवाज न सुना जाना पर जांचकर्ता अन्याय को अपने भाग्य से जोड़कर वापस घर चले जाते है।वहीं कुछ पुलिस थाने के इस कृत्य पर हिम्मत जुटाते हुए पुलिस अधीक्षक के जनता दरबार मे पहुंच जाते है।हालांकि सीधे एसपी के जनता दर बार मे आज भी पीड़ित सीधे अपने से नही पहुंच पाता।फिर वह किसी न किसी-किसी क़ो अपना वैशाखी बनाता है।एसपी के जनता दरबार मे पहुं चकर अपनी बात को रखते है।जहां से सम्बंधित थाने को वह शिकायती पत्र बकायदे आईजी आर एस के माध्यम से भेजा जाता है।जिसके बाद जिस थाने पर फरियादी से सीधे मुंह बात न करने वाले पुलिसकर्मी आईजीआरएस के प्रार्थना पत्र मिलने के बाद पीड़ित के समस्याओं को सुनते है।

# शायरो की महफिल में पढ़े गए कलाम तरही नशिस्त का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । नगर के बेलदारन टोला में नवाज़ बहराइची के मकान पर अंजुमन गुलज़ारे अदब की महाना तरही नशिस्त का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय शायरों ने पहुंचकर महफिल को कामयाब बनाया। मिसरा इस तरह था चला गया तो कभी लौटकर न आयेगा। नशिस्त की सदारत शायर व पत्रकार शकील अंसारी मकी नानपारवी ने की। नशिस्त के मेहमान खुसूसी शायर नवाज़ बहराइची रहे। नशिस्त की निज़ामत शायर व साहित्यकार ज़मीर नानपारवी ने की। शायरों की सजी इस महफिल में सभी शायरों ने अच्छे-अच्छे कलाम पढ़े और खूब वाहवाही लूटी। शायर व साहित्यकार रोशन ज़मीर नानपारवी ने पढ़ा - जुनूने इश्क़ का परवान चढ़ गया जिस दिन कोई भी राह में ख़ौफ़ व ख़तर न आयेगा। शम्स नानपारवी ने पढ़ा - अभी तो रोक ले ऐ शम्स यार को वरना चला गया तो कभी लौटकर न आयेगा कैफ़ नानपारवी ने पढ़ा -तमाम रात कटेगी बदल-बदल करवट, अगर सनम वो मिरा रातभर न आयेगा। सफ़ीर नानपारवी ने पढ़ा -नज़र हटेगी न जब तक तुम्हारी आंखों से, ज़मी पे घुंघरू जो पायल का गर न आयेगा । नवाज़ बहराइची ने पढ़ा -मिरी भी शाम वही आख़िरी बस होगी नवाज़, अगर वो शाम से पहले जो घर न आयेगा। अबरार नानपारवी ने पढ़ा - वहां पे आपने ही उसको बिठाया है ऐ दोस्त, जहां बशर उसे कोई नज़र न आयेगा। उमर नानपारवी ने पढ़ा - हमारे साथ थे जो ज़ख़्म बांटने वाले, उस उस सफ़र में कोई हमसफ़र न आयेगा। शकील मकीं ने पढ़ा - किसे है ख़ौफ़ पयामे क़ज़ा वह लायेगा, मकी वो वक्त से तो पेशतर न आयेगा।

इनके अलावा तमाम शायरों ने अपने कलाम पेश कर महफिल को कामयाब बनाया। शायरों के अलावा पत्रकार सरफराज सिद्दीकी, पत्रकार अय्यूब अंसारी, हलीम अंसारी, कलीम कुरैशी, आसिफ नानपारवी, लल्लन अंसारी, सनी, राजन, सलीम ख़ान व तमाम लोग मौजूद रहे। नशिस्त के आख़िर में कन्वीनर रोशन ज़मीर और सफ़ीर नानपारवी ने आए हुए सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# वंचितों को आवास और जरूरतमंदों को मुहैया कराएं इलाज : सीएम योगी

**जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 150 लोगों की समस्याएं**

**अधिकारियों से बोले मुख्यमंत्री, हर पीड़ित की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । रविवार को गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद सोमवार सुबह जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इन समस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि हर पीड़ित की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है लिहाजा हर समस्या को संवेदनशीलता से देखा जाएगा और जरूरी कदम उठाए जाएं। इस दौरान आवास की गुहार लेकर तथा इलाज में सहायता की मांग को लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया और अधिकारियों से कहा कि आवास से वंचित लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जाए एवं जरूरतमंदों के इलाज में धन की बाधा न आने दी जाए। सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद मांगने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने पक्के आवास की समस्या मुख्यमंत्री को बताई। इस पर सीएम ने अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में किन्हीं कारणों से जो भी पात्र लोग वंचित रह गए हैं, उन्हें योजना के दायरे में लाकर पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए।

# एम्स के सुरक्षा गार्डो ने मुख्यमंत्री से जनता दरबार में लगाई गुहार

**सुरक्षा गार्डो ने कहा बेरोजगार होने से बचा लें महाराज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स गोरखपुर में 6 वर्षों के कार्य कर रहे 410 सुरक्षा गार्ड को नोटिस मिलने के बाद उन पर आफत का पहाड़ टूट पड़ा। सदर सांसद रवि किशन शुक्ला, और केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान,से एम्स के गार्ड ने मुलाकात कर ज्ञापन दिया था।

उन्होंने भी आश्वासन दिया था। कि आप सभी को न्याय मिलेगा। कुछ गार्ड हताश होकर बीमार पड़ गए हैं इलाज चल रहा है। रविवार मुख्यमंत्री की आगमन की सूचना पर सोमवार जनता दरबार में भारी संख्या में सुरक्षा गार्ड गोरखनाथ गेट पर इकट्ठा हुए एक महिला सुरक्षा अपनी समस्या को मुख्यमंत्री अवगत कराया। कोरोना काल जैसे महामारी में हम लोग ड्यूटी दिए हैं। और आज हमें ड्यूटी से निकाला जा रहा है इसी नौकरी से हम लोग के घर खुला जानता है बच्चों की पढ़ाई होती है बहुत हमारे ऐसे गार्ड है जिन्होंने इसी नौकरी के भरोसे लोन ले रखा है नौकरी नहीं रहेगा लोन कैसे भर पाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने आश्वासन दिया। बोला आप लोग परेशान मत हो मामला मेरे संज्ञान में है। इस मामले का जांच होगी महिला सुरक्षा गार्ड ने बताया मुख्यमंत्री जी ने आश्वासन दिया। मुझे उन पर पूरा विश्वास है हम 410 सुरक्षा गार्ड को न्याय मिलेगा।

इस मौके पर उमेश मिश्रा,योगेंद्र दुबे, सुधाकर गुप्ता, अभिषेक मिश्रा, विजय यादव, वीरेंद्र सिंह, तरुण मिश्रा, राज यादव, श्री हरि मिश्रा, निधि राय मीनू सिंह, अर्चना पासवान, ममता गुप्ता, रूबी उपाध्याय, अनीता,अंजू चौहान, सर्वेस दीक्षित, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## मोबाइल छिनैती के तीन आरोपी गिरफ्तार,फोन बरामद

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अप राध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अ भियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी म नोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नग र आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने छिनैती करने के तीन आरोपी अंकि त पाण्डेय पुत्र शेषनाथ पाण्डेय,संजय पाण्डेय पुत्र हरिनारायण पाण्डेय,सुधीर चौबे पुत्र सुरेश बहादुर चौबे निवासी मोकलपुर थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छिनैती का एक मोबा इल फोन व घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाईकिल बरामद किया गया।बताते है 11 मई क़ो लगभग 11:05 बजे,थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत बुध ई पुरवा निवासी महिला वंदना पत्नी मुकेश अपने घर के दरवाजे पर टहल रही थीं।इसी दौरान मोटर साइकिल सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों ने महिला से मोबाइल फोन छीन लिया।महिला के शोर मचाने पर थाना कोतवाली नगर की गशत कर रही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए तीनों अभियुक्तों को तिवारी बाजार ब्रह्म बाबा स्थान से गिरफ्तार कर लिया।

## अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर किया आत्महत्या

खोराबार,गोरखपुर । एम्स थाना क्षेत्र के कुसम्ही बाजार राम जानकी मंदिर परिसर के एक कमरे में रविवार की देर रात पंखे से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया। कुसम्ही बाजार निवासी निखिल 17 वर्ष पुत्र साधु कुसम्ही बाजार स्थित रामजानकी मंदिर पर रहकर पूजा अर्चन करता था रविवार की देर रात मंदिर परिसर के एक कमरे में पंखे से लटककर अपनी जान दे दिया।घटना की सूचना पाकर चौकी प्रभारी जगदीशपुर शैलेन्द्र प्रताप सिंह अपने हमराहियों के साथ पहुचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया ।निखिल दो भाई तीन बहनों में तीसरे नम्बर का था और काफी साल से राम जानकी मंदिर में रहकर पूजा अर्चन करता था।

## ट्रेन से गिरकर युवक घायल,मेडिकल कालेज रेफर

जरवल, बहराइच। लखनऊ गोंडा रेल प्रखंड पर ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। कैसरगंज थाना क्षेत्र के गण्डारा चौकी अंतर्गत जयसिंहपुर निवासी राम जागे (35) पुत्र ननकू जरवलरोड से ट्रेन पड़कर परदेश जा रहे थे। ट्रेन में भारी भीड़भाड़ के चलते ओवर ब्रिज के पास ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर उपनिरीक्षक हरिद्वार तिवारी व रोशन सिंह ने पहुंचकर रेलवे पटरी के किनारे घायल पड़े युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया। इलाज के बाद इमरजेंसी चिकित्सक ने युवक की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड संतोष कुमार सिंह ने बताया कि युवक कच्छा बनियान पहने हुए बेहोशी की हालत में था। सर से खून निकल रहा था।

## महिला ने खाया जहरीला पदार्थ अस्पताल मे भर्ती

जरवल, बहराइच। अज्ञात कारणों से महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। महिला को लेकर सीएचसी में भर्ती कराया गया है।जरवलरोड थाना क्षेत्र के ग्राम खासेपुर निवासी कमला देवी (28) पत्नी रिंकू ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने गंभीर हालत में महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया है जहां इलाज किया जा रहा है प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली है,तहरीर मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## बुद्ध ने विश्व को कल्याण और शांति का मार्ग दिखाया: सूर्य प्रताप शाही



कुशीनगर। सोमवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बैसाख बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मुकुट बंधन चैत्य का दर्शन किया। मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर पहुंचे और बुद्ध की लेटी प्रतिमा पर चीवर चढ़ाया। कृषि मंत्री श्री शाही ने बुद्ध के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि भगवान बुद्ध भगवान विष्णु के नौवें अवतार हैं। जिन्होंने विश्व को करुणा, मैत्री और शांति का पाठ पढ़ाया।बुद्ध को मानने वाले दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में बड़ी संख्या में हैं। बुद्ध स्थली के महत्व को देखते हुए सरकार यहां 650 करोड़ की लागत से भगवान बुद्ध के नाम से कृषि विश्वविद्यालय का निर्माण करा रही है। जिससे पूरे विश्व में कुशीनगर की पहचान एक नए रूप में सामने आ रही है। इसी क्रम में श्री शाही ने ईपीसी पद्धति से बन रहे महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय का निरीक्षण किया।

# मसाज सेंटर्स का गुलाबी धंधा, फुल और हाफ के सर्विस से लूट रहे ग्राहक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले में एक 'बिजनेस' ऐसा भी है चाहे मंदी हो या तेजी हमेशा यह बिजनेस गुलजार रहता है।यहां बात हो रही है मसाज-स्पा सेंटरों की।गोण्डा के विभिन्न हिस्सों में करीब दर्जनों से अधिक मसा ज सेंटर खुले हैं।अगर इनकी सर्विस को मिलाकर एक दिन की कमाई का ग्राफ देखें तो वह लाखो से रुपये से ऊपर पहुंच जाता है।भले ही कागजों में ये सेंटर जीएसटी के दायरे में आते हों,लेकिन स्पा सेंट र के काउंटर पर कैश लेकर ग्राहक को अंदर भेज दिया जाता है।कई जगहों पर मसाज सेंटर मालिक जीएसटी के दायरे से बाहर रहने के लिए अपना सालाना कलेक्शन पांच लाख रुपये से ज्यादा नहीं दिखाते।

**लगातार बढ़ रही है ग्राहकों की संख्या**

जिले में चल रहे स्पा या मसाज सेंटर्स के लिए लो गों का क्रेज दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।पिछले साल एक या दो स्पा सेंटर थे,आज इनकी संख्यादर्जनों से ऊपर का आंकड़ा पार कर गई है।खास बात है कि मंदी के दौर में भी इन सेंटरों पर मिलने वाली विभिन्न सेवाओं के रेट भी बढ़ गए हैं।इसके बावजूद ग्राहकों की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है। पहले ग्राहक से यह पूछा जाता था कि बता एं आप कैसा मसाज लेंगे।उन्हें थाई, स्वीडिश,डिप टिश्यू,ड्राई मसाज,ऑयल मसाज,ट्रिगर प्वाइंट या थाई थैरेपी आदि दर्जनभर मसाज का विकल्प दि या जाता था।आज हालत यह है कि स्पा सेंटर में काउंटर पर फीस जमा कराने के बाद ग्राहक जब रुम में पहुंचता है,तो मसाज गर्ल्स का पहला सवा ल होता है कि आप फुल सर्विस लेंगे या हाफ सर्वि स नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्थित स्पा सेंटर के मालिक का कहना है,अब यह धंधा बढ़ता जा रहा है,आप गोंडा नगर क्षेत्र के किसी भी हिस्से में चले जाएं,खासतौर से बड़ी मार्केट हो या फिर कालोनी या फिर शॉपिंग मॉल के आसपास हर माह कोई न कोई नया स्पा सेंटर खुल रहा है।

**क्या है फुल या हाफ सर्विस**

सभी जानते हैं कि फुल सर्विस में अश्लीलता की सभी सीमाएं लांघी जाती हैं।अब हाफ सर्विस का मतलब भी समझा जा सकता है।अगर ग्राहक फुल सर्विस के लिए बोलता है तो उससे तीन हजार रुप ये से लेकर चार हजार रुपये तक मांगे जाते हैं। हा फ सर्विस का रेट एक हजार से लेकर दो हजार रुप ये के बीच रहता है। तिरंगा मार्केट में स्थित एक स्पा सेंटर के मालिक का कहना है,ये रेट इलाके वाइज तय होते हैं।रिहासी इलाकों में फुल सर्विस का रेट तीन-चार हजार रुपये के आसपास रहता है।वही कुछ ऐसे भी स्पा सेंटर चल रहे हैं जहाँ पर ग्राहक़ो क़ो फुल सर्विस दो हजार रुपये में ही मिल जाते है.वही बहराइच रोड पर खुले स्पा सेंटर पर ये रेट 1,500 रुपये से दो हजार रुपये के बीच रहते हैं। किस लड़की या महिला से मसाज कराना है,स्पा सेंटर पर यह च्वाइस भी मिलती है।

# तीन वर्ष से सड़क निर्माण की बाधा बनी सरकार के लिए चुनौती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। विगत तीन वर्षों से निर्माणाधीन मायंग से नौगवांतीर सड़क विभागीय लापरवाही के चलते उखाड़कर छोड़ दी गयी है। अब पुनः इस पथ के यात्रियों को बरसात में मायंग के कीचड़युक्त जलभराव और बदहाली का शिकार होना पड़ेगा। जिसकी जिम्मेदारी न जिला प्रशासन न विभाग लेना चाहता है और न ही सरकार की कसौटी पर खरा उतर रहे जिम्मेदार अधिकारी।

तीन वर्ष पहले मायंग वाया नौगवातीर तक प्र0मं0ग्राम सड़क योजना सड़क की लंबाई 8.20 किमी0 निर्माण हेतु स्वीकृत हुई। उक्त मार्ग निर्माण हेतु अधीक्षण अभि0ग्रा0अभि0विभाग परिक्षेत्र अयोध्या द्वारा-आर जी विल्डवेल इंजीनियर्स लिमि0 ठ-30 आरडीसी रामनगर गाजियाबाद 201002 यू0पी0इंडिया के पक्ष में अनुबंधित किया गया है। मार्ग का निर्माण यफडीआर द्वारा कराया जाना है। निर्माणकार्य शुरू तो हुआ, सड़के उखाड़ डाली गयीं किन्तु किसी कारणवश अब विगतवर्षों से निर्माण अधर में छोड़ दिया गया। बड़े बड़े गड्ढे वाली यह सड़क अब दुर्घटनावली सड़क बन गयी है।



**मायंग गांव में बरसात आते ही ताल बन जाती है यह सड़क**

मायंग से नीचे यह सड़क बदहाल होकर तालाब की शक्ल में हो गयी है। मायंग गांव का पानी इसी सड़क पर बहता है और बरसात में तो यह सड़क तालाब की शक्ल ले लेता है। जिससे यात्रियों को जान जोखिम में डालकर यात्रा करना पड़ता है। मायंगबाजार, धनपतगंज बाजार व चिकित्सा हेतु बैंकिंगकार्य, शिक्षण हेतु आदि आवश्यक कार्य हेतु छात्र छात्राओं व अन्य पथिक इसी रास्ते यात्रा करने को मजबूर हैं।

## मायंग के पथिक, क्या फिर झेलेंगे जलभराव व कीचड़युक्त सड़क की यातनाएं

'निर्माणाधीन सड़क रुकना, जिला प्रशासन व शासन के लिए बना चुनौती'

लोगों में यह एक यक्षप्रश्न बना है कि यह सड़क किस कारण अधर में लटक गई । कंास्ट्रक्शन कम्पनी कार्य क्यों नही कर रही है ?.काऱण क्या है ?..... क्या जिला प्रशासन इस बड़ी जनसमस्या को जानबूझ कर नजरअंदाज कर रही है ?... फिलहाल कारण कुछ भी हो। अब पुनः बरसात नजदीक है। स्थानीय लोगों के लिए यह समस्या बहुत बड़ी है । जो शासन की मंशा पर बड़ा सवाल है। समाजसेवी मनोराम जायसवाल, अवध कुमार सिंह पप्पू सिंह, डॉ0बलराम मिश्रा, जमुना पांडेय, उत्तम सिंह आदि लोगों ने उक्त सड़कनिर्माण की अतिशीघ्र करवाने की ,उ0प्र0शासन एवम जिला प्रशासन से मांग की है।

# प्रदेश व केन्द्रीय नेतृत्व को संदेश देने जमा हुये असंतुष्ट कांग्रेसी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। आज 12 मई को पयागीपुर चौराहे के पास श्री राम गेस्ट हाउस में सुल्तानपुर कांग्रेस का एक असंतुष्ट धड़ा ने एक मीटिंग की। जिसमे पुनः अध्यक्ष पद मिलने पर कॉग्रेसियों ने एक सुर से विरोध व्यक्त किया और एक बड़ा सन्देश प्रदेश नेतृत्व और केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचाने का पुरजोर समर्थन एक सुर में सभी ने किया। कॉग्रेसियों का कहना था कि पूरे जनपद में पार्टी बिगत 6 वर्षों से बूथ स्तर पर शून्य है संघठन नाम की कोई चीज नहीं है. जिले स्तर पर जो भी संगठन अभी तक बना था । केवल कागजी था। महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, छात्र संघठन सेवादल अन्य सभी फ्रंटल संघठन मृत प्राय हैं। ब्लॉक संघठन का बुरा हाल है ऐसे में उसी अध्यक्ष को पुनः स्थापित करके प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व पार्टी को कहा ले जाना चाहते हैं लगभग 150 वरिष्ठ और निवर्तमान पदेन कांग्रेसियों ने पुरजोर विरोध किया। जिसमें मुख्य रूप से योगेश सिंह, योगेश पांडेय, अमोल बाजपाई, डीसी पांडेय, तेज बहादुर पाठक, सिराज अहमद भोला, प्रेम भाई, ओम प्रकाश चौटाला, विजय पाल, हरख नारायण., राजेश ओझा, शक्ति तिवारी, जफ़र अहमद, कंचन सिंह, मीनू यादव, अरुणा तिवारी आदि सम्मानित वरिष्ठ कांग्रेसी लगभग 175 की संख्या में उपस्थित थे।

## महिला अस्पताल में बंद पड़ा शौचालय, अस्पताल प्रशासन की मनमानी



सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव के दावों से इतर सच्चाई कुछ और ही बया कर रही है। जिला महिला चिकित्सालय में मरीजों और तीमारदारों को बुनियादी सुविधाओं के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन ने परिसर के शौचालयों पर ताले लगा दिए हैं। परिसर में नगर पालिका परिषद् द्वारा संचालित एक ही शौचालय खुला है। इस शौचालय को धन उगाही का केंद्र बना दियट्टा गया है। मरीजों और उनके परिजनों से शौचालय के उपयोग के लिए शुल्क वसूला जा रहा है। यह कार्य न केवल गैरकानूनी है, बल्कि अस्पताल में नि:शुल्क सुविधाओं के नियम का भी उल्लंघन है। इस व्यवस्था से सबसे अधिक कठिनाई प्रसूताओं को हो रही है। उन्हें बार-बार शौचालय जाने की आवश्यकता होती है। मरीजों के परिजनों को या तो खुले में जाना पड़ रहा है या शुल्क देना पड़ रहा है। बुजुर्ग, विकलांग और छोटे बच्चों वाले परिवारों की स्थिति और भी खराब है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अस्पताल में मरीजों का इलाज तो हो रहा है, लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## भाई को मौत के घाट उतारने वाला युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने मोबाइल चार्जिंग को लेकर सगे भाई को मौत के घाट उतारने के मामले में वांछित युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप भी बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश एवं मुखबिर की सूचना पर थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा हत्या के मामले में वांछित मनीराम पुत्र स्वर्गीय रामचरन निवासी खौपुर बुजुर्ग थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतालिस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवक ने बताया कि दिनांक नौ मई की रात मैं शराब के नशे में अपने भाई सनीराम को गाली दे रहा था जिससे सनीराम मुझसे उलझ गया तो वहीं पास में पड़ा लोहे का पाइप उठाकर मैंने सनीराम के सिर में मार दिया था, जिससे सनीराम का सिर फट गया। घायल होने पर हम लोग इलाज हेतु सीएचसी संग्रामपुर लेकर गये जहां डाक्टरों ने केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया। दस मई की रात में इलाज के दौरान सनीराम की मृत्यु हो गयी थी।डर से सनीराम के शव को घर के बाहर छोड़कर मैं भाग गया था। पुलिस ने पकड़े गये युवक की निशानदेही पर एक अदद लोहे का पाइप (आलाकत्ल) मनीराम के घर से बरामद किया गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

## अवैध खनन में लिप्त जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर-ट्राली-सीज

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफ़िरखाना पुलिस ने अवैध खनन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये एक अदद जेसीबी एक अदद टैक्टर मय ट्राली व एक अदद मोटरसाइकिल को सीजकर दिया है। पुलिस की कार्यशैली से अवैध खनन करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर उप निरीक्षक नसीम अशरफ मय हमराही को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर से ग्राम पूरे पहलवान में अवैध खनन की सूचना प्राप्त हुई।पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचने पर अवैध खनन करने वाली एक अदद जेसीबी, एक अदद ट्रैक्टर मय ट्राली व एक अदद मोटरसाइकिल को कब्जे में लिया गया। पुलिस टीम ने मौके पर मौजूद सतीश तिवारी पुत्र शिवबहादुर तिवारी, अजय पुत्र दिनेश निवासीगण मठा भुसुण्डा थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी एवं जितेन्द्र यादव पुत्र भवानीप्रसाद निवासी भरतपुर मजरे पूरे पहलवान थाना मुसाफिरखाना से खनन अनुमति व उपरोक्त वाहन संबंधित प्रपत्र मांगने पर दिखा नही सके।थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुये जेसीबी, ट्रैक्टर मय ट्राली व मोटरसाइकिल को एमवी एक्ट के तहत सीजकर दिया गया है।

## खेत से चोरी हुये पंपिग सेट को पुलिस ने किया बरामद

पूरनपुरकैनविज टाइम्स संवाददाता। सफी अहमद पुत्र हबीब निवासी शेरपुर कला ने मे शिकायत दर्ज कराई थी। कि अज्ञात चोर द्वारा आम के बाग से रात्रि में खेत सिचाई हेतु रखी पम्पसेट चोरी कर ली है।सूचना पर तत्काल पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी पूरनपुर पुलिस टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर वाहन चैकिंग के दौरान पूरनपुर पुलिस द्वारा शातिर चोर को चोरी की गयी पम्पसेट सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया जेल भेजे गये अभियुक्तों मे उपेन्द्र पुत्र धनीराम, छोटेलाल पुत्र कामताप्रसाद महादिया पूरनपुर को चोरी की गयी पम्पसेट के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।दरोगा प्रताप सिंह, अंकित कुमार, प्रिन्स कुमार मौजूद रहे हैं ।

## अवैध खनन करते ट्रैक्टर-ट्राली को एसडीएम ने पकड़ा किया सीज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसडीएम अजीत प्रताप सिंह,नायब तहसीलदार ऋषि कुमार ने मिट्टी का अवैध खनन करते मिट्टी भरे ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर सीज कर दिया है। खनन में लगी मशीन व अन्य ट्रैक्टर ट्राली लेकर चालक लेकर भाग गए थाना पूरनपुर क्षेत्र के कई गांवों में रात में मिट्टी के खनन का कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है। खनन माफिया शाम होते ही मिली भगत से गहलुइया के एक खेत मे मिट्टी खनन करने वाली मशीन व एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों को लगाकर मिट्टी का अवैध खनन करने में जुट जाते है। रात भर मिट्टी भरे ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर फर्राटा भरकर मिट्टी को गंतव्य तक पहुंचाने में लगे रहते हैं। सुबह होते ही खनन का कार्य बंद कर दिया जाता हैं। रविवार रात गहलुइया के पास खेत मे बुलडोजर लगाकर ट्रैक्टरों से मिट्टी के अवैध खनन होने की सूचना एसडीएम को मिली। रात मे एसडीएम,नायब तहसीलदार,पुलिस बल के साथ छापामारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने ट्राली में मिट्टी भरे एक ट्रैक्टर को कब्जे में लिया। इस दौरान खनन कर रहे अन्य ट्रैक्टर व बुलडोजर लेकर चालक मौके से भाग गए। खनन निरीक्षक ने पकड़े गए ट्रैक्टर को अवैध खनन में सीज कर दिया खनन कर रही बुलडोजर व अन्य ट्रैक्टर मौके से भाग गए हैं।

# हरित योग और ध्यान कार्यक्रम सम्पन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। आयुष मंत्रालय के हरित योग के आवाहन पर सीताकुंड धाम पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ,नवयोग सूर्योदय सेवा समिति, गोमती मित्र मंडल के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित हरित योग कार्यक्रम में लोगो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विश्व योग दिवस-25 की अंतर मंत्रालयी समिति के सदस्य योग गुरु डॉ नवदीप जोशी ने कहा कि प्राचीन समय से योग को पर्यावरण के साथ करना उत्तम माना गया है। हरित योग व्यक्ति को पर्यावरण के साथ मिलकर स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है। कार्यक्रम संयोजक परमेंद्र सिंह ने बताया कि विश्व योग दिवस के पूर्व गोमती नदी के घाट की सफाई, वृक्षारोपण एवम् योगिक खेल, योगाभ्यास और ध्यान के कार्यक्रम आयोजित हुए। आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता का प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि के द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, अभाविप काशी प्रांत के प्रांत उपाध्यक्ष डा संतोष सिंह अंश, सिविल लाइंस सभासद रमेश सिंह टिन्नू, श्री धनंजय सिंह मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल सुल्तानपुर की प्रधानाचार्या नीलम सिंह , योग गुरू रामफ़ेर सिंह, कुँवर दिनकर सिंह, राजेंद्र सिंह, राकेश सिंह, विनय सिंह, साहिल कुमार मिश्र, आयुष विश्वकर्मा, कृष्णा श्रीवास्तव अम्बेश्वर मिश्र, मारुत कुमार , सुधा सिंह,श्रेया शुक्ला, शिल्पी श्रीवास्तव, रीता पाण्डेय,प्रीति तिवारी, सुरज, जतिन मिश्र,व 150 से अधिक योग प्रेमी उपस्थित रहे।

## डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माधौटांडा का किया औचक निरीक्षण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने तहसील कलीनगर क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माधौटांडा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टाफ के संबंध में जानकारी ली व स्टाफ रजिस्टर को चेक किया गया। इसके साथ ही साधारण प्रसव की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य एवं उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली । उन्होंने कहा कि डॉक्टर समय पर उपस्थित रहते हुए स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे कि आम जनमानस को असुविधा न हो। अस्पताल में दवाइयां के उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दवाएं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंदगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी कलीनगर सहित अन्य उपस्थित रहे है।

## कविता संग्रह भावों का अनंत सागर का नगरपालिका चेयरमैन ने किया विमोचन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मातृ दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद पूरनपुर में डॉ. नीता अग्रवाल की दूसरी पुस्तक 'भावों का अनन्त सागर' कविता-संग्रह का विमोचन मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी कल्पना गुप्ता, विशिष्ट अतिथि पंडित राम अवतार शर्मा, अंशुमाली दीक्षित,सतीश मिश्र 'अचूक', देवेन्द्र कुमार अग्रवाल, कौशलेंद्र भदौरिया एवं प्रभा गुप्ता के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। ज्ञातव्य हो कि इससे पूर्व प्रकाशित उनके प्रथम खण्ड-काव्य 'चूड़ामणि' को पाठकों का विशेष स्नेह प्राप्त हुआ है।सर्वप्रथम माँ शारदे के पूजन के पश्चात वंदना की गई।विकास आर्य स्वप्न ने संचालन का कार्यभार बखूबी संभाला।विवेक तिवारी का सहयोग प्रशंसनीय रहा। नीता के सुपुत्र मोहित अग्रवाल ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। नीता ने नगर पालिका अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। सभी ने पुस्तक के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए। उपस्थित श्रेष्ठ कवियों ने अपनी कविताओं से सभी का मन मोह लिया। अंत में डॉ. नीता अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आत्मीय शब्दों में आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपनी यह पुस्तक अपने पति स्व. सुशील कुमार अग्रवाल को समर्पित की है। उन्हें अपनी उपलब्धियों का श्रेय प्रदान किया।कार्यक्रम में सौरभ शर्मा, दीपक द्विवेदी,संजीता सिंह, कवयित्री डाक्टर नीराजना शर्मा, सुषमा आर्या, ऋचा गुप्ता,गीता अग्रवाल, रेनू अग्रवाल,राधिका अग्रवाल, सुजाता जायसवाल, पुत्र वधू प्रिया अग्रवाल, पोती प्रशस्ति अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे। जर्मनी से उनके पुत्र डॉ. हर्षित अग्रवाल एवं पुत्रवधू डॉ. पूजा पंत अग्रवाल डिजिटल रूप से कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। सभी ने कृति और कृतिकार की प्रशंशा की है।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जिला अस्पताल सुल्तानपुर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सलील श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए सीएमएस पुरुष अस्पताल डॉ. आर.के. मिश्रा, सीएमएस महिला अस्पताल डॉ. आर.के. यादव, वरिष्ठ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट डॉ. निशीकांत, डॉ. रामधीनेंद्र तथा डॉ. आर.पी. सिंह ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ के समर्पण, सेवा भाव और समाज में उनके अतुलनीय योगदान को सम्मानित किया गया। मैट्रन रेनू सिस्टर ने नर्सिंग स्टाफ की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ज्योति सिस्टर द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने कुशल एंकरिंग से माहौल को जीवंत बनाए रखा। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने नर्सों को स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बताते हुए उनके समर्पण की सराहना की और उन्हें समाज की असली नायिका कहा।

# व्यक्ति का जीवन सार्थक अवश्य होना चाहिये : आचार्य शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जामो विकास क्षेत्र के गांव लालपुर में आयोजित श्रीमदभागवत कथा के प्रथम दिवस पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज नें कहा कि इस संसार को भवसागर कहा गया है क्योंकि जिस प्रकार सागर के दो छोर होते हैं परन्तु दिखता एक ही है उसी प्रकार जन्म और मृत्यु भी इस संसार रूपी सागर के दो छोर हैं जिसमें जन्म तो दिखता है परन्तु मृत्यु किसका कब होगा। ये पता नही इसलियें इस संसार को भवसागर कहा गया है और ये भागवत जी की कथा इस संसार सागर से पार जानें की नौका है जिस पर बैठकर संसार का सामान्य मनुष्य भी भगवान के परमपद को प्राप्त कर सकता है। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि जो भगवान का है वही भागवत है पूरी भागवत जी की कथा में समय समय पर भगवान के भक्तों की कथा सुनाया गया है। महाराज जी नें कहा कि ये भागवत जी की कथा को सप्ताह ज्ञान यज्ञ कहते हैं क्योंकि इसमें अपने अज्ञान की आहुति देकर भगवत तत्व को जाना जा सकता है।भागवत जी में सूत जी महाराज शौनकादि ऋषियों को कथा सुना रहें हैं शौनक ऋषियों नें सूत जी से भगवत प्राप्ति का सबसे सरल उपाय पूछा है सूत जी नें सभी शास्त्रों के सार रूप में श्रीमदभागवत की कथा सुनाई है जो इस कलियुग के ताप को शान्त करके मुक्ति दिलानें में सर्वथा सक्षम है क्योंकि व्यक्ति का जीवन दीर्घ हो या न हो दिव्य होना चाहिये।हमारा जीवन सफल हो या न हो सार्थक अवश्य होना चाहिये।नारद जी ने कहा कि भक्ति ज्ञान व वैराग्य एक दूसरे के पूरक है और ये सब भागवत जी की कृपा से प्राप्त होता है । शौनकादि ऋषियों नें नारद जी को हरिद्वार में गंगा जी के पावन तट पर कथा सुनाई है शौनक जी नें कहा कि भागवत जी के श्रवण मात्र से व्यक्ति का पाप ताप नष्ट हो जाता है इस सिद्धान्त के उदाहरण स्वरूप शौनक जी नें नारद जी को अजामिलो अजामिलोपाख्यान सुनाया है सभी श्रोता समाज महाराज जी के श्री मुख से कथा का श्रवण करके आनंदित हो उठा। कार्यक्रम के आयोजक पूर्वांचल विकास बोर्ड के अध्यक्ष विजय विक्रम सिंह ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा नियमित सायं पांच बजे से आठ बजे तक होगी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, मनीष पाठक, दिग्विजय सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# जानलेवा हमले के आरोपी प्रधान को पूरनपुर ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। कुछ दिन पूर्व पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जादोपुर गहलुइया की रहने वाली मैसर जहां पत्नी शकील खां ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र मे बताया था। कि मेरा पुत्र नसीब खां पुत्र शकील खां की गांव में मस्तान शाह मिया की दरगाह पर मोबाईल मरम्मत की दुकान है।11 बजे दिन के गांव का ही व्यक्ति फुरकान पुत्र सितारूद्दीन दुकान पर आया और मोबाईल की मरम्मत करने को कहा तभी मेरे पुत्र ने कहा कि आज बिजली आंधी और पानी की वजह से खराब हो गई है। इसलिये ने मोबाईल ठीक नही कर पाउंगा इतने में फुरकान ने पुत्र को गाली देते हुये थप्पड़ मार दियाथा और अपने घर की तरफ भाग गया था इतने में उक्त फुरकान ने अपने घर के सभी दबंग लोगों को बुला लिया था। जिसमें सितारूद्दीन पुत्र रियाजुद्दीन, प्रधान इमरान खां पुत्र सितारूद्दीन जलालुद्दीन,हसमुद्दीन, रियाजुद्दीन,नूरूद्दीन पुत्रगण रियाजुद्दीन व मुश्ताक पुत्र अनीमुल्ला खां,मुजीब पुत्र जकरुल्ला खां,अशपाक खां पुत्र कल्लू खां व सहरूद्दीन, मेराजुद्दीन पुत्र सादिक खां एक राय होकर नफीस खां के घर के अन्दर घुस कर उसे बाहर खींच लाये और उस पर हमलावर हो गये और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ कि इमरान के हाथ में तलवार थी सितारूद्दीन के हाथ बांका था बाकी सभी लोगों के हाथ में चाकू व धारदार हथियार थे तमन्चा लहराते हुये हवाई फायर करते हुये बोले आज सभी लोगों को जान से मार देगें कोई भी जिन्दा नही बचेगा बीच बचाव कराने आये पुत्तन खां की हालत गम्भीर बनी हुई है।शिकायती पत्र के अनुसार दबंग लोगो के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें पुलिस ने प्रधान इमरान खा व एक अन्य को पूरनपुर खानका मस्जिद के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से दरोगा मोहित सिंह,प्रदीप कुमार, सनीआर्य कांस्टेबल शुभम, गुड्डू उपस्थित रहे हैं।




## डीएम ने कान्हा गौ संरक्षण केंद्र का किया औचक निरीक्षण

पूरनपुर । डीएम संजय कुमार सिंह ने रविवार को कलीनगर मे स्थित कान्हा गौ संरक्षण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निराश्रित गौवंशों हेतु भूसा,पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान गौशाला में 220 में निराश्रित गौवंशों को आश्रित किया गया है। जिलाधिकारी ने गौवंशों की नियमित देखरेख हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने गौवंशों के ईयर टैगिंग व कृत्रिम गर्भाधान के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि पशु चिकित्सक द्वारा नियमित गोवंशों की देखभाल की जा रही है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया कि गौशाला में गौवंशों हेतु पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा व चोकर उपलब्ध हैं। मौके पर केयर टेकर उपस्थित पाए गए। इस दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

# आखिरकार अमेरिकी मीडिया क्यों अलाप रहा राफ़ेल विरोधी राग

भारत और पाकिस्तान के बीच फिलहाल शांति है। युद्ध में हार और जीत के आकलन के बीच कुछ कहानियां राफ़ेल की भी सुनवाई जा रही हैं। खासकर फ्रांस से प्राप्त राफ़ेल जेट को लेकर अमेरिकी मीडिया में बहुत सारी बातें बिना सिर-पैर की हो रही हैं। पाकिस्तान ने 7 मई को यह दावा किया था कि उसने तीन राफ़ेल समेत भारत के पांच जंगी जहाजों को गिरा दिया। पाकिस्तान अपने इन दावों के लेकर खुद ही हंसी का पात्र बना, उसके रक्षा मंत्री से एक विदेशी मीडिया ने जब पूछा कि सबूत क्या है, तो उन्होंने जवाब दिया कि सोशल मीडिया में सब चल रहा है। यही नहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपनी पार्लियामेंट में यहां तक कह दिया कि पाकिस्तान चाहता तो 12 भारतीय जेट गिरा सकता था, मेहरबानी कर के पांच ही गिराया। जिस देश के हुक्मरान इतने नादान और मूर्ख हों, उस देश का भविष्य क्या हो सकता है। अब यही मूर्खता विदेशी मीडिया के कुछ अन्य प्लेटफार्म से भी हो रही है। द वाशिंगटन पोस्ट, द न्यूयॉर्क टाइम्स और सीएनएन चैनल जैसे बड़े मीडिया हाउस पाकिस्तान के भोपू बने हैं। वह कुछ मनगढ़ंत खबरों के जरिए अमेरिकी हित साधने की कोशिश कर रहे हैं। विश्लेषण की जरूरत है। कहीं यह अमेरिकी हथियार के सौदागरों के एजेंट तो नहीं बन रहे हैं। सीएनएन ने राफ़ेल के गिरने की खबर पाकिस्तानी रक्षा सूत्रों से चला दी, जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया है, जिनमें तीन राफ़ेल जेट, एक मिग-29 और एक सुखोई 30 फाइटर जेट शामिल हैं। अपनी खबर को पुष्ट दिखाने के लिए सीएनएन ने एक कथित अनजान फ्रांसीसी खुफिया अधिकारी का हवाला भी दे दिया, जिसने कथित रूप से यह स्वीकार किया कि भारतीय वायु सेना को दिए गए राफ़ेल लड़ाकू विमानों में से एक को पाकिस्तान ने मार गिराया है। रॉयटर्स ने भी दो अनजाने अमेरिकी अधिकारियों का हवाला देते हुए यह खबर चला दी कि चीन निर्मित पाकिस्तानी लड़ाकू विमान ने कम से कम दो भारतीय सैन्य विमानों को मार गिराया। इस मामले में न्यूयॉर्क टाइम्स भी पीछे नहीं रहा। इस अमेरिकी मीडिया ने भी वही अज्ञात स्रोत का सहारा लिया और खबर चला दी कि भारत ने कम से कम दो विमान खो दिए हैं। बस उसने राफ़ेल का नाम नहीं लिया। वाशिंगटन पोस्ट ने तो एक फ्रांसीसी विशेषज्ञ का भी हवाला दे दिया है, जो बकौल अखबार के यह स्वीकार करता है कि भारत ने मिराज-2000 और राफ़ेल विमान खो दिए हैं। मालूम हो कि राफ़ेल और मिराज दोनों दोनों फ्रांसीसी हैं। अमेरिकी मीडिया के इस रुख पर सवाल उठाना लाजिमी है कि जब अभी तक पाकिस्तान ने जहाज गिराए जाने के कोई ठोस सबूत नहीं दिए हैं और ना भारत ने इस संबंध में कोई पुष्टि की है। फिर अमेरिकी मीडिया अज्ञात स्रोतों का हवाला देकर इतनी बड़ी खबर क्यों चला रहा है। क्या उनके उद्देश्य कुछ और हैं? कहीं यह अमेरिकी लड़ाकू विमानों की मार्केटिंग का फंडा तो नहीं है। यह सबको खबर है कि भारत समेत कई देश इस समय लड़ाकू विमानों की खरीदारी के लिए इच्छुक हैं। दुनिया एयरोस्पेस बाजार बहुत बड़ा है और अरबों खरबों डॉलर के सौदे होने हैं। चूंकि अमेरिका भी लड़ाकू विमानों का सौदागर है और वह अपने एफ-35 जेट के लिए कई देशों में लामबंदी कर रहा है। इसलिए उसके लिए सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी फ्रांसीसी राफ़ेल ही है। राफ़ेल के खिलाफ खबरें उसी कंपटीशन का हिस्सा हो सकती हैं। भारत राफ़ेल के लिए सौदे कर चुका है। भारतीय वायुसेना को कुल 114 लड़ाकू विमान खरीदने हैं। अभी तक भारत 36 राफ़ेल विमानों की डिलीवरी प्राप्त कर चुका है। बाकी विमान भारत को अभी और लेने हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफ़ेल के गिरने की खबर चलाने के पीछे एक मकसद यही हो सकता है कि राफ़ेल की छवि पर ही सवाल खड़ा कर दिया जाए।

# तीन राज्यों में जीती प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी

**पाकिस्तान की फितरत को देखते हुए भारत सरकार एवं भारतीय सेना अधिक चौकस, सावधान एवं सतर्क रहते हुए संघर्ष-विराम के लिये यदि सहमत हुई है तो उसका स्वागत होना चाहिए। जब भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाकर कड़ा संदेश दे दिया तो संघर्ष विराम को एक समझदारी भरा फैसला ही माना जायेगा। यदि पाकिस्तान ने फिर आतंकवादियों को मदद-हथियार देकर भारत पर हमले करवाये तो उसकी हर हरकत का जवाब पहले से ज्यादा ताकतवर, विनाशकारी एवं विध्वसंक होगा। शनिवार को हुए समझौते के कुछ ही घंटों के बाद सीज़ फायर के अतिक्रमण ने बता दिया कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार के बजाय सेना ही समांतर रूप से सत्ता चला रही है। जिसे भारत-पाक के बीच शांति पसंद नहीं है। तभी भारत ने स्पष्ट किया है कि पाक के साथ बातचीत राजनीतिक, ईएएम स्तर पर या एनएसए के बजाय सिर्फ डीजीएमओ स्तर पर ही होगी। पाकिस्तान को परमाणु ठिकानों पर हमले का डर सता रहा था, भय एवं डर की इन स्थितियों के बीच पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सहयोग मांगा एवं युद्ध विराम के लिये अपनी सहमति दी, भारत ने अपनी शर्तों पर, पाकिस्तान को झटका देने के बाद इस सीज फायर पर सहमति जताई है तो यह भारत का बडप्पन है, उसकी बड़ी सोच का ही परिचायक है और भारत की कूटनीतिक जीत है। एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाई गयी है। दुनिया ने भी भारत की सैन्य पराक्रम एवं स्वदेशी हथियारों की ताकत को देखा और समझा है। एक बानगी भर में जब पाकिस्तान ने पुंछ और राजौरी समेत रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया तो जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना ने भी पाकिस्तानी सेना के कई महत्वपूर्ण अड्डों को तबाह कर दिया।**

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर जारी तनाव एवं युद्ध की स्थितियों के बीच भारत ने बड़ा ऐलान करते हुए सीज फायर लागू किया। चार दिन चले सैन्य संघर्ष में परिस्थितियां और भी ज्यादा नाजुक हो गई थीं एवं पाकिस्तान की भारी तबाही हुई। दोनों परमाणु सम्पन्न देशों के बीच के बढ़ते तनाव के बीच समझौते के बाद भले ही पाकिस्तान के विनाश का सिलसिला थम गया हो, लेकिन उसकी एक भूल भारी का सबब बन सकता है। क्योंकि भारत ने यह बड़ा फैसले लेते हुए कहा था कि भविष्य में उसकी जमीन पर किसी भी आतंकवादी हमले को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसकी गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। पाकिस्तान की फितरत को देखते हुए भारत सरकार एवं भारतीय सेना अधिक चौकस, सावधान एवं सतर्क रहते हुए संघर्ष-विराम के लिये यदि सहमत हुई है तो उसका स्वागत होना चाहिए। जब भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाकर कड़ा संदेश दे दिया तो संघर्ष विराम को एक समझदारी भरा फैसला ही माना जायेगा। यदि पाकिस्तान ने फिर आतंकवादियों को मदद-हथियार देकर भारत पर हमले करवाये तो उसकी हर हरकत का जवाब पहले से ज्यादा ताकतवर, विनाशकारी एवं विध्वसंक होगा। शनिवार को हुए समझौते के कुछ ही घंटों के बाद सीज़ फायर के अतिक्रमण ने बता दिया कि पाकिस्तान में चुनी हुई सरकार के बजाय सेना ही समांतर रूप से सत्ता चला रही है। जिसे भारत-पाक के बीच शांति पसंद नहीं है। तभी भारत ने स्पष्ट किया है कि पाक के साथ बातचीत राजनीतिक, ईएएम स्तर पर या एनएसए के बजाय सिर्फ डीजीएमओ स्तर पर ही होगी। पाकिस्तान को परमाणु ठिकानों पर हमले का डर सता रहा था, भय एवं डर की इन स्थितियों के बीच पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सहयोग मांगा एवं युद्ध विराम के लिये अपनी सहमति दी, भारत ने अपनी शर्तों पर, पाकिस्तान को झटका देने के बाद इस सीज फायर पर सहमति जताई है तो यह भारत का बडप्पन है, उसकी बड़ी सोच का ही परिचायक है और भारत की कूटनीतिक जीत है। एक बार फिर पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाई गयी है। दुनिया ने भी भारत की सैन्य पराक्रम एवं स्वदेशी हथियारों की ताकत को देखा और समझा है। एक बानगी भर में जब पाकिस्तान ने पुंछ और राजौरी समेत रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया तो जवाबी कार्रवाई करते हुए भारतीय सेना ने भी पाकिस्तानी सेना के कई महत्वपूर्ण अड्डों को तबाह कर दिया। सेना ने रावलपिंडी समेत पाक सेना के 4 एयरबेस नष्ट कर दिए। पाकिस्तान की फतेह मिसाइल को हवा में ही खत्म कर दिया गया। लाहोर एवं करांची सहित पाकिस्तान में अनेक स्थानों पर भारी तबाही से सहम गये पाकिस्तान ने घुटने टेक दिये। भारत ने उसके एयर डिफेंस सिस्टम की धज्जियां उड़ाकर जिस तरह उसके प्रमुख एयरबेस ध्वस्त किए, उसके बाद उसके सामने और अधिक तबाही एवं शर्मिंदगी झेलने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया था। यह ठीक है कि सैन्य टकराव रोकने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने की, लेकिन इसका मूल कारण तो भारत का यह संकल्प रहा कि इस बार पाकिस्तान को छोड़ना नहीं है। भारत ने संघर्ष विराम केवल सैन्य टकराव रोकने तक सीमित रखकर कूटनीति एवं राजनीतिक परिपक्वता का ही परिचय दिया है। भारत ने पाकिस्तान को सही रास्ते पर लाने के लिए उसके खिलाफ सिंधु जल समझौते स्थगित करने जैसे जो कठोर फैसले लिए, वे यथावत रहेंगे। ये रहने भी चाहिए, क्योंकि धोखा देना एवं अपनी बात से बदलना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। इस पर यकीन के साथ कुछ कहना कठिन है कि अब वह भारत में आतंक फैलाने से बाज आएगा। उसने और खासकर उसकी सेना ने भारत के प्रति जो नफरत पाल रखी है, उसके दूर होने में संदेह है। भारतीय नेतृत्व को पाकिस्तान के प्रति अपने संदेह से तब तक मुक्त नहीं होना चाहिए, जब तक वह आतंक से तौबा नहीं करता और कश्मीर राग अलापना बंद नहीं करता। सीजफायर की कहानी 9-10 मई की रात से शुरू होती है, जब पाकिस्तान पर करारा पलटवार करते हुए भारतीय वायुसेना ने पाक सैन्य ठिकानों पर ब्रह्मोस-ए क्रूज मिसाइल दाग दी। इस दौरान रावलपिंडी के नूरखान, चकलाला और पंजाब के सरगोधा एयरबेस को निशाना बनाया गया। यह हमला रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय के बेहद करीब हुआ। इसके बाद पीओके में जकोबाबाद, भोलारी और स्कार्दू एयरबेस को भी तबाह किया गया। भारत के द्वारा पाकिस्तानी एयरबेस पर हमले से बौखलाए पाक को अगला निशाना उनके परमाणु कमांड और कंट्रोल इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने का डर सताने लगा। ऐसे में पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी। अमेरिका पहले से दोनों देशों के संपर्क में था। मगर, परमाणु की बात सुनकर अमेरिका भी हड़बड़ी में आ गया। पहलगाम आंतकी हमले के बाद तेजी से बदले घटनाक्रम के चलते 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू होते ही पाक स्थित बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में आतंकी ठिकानों को सेना ने मिट्टी में मिला दिया। फिर एक बार भारतीय सेना प्रोफ़ेशनल एवं सैन्य मानकों पर खरी उतरी। जिसमें वायुसेना-नौसेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 'ऑपरेशन-सिंदूर' की कामयाबी से बौखलाए पाक ने एलओसी समेत कई शहरों पर हमले किये, जिसे हमारे प्रतिरक्षातंत्र ने विफल किया। विदेशी डिफेंस सिस्टम के साथ मिलाकर बनायी गई कई परतों वाली प्रतिरक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के तमाम हमले विफल कर दिए। तमाम विदेशी रक्षा विशेषज्ञों ने इस प्रणाली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। भारत के मारक हमलों के सामने असहाय पाकिस्तान ने अमेरिका, सऊदी अरब व चीन जैसे देशों से सीज़ फायर के लिये गुहार लगायी। लेकिन भारत ने अपनी शर्तों पर सीज़ फायर पर सहमति जतायी। प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि सीमा पार से यदि कोई गोली चली तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा। पाकिस्तान का यह आरोप बेबुनियाद है कि तनाव की शुरुआत भारत ने की। भारत ने पाकिस्तानी सेना के ठिकानों को अभी तक निशाना नहीं बनाया है। दरअसल, आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान लंबे अरसे से दुनिया को गुमराह करता आया है। ताजा मामले में भी वह झूठ फैला रहा है कि भारत की स्ट्राइक उसके धार्मिक स्थलों पर हुई और इसमें आतंकी नहीं, आम नागरिक मारे गए हैं। यह झूठ दरअसल उसी साजिश का हिस्सा है, जिसके तहत आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग करके भारत में सांप्रदायिक तनाव फैलाने का प्रयास किया था। सच्चाई तो यह है कि धर्म को आतंक से पाकिस्तान ने जोड़ा है। आतंकवादियों को पालना-पोसना और उनके जरिये छद्म युद्ध लड़ना पाकिस्तान की पुरानी आदत रही है, लेकिन इस बार वह जिस तरह आम लोगों का इस्तेमाल ढाल की तरह कर रहा है, वह निंदनीय एवं शर्मनाक होने के साथ-साथ चिंताजनक भी है। इससे उसकी हताशा झलकती है। भारत का मकसद आतंकवाद का खात्मा है, युद्ध नहीं है। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस को साफ बताया था कि पाकिस्तान की किसी भी हरकत की प्रतिक्रिया विनाशकारी साबित हो सकती है। निस्संदेह, भारत की सटीक कार्रवाई और पाकिस्तान के हमलों को विफल बनाने से दुनिया में स्पष्ट संदेश गया कि भारत एशिया की एक बड़ी शक्ति है। यह भी कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर न केवल सतर्क है बल्कि पाकिस्तानी हमलों को विफल बनाने की ताकत भी रखता है। भारतीय सेनाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन इसकी मिसाल है। आधुनिक तकनीक व मजबूत प्रतिरक्षा तंत्र के बूते भारत पाक के सैन्य प्रतिष्ठानों, हवाई अड्डों व प्रतिरक्षा प्रणाली को करारी चोट देने में सफल हुआ। पाक को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। वहीं उसके मित्र तुर्की व चीन द्वारा दिए गए हथियारों, ड्रोन व प्रतिरक्षा प्रणाली को भारतीय सेनाओं ने नेस्तनाबूद कर दिया। हमने दुनिया को बताया कि हम अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे। पाकिस्तान के पास विकल्प बहुत ज्यादा नहीं हैं। उसकी अर्थव्यवस्था इस संघर्ष को लंबा झेल पाने में असमर्थ है, युद्ध को तो वह भूल ही जाए। इसके बाद भी अगर वह दुस्साहस करने की सोच रहा है, तो यह जरूरी हो जाता है कि उस तक पहुंचने वाली मदद को भी रोका जाए। उसे आईएमएफ से नए राहत पैकेज का इंतजार है और भारत सरकार इसका विरोध करेगी। दुनिया को समझ लेना चाहिए कि पाकिस्तान को मिलने वाली कोई भी मदद आखिरकार आतंक फैलाने में ही इस्तेमाल होगी। **-ललित गर्ग**

# महात्मा बुद्धः दया, करुणा व मानवता के पक्षधर

**श्वेता गोयल**

हर साल वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को मनाई जा रही है। माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गोत्र था, किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे, लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया,परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया। सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दुःख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दुःख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण संन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा कि यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है। सारथी ने बताया,'यह एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दुःखों का सामना करना ही पड़ता है। आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध,निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दुःख झेलने पड़ते हैं,उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है। सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दुःखी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया,जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकल कर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए, किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोधगया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए। मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे। सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। 'तथागत' यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया,वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोधगया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में उन्होंने दुनिया भर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए।

## सेहत मंत्र

# कंधे में दर्द से परेशान हैं तो यह उपाय तुरंत राहत दिलाएंगे

जब भी आप गलत तरीके से सोते हैं या फिर आवश्यकता से अधिक व्यायाम करते हैं तो आपके कंधे में दर्द होने लगता है। कभी-कभी कुछ भारी सामान उठाने के कारण भी कंधों में दर्द की समस्या का सामना करना पड़ता है। आमतौर पर देखने में आता है कि लोग इसकी अनदेखी करते हैं और एक या दो दिन में यह दर्द खुद-ब-खुद ठीक हो जाता है। लेकिन अगर आपको समय के साथ अपने दर्द में आराम का अहसास न हो तो यह बेहद आवश्यक है कि आप इस दर्द को ठीक करने के लिए कुछ उपाय करें। तो चलिए आज हम आपको ऐसे ही कुछ उपायों के बारे में बताते हैं- सिंकाईः दर्द को दूर करने में आप सिंकाई की मदद ले सकते हैं। कंधों में दर्द से आराम के लिए आप ठंडी सिंकाई करें। ठंडी सिंकाई दर्द के क्षेत्र में उत्तकों को सुन्न करने में मदद करता है, जिससे दर्द में राहत मिलती है। ठंडी सिकाई करने के लिए आप एक प्लास्टिक बैग में बर्फ के कुछ टुकड़े डालें और फिर उस बैग को एक पतले टावल में लपेट दें। इस टावल को दर्द वाले स्थान पर रखें। आप चाहें तो ठंडे पानी में तौलिया डुबोकर उससे भी सिकाई कर सकते हैं। इससे भी आपको काफी राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त गर्म सिंकाई भी कंधों के दर्द में आराम दिलाती है, लेकिन यह सिंकाई आप तभी करें, जब किसी चोट के कारण आपको कंधे में दर्द हो और चोट लगने के 48 घंटों के भीतर ही गर्म सिंकाई करें। कंप्रेशन : दर्द को कम करने में कंप्रेशन भी एक असरदार तरीका है। कंप्रेशन न सिर्फ दर्द वाले स्थान पर दबाव डालता है, बल्कि इसके चलते आपके हाथों को एक सपोर्ट भी मिलता है। जिससे आप अपने हाथों को अच्छी तरह मूव कर पाते हैं। इसके लिए आप इलास्टिक बैंडेज की मदद से अपने दर्द वाले स्थान को बांधें। यह बैंडेज आपको केमिस्ट शॉप से आसानी से मिल जाती है। कुछ दिन लगातार इस उपाय को करने से दर्द व सूजन में काफी हद तक राहत मिलती है। लेकिन बैंडेज बांधते समय ध्यान रखें कि आप इसे बहुत अधिक जोर से न बांधें अन्यथा इससे ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है और आपकी स्थिति बद से बदतर हो जाती है। मसाज : जब आप हल्के हाथों से दर्द वाले स्थान पर मसाज करते हैं तो इससे आपका ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। ब्लड सर्कुलेशन के बेहतर होने से आपके क्षतिग्रस्त उत्तकों को रिपेयर होने में काफी कम वक्त लगता है। इस प्रकार आपके कंधों का दर्द व सूजन भी ठीक हो जाता है। मसाज करने के लिए आप नारियल, सरसों या ऑलिव ऑयल को हल्का गर्म करके इस्तेमाल कर सकते हैं।

## धर्म मंत्र


# श्रीकृष्ण के तीन पौराणिक मंत्र किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देते

भगवान श्रीकृष्ण संबंधी मंत्र तो बहुत हैं लेकिन कुछ खास मंत्रों का ही प्रचलन और महत्व है। यहां प्रस्तुत हैं कृष्ण के सरल एवं पौराणिक मंत्र सभी मंत्र को जपने से पूर्व एक बार ? श्री कृश्णाय शरणं मम। मंत्र का उच्चारण अवश्य करें। पहले मंत्र के लिए पवित्रता का विशेष ध्यान रखें। स्नान पश्चात कुश के आसन पर बैठकर सुबह और शाम संध्या वंदन के समय उक्त मंत्र का 108 बार जाप करें। यह मंत्र जीवन में किसी भी प्रकार के संकट को पास फटकने नहीं देगा।

ॐ कृष्णाय वासुदेवाय हरये परमात्मने, प्रणतः क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः॥ दूसरा मंत्र संकटकाल में दोहराया जाता है। जब कभी भी व्यक्ति को आकस्मिक संकट का सामना करना पड़ता है तो तुरंत ही पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ उक्त मंत्र का जाप कर संकट से मुक्ति पाई जा सकती है। ॐ नमः भगवते वासुदेवाय कृष्णाय, क्लेशनाशाय गोविंदाय नमो नमः। तीसरा मंत्र निरंतर दोहराते रहना चाहिए। उक्त मंत्र को चलते-फिरते उठते-बैठते और कहीं भी किसी भी क्षण में दोहराते रहने से कृष्ण से जुड़ाव रहता है। इस तरह से श्री कृष्ण का निरंतर ध्यान करने से व्यक्ति कृष्ण धारा से जुड़कर मोक्ष प्राप्ति का मार्ग पुष्ट कर लेता है।

'हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे।, हरे राम हरे राम, राम-राम हरे-हरे। कृष्ण मंत्रों का महत्व-उक्त मंत्र के महत्व को समझते हुए अन्य की ओर जो अपना मन नहीं लगाता वह कृष्ण की शरण में होता है और जो कृष्ण की शरण में है उसे किसी भी प्रकार के रोग और शोक सता नहीं सकते।

## पर्यटन



# एडवेंचर एक्टिविटीज करने के साथ लें मौसम का मज़ा, हिमाचल में बसे इस मनोरम जगह जाकर

शिमला से तकरीबन 54 किमी. दूर स्थित लगभग अनछुई जगह है तत्तापानी। यहां रोमांचक गतिविधियों के संग आप इन दिनों मना सकते हैं बारिश का उत्सव। रिमझिम बारिश की फुहारों के साथ बादलों की अठखेलियां मन मोह लेती हैं। ऐसे में इस अनछुई, प्यारी जगह का दीदार करना किसी शानदार सौगात से कम नहीं। यहां सतलुज नदी की ठंडी धारा के बीच 70 डिग्री सेल्सियस के तापमान वाला गर्म पानी का सोता निरंतर बह रहा होता है। इसे आज से 20 साल पहले यहां के स्थानीय लोगों के अलावा कोई जानता तक नहीं था। ऐसे में यहां के निवासी प्रेम कुमार रैना, जिनका घर नदी के बिलकुल पास हुआ करता था, उन्होंने एक दिन इस कीमती धरोहर को पहचाना। आज प्रेम कुमार रैना 'हॉट वाटर स्प्रिंग' नाम से एक नेचुरोपैथी वेलनेस सेंटर भी चलाते हैं, जहां दूर-दराज से लोग स्वास्थ्य लाभ लेने आते हैं। आयुर्वेद और नेचुरोपैथी के जरिए लोग अनेक रोगों से मुक्ति पाते हैं। हिमालय के ऊपरी इलाकों के निवासी जोड़ों के दर्द से राहत पाने हर साल यहां आते हैं। मान्यता है कि यह स्थान वास्तव में देवों का स्थान रहा है। यहां पांडवों ने वास किया, ऋषियों ने तपस्या की, इसीलिए यहां कदम-कदम पर चमत्कार देखने को मिलते हैं। तत्तापानी के स्थानीय लोग इस स्थान को महर्षि जमदग्नि की तपोभूमि मानते हैं। महर्षि अपनी पत्नी रेणुका और पुत्र परशुराम के साथ यहां तत्तापानी के आसपास रहा करते थे। इह जगह का धार्मिक अनुष्ठानों के लिए बहुत महत्व है। यहां हर साल माघ मेला लगा करता है। शिमला से तत्तापानी की दूरी लगभग दो घंटे में पूरी होती है, लेकिन इन रास्तों पर ड्राइव का मजा दूरी का एहसास नहीं होने देता। रास्ते में इतने सुहाने नजारे मिलते हैं कि आप मुग्ध हो जाएंगे। चूंकि शिमला से यह पूरा रास्ता उतराई की तरफ है, इसलिए पहाड़ों का नजारा बहुत आकर्षक है। इन रास्तों में कई धार्मिक स्थल पड़ते हैं, जिन्हें देखते हुए आगे बढऩे में आनंद आता है। देश और दुनिया से बहुत सारे बाइकर ग्र्रुप इस घाट पर ड्राइव करने आते हैं। किन्नौर और काजा जाने वाले भी इसी रूट को पसंद करते हैं। अगर आप ट्रेकिंग के शौकीन हैं तो यह जगह आपके लिए स्वर्ग के समान है। देवदार के जंगलों के बीच ट्रेकिंग करने का अलग ही मजा है।

# शांति कामी शक्तियों की हुई जीत : शिव दर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। युद्धौमांदी शक्तियों को उन्हीं के अगुआ ने छटक दिया और कहा था यही शांति कामी शक्तियों की जीत हुई। इस जीत ने यह साबित कर दिया है कि शासक वर्ग के चुनावी बहकावे में जनता नहीं आएगी। शांति वार्ता का स्वागत है।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सम्मेलन के आयोजक शिवदर्शन वर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि शाति से ही देश और दुनिया का विकास हो सकता है। आर डी मेमोरियल पब्लिक स्कूल माती में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव पर्यवेक्षक अरविंद राज स्वरूप की उपस्थिति में 41 सदस्यीय जिला काउंसिल चुनी गई। और जिलासचिव के पद पर कामरेड बृजमोहन वर्मा व जिला सह सचिव प्रवीण कुमार व विनय कुमार सिंह तथा कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा को चुना गया। मथुरा में होने राज्य सम्मेलन के बृजमोहन वर्मा प्रवीण कुमार रणधीर सिंह सुमन दीपक वर्मा रामनरेश वर्मा मुनेश्वर गोस्वामी व विनय कुमार सिंह को चुना गया है। सम्मेलन का समापन करते हुए नवनिर्वाचित जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार में कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार चरम पर है देश की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है।

# नर्स का नाम आते ही रोगी की सेवा की तस्वीर आंखों के सामने उभर आती है : डॉ संदीप बडोला

एजेंसी



मुरादाबाद । पंडित दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त जिला चिकित्सालय सिविल लाइन के नर्स मैस में सोमवार को नर्सेज डे का आयोजन किया गया। इस दौरान नर्सेस संघ ने केक काटकर हर्ष व्यक्त किया। मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश फार्मासिस्ट काउंसलिंग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संदीप बडोला ने स्वास्थ्य सेवा में नर्सों के योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि नर्स का नाम आते ही रोगी की सेवा की तस्वीर आंखों के सामने उभर कर आती है। जिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ संगीता गुप्ता ने कहा कि चिकित्सा कार्यों में सहयोग देने वाली नर्सों ने इस कार्य को इतना महान बना दिया है कि लोग इन्हें बहुत आदर और प्रेम से 'सिस्टर' कहकर पुकारते हैं। बिना भेदभाव के वह मुंह बोले रिश्ते को अपने पेशे के साथ-साथ बखूबी निभाती भी हैं। इसीलिए ये नर्स चिकित्सा में सेवा, समूचे स्वास्थ्य तंत्र और उससे जुड़ी तमाम चिकित्सीय प्रणालियों की 'रीढ़' मानी जाती हैं। उत्कृष्ट सेवा से ही मरीजों में विश्वास को जिंदा किए हुए हैं। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के मंडलीय सचिव डॉ हेमंत चौधरी ने कहा कि मरीजों के प्रति स्टाफ नर्स हमेशा समर्पित रहती हैं। प्रसव के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को बताया गया।

इस मौके पर नर्सेस संघ के सहायक नर्सिंग अधीक्षक आशुतोष त्यागी, नर्सेस संघ की अध्यक्ष पूनम मैसी, मंत्री प्रतिमा शर्मा, कोषाध्यक्ष सीमा भारती सहित जिला अस्पताल की समस्त नर्सेस उपस्थित रहीं।

## महिला की ईंट से कूचकर हत्या, पति हिरासत में

कानपुर। चौबेपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह महिला का शव उसके घर के बाहर मिला। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। महिला की हत्या ईंट से कूचकर की गई थी। चौबेपुर कस्बा में रहने वाले संजय शर्मा एक ढाबे में काम करके पत्नी बीनू शर्मा (36), तीन बच्चों का भरण पोषण करते हैं। बताया जा रहा है कि संजय शराब के नशे का आदी है, इसलिए अक्सर वह पत्नी के साथ मारपीट करता था। सोमवार को पत्नी का शव घर के बाहर मिला। हत्या की खबर मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। महिला के चेहरे और गले पर चोट के गहरे निशान मिले हैं। छत पर भी खून के धब्बे पाए गए हैं।

# साहब : नकली कीटनाशक की खुलेतौर पर हो रही बिक्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रामनगर तहसील क्षेत्र में नकली कीटनाशक दवाइयां खुलेआम बेची जा रही है। जिससे किसान परेशान है। कीटनाशक दवाइयां और बीज बेचने वाले ज्यादातर लोग गांव के रहने वाले हैं। किसी तरह से पंजीकरण करा कर तथा दूसरे के लाइसेंस पर कीटनाशक दवाइयों की दुकाने खोलकर नकली कीटनाशक दवाइयां बेची जा रही है। क्योंकि इसमें दुकानदारों को सबसे अधिक फायदा होता है। जब किसान इन दवाइयों को अपने खेतों में प्रयोग करते हैं, तो कीड़े नहीं मरते हैं,बल्कि उसमें लगी हुई फसले नष्ट हो जाती हैं ।क्योंकि कीटनाशक दवा बेचने वाले को कितनी मात्रा में दवा का प्रयोग करना है, उन्हें पूर्ण रूप से जानकारी नहीं है। वे लोग कच्चा बीघा व दवा डालने वाली टंकी के अनुसार ही मात्रा को निर्धारित करके किसानों को बता देते हैं ।जिससे फायदा होने के बावजूद फसलों का नुकसान बहुत होता है ।ऐसी स्थिति महंगाई को देखते हुए क्षेत्र का किसान परेशान है। इस संबंध में राजेश, भोला ,मैंकू लाल ,राम मूरत सहित दर्जनों किसानों का कहना है कि सरकार को समय-समय पर ऐसी दुकानों का निरीक्षण करना चाहिए तथा नकली दवाइयां के बजाय असली कीटनाशक दवाइयों को बेचने के लिए दिशा निर्देश देना चाहिए। जिससे किसानों को लाभ मिल सके और उनका पैसा बर्बाद होने से बच सके ।

कुछ दवाइयों की पैकेट पर उनकी कीमत नहीं छपी होती है। अगर छपी भी होती है ,तो इतना अधिक पैसा छपा होता है कि लोग नहीं ले पाते हैं ।ऐसी नकली दवाइयां में दुकानदार भी कुछ पैसा छोड़कर किसानों के हाथ पैकेट भेज देता है। अगर यह बीज और दवाइयां की पैकेट कंपनी की होगी तो उस पर मूल्य भी सही छपा होगा । दुकानदार किसी भोले वाले किसान को बेवकूफ नहीं बन पाएगा और उसे असली दवाइयां मिलेगी।

## लकड़ी कारोबारियों का सड़क पटरियों पर कब्जा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा सिद्धौर में रोड किनारे लकड़ी कारोबारियों द्वारा अवैध कब्जेदारी से आमजन की दुश्वारियां बढ़ गई है वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कस्बे में सिद्धौर जैदपुर मार्ग पर सिद्धौर दूरभाष,तथा सिद्धौर के मील चौराहा से कोटवा सड़क जाने वाले मार्ग पर सिद्धौर पोस्ट आफिस के समीप रोड के किनारे लकड़ी ठेकिया संचालित है।फुटपाथ से लेकर रोड तक लकड़ी के ढेर फैलने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। राहगीर व वाहन चालक खास कर दो पहिया दुर्घटना के शिकार होते हैं।वाले लकड़ियां ढेर आमजन के लिए जहां मुसीबत बन रहे वही रोड पर ही ट्रक आदि वाहन खड़ा कर लकड़ियों की लदान किए जाने से मार्ग अवरूद्ध रहता है।जिससे आने जाने वाले छोटे बड़े वाहन साईकिल, मोटर साइकिल सवार व स्कूली छात्र छात्राएं चोटिल हो रहे हैं। संचालकों द्वारा फुटपाथ से लेकर मार्ग तक फैलाए रखें जाने वाले अतिक्रमण के चलते जरा सी चूक राहगीरों के लिए मुसीबत का कारण बन जाती है। जिससे लोगों में असंतोष है।

## मिश्रीलाल मेमोरियल पब्लिक इंटर कालेज बेनीगंज में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

मछरेहटा/सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।शहर से लेकर ग्रामीण इलाको तक बुद्ध पूर्णिमा बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। वही पर सूरजपुर चौराहे पर स्थित मिश्रीलाल मेमोरियल पब्लिक इंटर कालेज बेनीगंज में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर सम्मान पूर्वक पुष्पांजलि अर्पित किया,। वही पर विद्यालय के डायरेक्टर अश्वनी सिंह ने तथागत गौतम बुद्ध के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। और विद्यालय के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार यादव ने बताया कि बुद्ध के अनुयायी बुद्ध पूर्णिमा को बुद्ध के जन्म के रूप मनाते हैं,माना जाता है कि इसी दिन बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। बौद्ध लेखों के अनुसार, गौतम बुद्ध ने बिहार के बोधगया में एक बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान लगाया था, तथागत गौतम बुद्ध जी के बताए रास्ते पर चलने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय के प्राइमरी विभाग के प्रधानाचार्य देशराज यादव, मोती शुक्ला मनोज कुमार शास्त्री शिवपाल बघेल रामकुमार अतुल यादव अंकित पांडेय कुलदीप यादव सुधीर कुमार दीक्षित निहारिका गौतम शालू पाल प्रतिभा राज शुभम यादव व विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रामप्रसाद रामखेलावन आदि लोग मौजूद रहे।

## छह दिवसीय एक्युप्रेशर इंटर्नशिप प्रारंभ

प्रयागराज। एक्युप्रेशर संस्थान के तत्वावधान में छह दिवसीय प्रयोगात्मक (इंटर्नशिप) प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ सोमवार को माता प्रसाद खेमका एक्युप्रेशर महाविद्यालय में हुआ। शाहजहांपुर के सीएमओ और महाकुम्भ के नोडल चिकित्साधिकारी डॉ वीके मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने महाकुम्भ 2025 के दौरान एक्युप्रेशर संस्थान के कार्यों और परिणाम की सराहना की और आश्वासन दिया कि भविष्य में भी यथासंभव सहयोग के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं भी दी। संस्थान के निदेशक एके द्विवेदी ने बताया कि सीमा पर तनाव के कारण अधिकांश प्रशिक्षु नहीं आ सके हैं। जिनके लिए शीघ्र ही अलग तिथि पर यह कार्यक्रम पुनः आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 17 मई तक चलेगा। प्रोफ़ेसर प्रभात वर्मा ने इस कार्यशाला की रूपरेखा बताते हुए जानकारी दी कि यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष एक्युप्रेशर पाठ्यक्रम में सेमेस्टर एक से सेमेस्टर दस तक के विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान देने के लिए आयोजित की जाती है। जिससे कि सटीक बिंदु पर उपचार देकर स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा सके। इस कार्यशाला को प्रो प्रभात वर्मा के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा सम्पन किया जाएगा। इस कार्यशाला में प्रत्येक प्रदेश से प्रशिक्षु शामिल हैं। इस अवसर पर प्रो रामकुमार शर्मा, प्रो. विशाल जायसवाल, प्रोफ़ेसर आलोक कमलिया, प्रोफ़ेसर अभय त्रिपाठी, उर्वशी उपाध्याय, कमलेश त्रिपाठी, सोनल दुबे सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षु शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील मिश्रा ने एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के महासचिव एम एम कूल ने किया।

## समाधि से टकराई अनियंत्रित बाइक, युवक की मौत व साथी घायल

औरैया ।फफूंद थाना क्षेत्र में एक युवक की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी समाधि से टकरा गई। जिससे बाइक चालक समेत उस पर बैठा दोस्त गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल भेजा जहां एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। थाना क्षेत्र के गांव खानपुर फफूंद निवासी करन सिह का 20 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार गांव निवासी अपने मित्र सौरभ कुमार के साथ बाइक से नजदीक के पाता गांव गया था। वापस लौटते समय खानपुर मोड़ पर पहुंचते ही वह नियंत्रण खो बैठा और बाइक सड़क किनारे बनी एक समाधि से टकरा गई। जिससे बाइक चला रहा अनुज और उसका दोस्त सौरभ उछलकर दूर जा गिरे। दोनों को गंभीर चोटे आई। मौके पर तमाम ग्रामीण इकट्ठा हो गए और घायलों को किनारे किया जब तक पुलिस भी पहुंच गई और घायलों को दिबियापुर सीएचसी भेजा। जहां अनुज की हालत नाजुक देख डाक्टरों ने सौ शैय्या रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि दूसरे साथी सौरभ का इलाज चल रहा है। युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाईयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। इस सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश पाल ने बताया कि बाइक अनियंत्रित होने से समाधि से टकराकर युवक की मृत्यु हुई है और

# बैसाखी पूर्णिमा पर कोटवा में उमड़ा आस्था का सैलाब






कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी । सतनामी सम्प्रदाय के आदि प्रवर्तक संत जगजीवन दास साहब की तपोस्थली कोटवाधाम में वैशाखी पूर्णिमा पर आस्था और श्रद्धा का सैलाब उमड़ा। दिन भर समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा की समाधि स्थल पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बाबा कमलेश दास के नेतृत्व में परंपरागत शर्बत व जल का वितरण मंदिर परिसर किया जा रहा था।भक्त भजन-कीर्तन करते हुए बाबा की समाधि पर दर्शन पूजन कर मनोवांछित कामनाएं की। रैन बसेरों और कुटियों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु ठहरे हुए हैं।

सोमवार को गोंडा, बहराइच, सीतापुर, अयोध्या और बाराबंकी से हजारों श्रद्धालुओं ने बड़े बाबा के दरबार में

**साहब कमलेश कर रहे थे कार सेवा**

**अघहरण में गंदगी, श्रद्धालु आक्रोशित**

हाजिरी लगाई। गोंडा के श्रद्धालु राम जगन्नाथ ने बताया कि वह अपने खेतों में तैयार गेहूं की फसल से अंजुरी चढ़ाने आए हैं। इस प्रसाद को वे घर के भंडारण में रखते हैं। वही सीतापुर के रेऊसा से आए रामनिवास का कहना है कि बड़े बाबा के दरबार में आने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली है। श्रद्धालु सतीश कुमार के अनुसार बड़े बाबा मांगी गई मन्नतें पूरी करते हैं। मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजामध्ब3न्द्मन्द्म- किए गए हैं। कोतवाल संतोष कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात है। मंदिर के तीनों गेटों पर महिला और पुरुष पुलिसकर्मी मौजूद हैं। महिला-पुरुषों के लिए अलग-अलग दर्शन की व्यवस्था है। एसडीएम प्रीति सिंह के मुताबिक मेले की लगातार निगरानी हो रही है। 31 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस बल और मेला वालंटियर भी तैनात हैं। कोटवाधाम में वैशाखी, कार्तिक पूर्णिमा और माघ सप्तमी के मेले का विशेष महत्व है। पूर्णिमा के अवसर पर लगने वाले मेले आने वाले तमाम भक्त महंतों से गुरु दीक्षा भी प्राप्त करते हैं। इसी क्रम में रामनगर संवाददाता के अनुसार प्रसिद्ध तीर्थस्थल लोधेश्वर महादेवा में बैसाखी पूर्णिमा के पुण्यदाई अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं पहुंचे और भगवान लोधेश्वर जी का जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया।पूर्णिमा तिथि पर तमाम नवविवाहित जोड़ों ने भी सपरिवार महादेवजी के दर्शन कर सुखद दांपत्य का आशीर्वाद प्राप्त किया।इसी दौरान अघहरण सरोवर में गंदगी कूड़ा और मृत मछलियों को देखकर कानपुर से आए श्रद्धालुओं ने जिम्मेदारों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया व सरोवर में स्वच्छ जल डलवाने की मांग की।

# बस से कुचलकर बाइक सवार की दर्दनाक मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। बीमार माँ को देखकर घर लौट रहे एक 22 वर्षीय युवक को रोडवेज बस ने रौंद दिया जिससे युवक की मौक़े पर ही मौत हुई। सफदरजंग थाना क्षेत्र के ग्राम रजईपुर निवासी 22 वर्षीय मोहम्मद आसिफ पुत्र मोहम्मद इदरीस कस्बा जहांगीराबाद स्थित नर्सिंग होम में भर्ती अपनी बीमार को देखने के लिए गया। माँ का हाल चाल लेकर बाइक से वापस आ रहा था कि गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नेवला नहर पुलिया के निकट जैसे ही करपिया की ओर मुड़ा वैसे ही बाराबंकी की ओर से तेज रफ्तार मे आ रही रोडवेज बस ने मोहम्मद आसिफ को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक दूर जा गिरी और मोहम्मद आसिफ बस में फंसकर करीब 20 मीटर तक रगड़ता चला गया दुर्घटना मे बाईक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी।सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना के पश्चात बस चालक और परिचालक बस छोड़कर भाग गए है। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है।( मेहंदी का रंग फीका भी नही पड़ा था कि उजड़ गया सुहाग) एक पखवाड़ा पूर्व 20 अप्रैल को मो0 आसिफ सेहरा बांध कर जिस दुल्हन को विदा कराकर लाया था उसके हाथों की मेहंदी फीकी भी नही पड़ी थी कि आसिफ की मौत ने झकझोर कर दिया। बताते चले कि 20 अप्रैल को मो0 आसिफ की शादी आलमबाग लखनऊ निवासी सोनी के साथ हुई थी घर मे अभी नई नवेली दुल्हन होने के कारण खुशी का महौल था लेकिन इस सड़क हादसे ने घर की खुशियों को मातम मे बदल दिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# एनसीआर महिला कल्याण संगठन ने रेलगांव सूबेदारगंज में किया पौधरोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर पर्यावरण अनुभाग की तरफ से पौधरोपण किया। रेलगांव स्थित मियावाकी पौधरोपण स्थल पर उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा चेतना जोशी के नेतृत्व में पर्यावरण अनुभाग एवं हॉर्टिकल्चर अनुभाग की तरफ से कई प्रजाति के पौधे लगाए गए। इनमें मुख्य रूप से पीपल, नीम, नींबू, कटहल, अमला इत्यादि थे। मियावाकी पौधरोपण स्थल पर ड्रिप इरीगेशन की सुविधा मौजूद है। सभी से निवेदन है कि आसपास के पेड़ों में प्रतिदिन एक पौधे को जरूर पानी दें जिससे चिलचिलाती गर्मी में पौधे जिंदा रह सकें। वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम में सभी सफाई कर्मचारी पर्यावरण अनुभाग के कर्मचारी, हॉर्टिकल्चर अनुभाग के कर्मचारी, सीएचआई इत्यादि शामिल हुए एवं पौधरोपण किया। इसके बाद सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। पौधरोपण के लिए गड्ढो के निर्माण के लिए पेट्रोल चालित हैंड ड्रिल मशीन का उपयोग किया गया। उन्होंने बताया यह कार्यक्रम अनिमेष कुमार सिन्हा प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, उत्तर मध्य रेलवे के दिशा निर्देशन में शिवाजी कदम मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक के नेतृत्व में अखिलेश सिंह वरिष्ठ खंड इंजीनियर, सत्यम मुख्य स्वस्थ्य निरीक्षक, धीरज जूनियर इंजीनियर बागवानी ने किया।

# फ्लैट में संदिग्ध हालत में मिला वृद्धा का शव



एजेंसी

मुरादाबाद। जिले के थाना मझोला क्षेत्र में बने एक सोसायटी के फ्लैट में अकेली रह रहीं वृद्धा का शव सोमवार को मिला है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मौढ़ा तैय्या निवासी वृद्धा अनीता (70) थाना मझोला क्षेत्र में नया मुरादाबाद स्थित पार्श्वनाथ प्लाजा सोसायटी में तीसरी मंजिल पर फ्लैट नंबर ए-305 में पति की मौत के बाद अकेली रहती थीं। वृद्धा के दो बेटे और एक बेटी हैं। बेटा दीपक चौधरी इंग्लैंड में इंजीनियर हैं, जबकि दूसरा बेटा संजीव चौधरी दिल्ली में परिवार के साथ रहते हैं।

थाना मझोला इंस्पेक्टर आरपी शर्मा ने बताया कि नोएडा में रहने वाली बेटी मंजुला ने आज सुबह अपनी मां से बात करने के लिए उनके मोबाइल पर कॉल की, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। इस पर बेटी ने पाकबड़ा के गुरैठा में रहने वाले मामा को कॉल कर इसकी जानकारी दी। मामा की पुत्रवधु स्कूटी से पार्श्वनाथ सोसाइटी पहुंची और देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है। इसकी जानकारी मिलने पर गुरैठा से अन्य रिश्तेदार और मौढ़ा तैय्या से परिजन भी आ गए। सूचना मिलने पर वे भी थाना पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। कारपेंटर को बुलाकर दरवाजा खुलवाया गया। अंदर जाकर देखा तो वृद्धा अनीता का शव सोफ़े पर पड़ा था। उनके हाथ के पास ही फर्श पर टीवी का रिमोट पड़ा था, जबकि कुछ ही दूरी पर मोबाइल रखा था। थानेदार ने बताया कि पूरे फ्लैट की वीडियोग्राफी कराते हुए फोरेंसिक टीम के साथ जांच पड़ताल की गई है।

सिविल लाइंस सर्किल क्षेत्राधिकारी कुलदीप गुप्ता ने बताया कि मृतका के दोनों बेटे और बेटी को सूचना दे दी गई है। साक्ष्य संकलन करते हुए अग्रिम कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## फर्जी दस्तावेज बनवाकर जमीन का बैनामा कराने के दो आरोपित गिरफ्तार

मुरादाबाद। थाना मझोला पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनवाकर जमीन का बैनामा करने वाले दो आरोपितों को सोमवार गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया। थाना मझोला इंस्पेक्टर आरपी शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांगन वाली मैनाठेर निवासी सोमवीर ने बीती 24 मार्च को केस दर्ज कराया था। जिसमें बताया गया कि मझोला के जयंतीपुर चामुंडा मंदिर निवासी अतवीर और उमेश ने फर्जी दस्तावेज बनवाकर उनकी जमीन का बैनामा करा दिया है। दोनों आरोपित को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना मझोला के वरिष्ठ उप निरीक्षक सतेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक विनित खैवाल, हेड कांस्टेबल आनन्द कुमार शामिल रहे।

## किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपित गिरफ्तार, जेल


मुरादाबाद । मुरादाबाद के थाना मझोला पुलिस ने थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आज शाम पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। थाना मझोला क्षेत्र निवासी 15 वर्षीय किशोरी के पिता ने थाना मझोला में दर्ज कराये केस में बताया कि तीन दिन पहले शुक्रवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उनकी बेटी घर से गांव में ही घेर में दादा-दादी के पास जा रही थी। इसी दौरान रास्ते? में तीन आरोपित थाना मझोला क्षेत्र के ग्राम चौधरपुर निवासी अनुज पुत्र मुकेश, अरूण कश्यप पुत्र प्रीतम व अमन पुत्र राजकुमार मिल गए। इसके बाद तीनों ने किशोरी को डरा धमका कर रोक लिया। शोर मचाने उसका मुंह दबा दिया था। इसके बाद आरोपित अनुज के घर ले गए थे। आरोपितों ने कमरे में बंधक? बनाकर पीड़िता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। इस घटना से पीड़िता की हालत बिगड़ गई थी। किसी तरह वह अपने घर पहुंची और परिजनों को आप बीती सुनाई। मां-बाप उसे अस्पताल ले गए और उसका उपचार कराया था। तीनों आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना मझोला के उप निरीक्षक अर्जुन सिंह, कांस्टेबिल चाँद अहमद व सचिन विकल शामिल रहे।



# कोहली का टेस्ट संन्यास: एक दिग्गज की विदाई यादों की गठरी और विराट रिकॉर्ड्स की चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी, जिससे लंबे फॉर्मेट में उनके अपार योगदान और नेतृत्व की गाथा पर विराम लग गया। 36 वर्षीय कोहली का यह फैसला उनके 14 साल लंबे टेस्ट करियर का अंत है, जिसमें उन्होंने कठिन हालातों में शानदार प्रदर्शन करते हुए खुद को एक महान बल्लेबाज और कप्तान के रूप में स्थापित किया। कोहली ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस बात की जानकारी दी कि वह अब टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेंगे। कोहली ने अपने 14 साल के टेस्ट करियर में 123 मैच खेले और 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए, जिसमें 30 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 7 दोहरे शतक भी जड़े, जिसमें सर्वोच्च स्कोर नाबाद 254 रहा। वह भारत की ओर से टेस्ट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर (15,921 रन), राहुल द्रविड़ (13,288) और सुनील गावस्कर (10,122) हैं। कोहली ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। हालांकि शुरुआती दौरा कुछ खास नहीं रहा, लेकिन 2012 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में 116 रनों की पारी ने उनकी प्रतिभा को पूरी दुनिया में पहचान दिलाई। 2011 से 2015 के बीच उन्होंने 41 टेस्ट में 2,994 रन बनाए, जिसमें 11 शतक शामिल रहे। खास बात यह रही कि 2014-15 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर कप्तान बनने के साथ ही उन्होंने 600 से अधिक रन बनाए, जिसमें चार शतक थे। यह वही समय था जब इंग्लैंड दौरे पर बुरी तरह फ्लॉप होने के बाद उन्होंने वापसी की और अपने करियर को एक नया मोड़ दिया। 2016 से 2019 तक कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में




सर्वश्रेष्ठ दौर बिताया। इस दौरान उन्होंने 43 टेस्ट में 4,208 रन बनाए, जिनमें 16 शतक, 10 अर्धशतक और 7 दोहरे शतक शामिल थे। यह दौर उनकी बल्लेबाजी के स्वर्णिम वर्षों में से एक माना जाता है। कोहली ने इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में शतक जमाकर साबित किया कि वह सिर्फ एशिया के नहीं, बल्कि दुनिया के हर कोने में रन बना सकते हैं। 2018 इंग्लैंड दौरा इस बात का गवाह बना, जब उन्होंने 593 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। हालांकि 2020 के बाद उनका प्रदर्शन अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका। इस दशक में उन्होंने 39 टेस्ट में केवल 2,028 रन बनाए, औसत 30.72 रहा। 2023 में उनका प्रदर्शन बेहतर रहा, जिसमें 671 रन बनाए, लेकिन 2024 फिर निराशाजनक रहा और उन्होंने 10 टेस्ट में केवल 382 रन बनाए। उनका आखिरी टेस्ट शतक पर्थ में आया, जबकि भारत में आखिरी टेस्ट शतक 2023 में अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रहा। कोहली ने 2014 में जब भारत की कप्तानी संभाली, तब टीम आईसीसी रैंकिंग में 8वें स्थान पर थी लेकिन उनके नेतृत्व में भारत ने आक्रामक क्रिकेट खेला और जल्द ही नंबर एक टीम बन गई। उन्होंने श्रीलंका में 22 साल बाद टेस्ट सीरीज जीत दिलाई, वेस्टइंडीज में ऐतिहासिक जीत दिलाई और 2018-19 में ऑस्ट्रेलिया में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान बने। कोहली की कप्तानी में भारत ने 68 टेस्ट में से 40 जीते, जिससे वह भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान बने। दुनिया भर में सिर्फ ग्रेम स्मिथ (53 जीत), रिकी पोंटिंग (48) और स्टीव वॉ (41) उनसे आगे हैं। कोहली को भारतीय क्रिकेट में फिटनेस और तेज़ गेंदबाजी संस्कृति की क्रांति का श्रेय भी जाता है। उनके नेतृत्व में भारत ने लगातार तीन साल टेस्ट चैंपियनशिप की मेस जीती और 2021 में डब्ल्यूटीसी फाइनल तक पहुंचा। विराट कोहली का करियर संघर्षों और कामयाबियों की कहानी रहा है–चाहे वह 2014 में ऑस्ट्रेलिया में मिशेल जॉनसन की अगुवाई वाले तेज़ गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ 692 रन बनाना हो या फिर 2018 में इंग्लैंड में रिडेंप्शन सीरीज खेलना हो। सेंचुरियन, एडिलेड, पर्थ, मेलबर्न, एजबेस्टन जैसे मैदानों पर उनके शतक हमेशा याद रखे जाएंगे। टेस्ट क्रिकेट में कोहली का योगदान हमेशा भारतीय क्रिकेट के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा।

## एक युग का अंत, कोहली के संन्यास पर कहा क्रिकेट जगत ने

नयी दिल्ली। टेस्ट क्रिकेट से विराट कोहली के संन्यास को 'एक युग का अंत' करार देते हुए क्रिकेट समुदाय ने इस महान बल्लेबाज की तारीफों के पुल बांधे हैं। 36 वर्ष के कोहली ने 123 मैचों में 46 . 85 की औसत से 30 शतक समेत 9230 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। वह टी20 क्रिकेट से पहले ही विदा ले चुके हैं। बीसीसीआई ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा ,'' टेस्ट क्रिकेट में एक युग का अंत लेकिन उनकी विरासत हमेशा रहेगी। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा।उनका योगदान हमेशा याद रखा जायेगा। आईसीसी ने कहा ,'' भारत के महान टेस्ट क्रिकेटरों में से एक विराट कोहली ने पारंपरिक प्रारूप से विदा ली। सफ़ेद जर्सी नहीं पहनेंगे लेकिन ताज बरकरार रहेगा। विराट कोहली ने अतुलनीय विरासत छोड़कर विदा ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने लिखा ,'' शेर की तरह जुनून वाला एक इंसान। तुम्हारी कमी खलेगी। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा ,'' शानदार टेस्ट कैरियर के लिये बधाई विराट कोहली। टी20 क्रिकेट के उत्थान के दौर में पारंपरिक प्रारूप की लोकप्रियता बनाये रखने और अनुशासन, फिटनेस, प्रतिबद्धता के मामले में असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करने के लिये धन्यवाद। भारत के 2011 वनडे विश्व कप जीत के नायक युवराज सिंह ने एक्स पर लिखा ,'' टेस्ट क्रिकेट ने तुम्हारे भीतर के योद्धा को तलाशा और तुमने इसके लिये सब कुछ दे दिया। तुमने महान खिलाड़ियों की तरह खेला , सीने में आग और हर कदम पर गर्व। सफ़ेद जर्सी में तुम्हारे योगदान पर गर्व है।

## नीरज चोपड़ा समेत चार भारतीय एथलीट्स 16 मई को दोहा डायमंड लीग में लेंगे हिस्सा

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा 16 मई को दोहा में होने वाली प्रतिष्ठित डायमंड लीग मीटिंग में तीन अन्य भारतीय एथलीट्स के साथ हिस्सा लेंगे। यह पहली बार होगा जब डायमंड लीग के किसी एक इवेंट में भारत की तरफ से चार एथलीट्स भाग लेंगे। नीरज चोपड़ा 2023 में दोहा डायमंड लीग का खिताब जीत चुके हैं, जहां उन्होंने 88.67 मीटर भाला फेंका था। वहीं, 2024 में वह 88.36 मीटर की थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार भी उनसे गोल्डन थ्रो की उम्मीद की जा रही है। नीरज के साथ पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में किशोर जेना भी नजर आएंगे। जेना ने 2024 में भी हिस्सा लिया था और 76.31 मीटर की थ्रो के साथ नौवें स्थान पर रहे थे। इस बार वह अपने प्रदर्शन में सुधार की कोशिश करेंगे। अन्य दो भारतीय एथलीट्स का ट्रैक पर होगा दमदार प्रदर्शन इस बार ट्रैक इवेंट्स में भी भारत की दमदार मौजूदगी देखने को मिलेगी। पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी गुलवीर सिंह अपना डायमंड लीग डेब्यू करने जा रहे हैं। वहीं, महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में पारुल चौधरी उतरेंगी, जो इस इवेंट की भारतीय रिकॉर्डधारक हैं। नीरज और जेना को इस बार सशक्त प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

## एफआईएच प्रो लीग 2024-25: यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम घोषित

एजेंसी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। यह चरण 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में आयोजित होगा, जिसमें भारत चार प्रतिभागी टीमों–ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। भारत अपना अभियान 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले से शुरू करेगा। टीम की कमान मिडफील्ड की स्टार खिलाड़ी सलीमा टेटे को सौंपी गई है, जबकि फॉरवर्ड लाइन की अनुभवी खिलाड़ी नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है। भारतीय टीम ने प्रो लीग के घरेलू चरण में दो जीत और दो ड्रॉ के साथ



कुल नौ अंक हासिल किए और अंकतालिका में छठे स्थान पर रही। इंग्लैंड के खिलाफ 3-2 की जीत और एक ड्रॉ से शानदार शुरुआत की, लेकिन इसके बाद स्पेन से दो और जर्मनी से एक हार मिली। हालांकि, जर्मनी के खिलाफ 1-0 की वापसी जीत ने टीम का मनोबल बढ़ाया। विश्व की नंबर 1 टीम नीदरलैंड्स के खिलाफ अंतिम दो मैचों में भारत ने दमदार जज्बा दिखाया। पहले मुकाबले में भले ही 2-4 से हार मिली, लेकिन भारत ने 13 पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर डच टीम को कड़ी टक्कर दी। आखिरी मैच में भारत ने नीदरलैंड्स को 2-2 से ड्रॉ पर रोका और शूटआउट में जीत हासिल कर बोनस अंक भी अर्जित किया। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, ''हमने अनुभव और युवा जोश का संतुलन साधते हुए यह टीम चुनी है। यूरोपीय चरण प्रो लीग का अहम हिस्सा है और यहां दुनिया की टॉप टीमों से कड़ी चुनौती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा, ''भुवनेश्वर में हुए मुकाबलों से हमें अपनी ताकत और कमजोरियों का आकलन करने का मौका मिला है। टीम ने हालिया कैंप और ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान बेहतरीन प्रतिबद्धता दिखाई है।


## उत्तर रेलवे

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य–उ.रे. |
|---|---|
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **20402-SLR-F2-LKO-BSB-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 12:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14229-SLR-F1-PYGS-YNRK-22-3 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 12:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **20402-SLR-F1-LK0-BSB-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 12:50 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **20401-SLR-F2-BSB-LKO-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:00 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12231-SLR-F2-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:10 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:20 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14235-SLR-F1-BSB-BE-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 at 13:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14260-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 12:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 12:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **20413-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 12:50 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14235-SLR-F2-BSB-BE-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:00 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:10 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:20 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14013-SLR-F2-SLN-ANVT-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27.05.2025 at 13:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **20402-SLR-R1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.05.2025 at 12:30 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12184-SLR-F1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.05.2025 at 12:40 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **14235-SLR-R1-BSB-BE-24-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.05.2025 at 12:50 hrs. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 28.05.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 28.05.2025 at 13:00 hrs. |
| **Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders** | **E-Auction Module of www.ireps.gov.in** |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1405/2025


## नॉर्वे चेस में समान इनामी राशि से महिलाओं को खेल अपनाने की प्रेरणा मिलती है: जू वेनजून

एजेंसी




स्टावेंगर (नॉर्वे)। नॉर्वे चेस वूमेन 2025 टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण को लेकर मौजूदा चैंपियन जू वेनजून ने अपनी उत्सुकता और उम्मीदें साझा की हैं। यह टूर्नामेंट 26 मई से 6 जून के बीच स्टावेंगर सिटी के फिनान्सपार्कन (एसआर-बैंक) में आयोजित होगा। चीनी ग्रैंडमास्टर जू वेनजून ने कहा, ''मैं नॉर्वे चेस वूमेन 2025 में हिस्सा लेने को लेकर बहुत रोमांचित हूं। यह मेरा इस टूर्नामेंट में दूसरा अनुभव होगा। इस बार कई मजबूत शतरंज खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं। मुझे लगता है कि अब लोग अर्मागेडन और टाइम कंट्रोल फॉर्मेट से ज्यादा परिचित हैं, जिससे टूर्नामेंट और भी रोमांचक होगा। जू वेनजून, जिन्हें मौजूदा समय में शतरंज की निर्विवाद महारानी कहा जाता है, इस साल की शुरुआत में अपना लगातार पांचवां वर्ल्ड चैंपियनशिप खिताब जीत चुकी हैं। उन्होंने सात साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू किया, 2004 में प्रोफ़ेशनल बनीं, 2014 में ग्रैंडमास्टर की उपाधि पाई और 2018 में पहली बार विश्व चैंपियन बनीं। तब से लेकर अब तक वह महिलाओं की क्लासिकल शतरंज में अजेय रही हैं। वह वर्तमान वूमेन्स वर्ल्ड ब्लिट्ज चैंपियन भी हैं और दो बार की वर्ल्ड रैपिड चैंपियन भी। अपनी यात्रा को याद करते हुए 34 वर्षीय वेनजून ने कहा, ''हर मुकाबला मेरे लिए एक यादगार और अनोखा अनुभव होता है। मेरा मानना है कि हर खेल को एक-एक कर फोकस के साथ खेलना चाहिए, कड़ी मेहनत करनी चाहिए और टीमवर्क जरूरी है। जब मैं खेल रही होती हूं, तो सबसे अच्छा होता है सिर्फ शतरंज पर ध्यान देना और मैच का आनंद लेना। पिछले साल जू वेनजून ने नॉर्वे चेस वूमेन के पहले संस्करण का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया था। यह टूर्नामेंट महिलाओं के लिए समान इनामी राशि देने वाला पहला टूर्नामेंट बना, जिससे शतरंज के भविष्य की दिशा में एक अहम कदम माना गया। वेनजून ने टूर्नामेंट आयोजकों की सराहना करते हुए कहा, ''मुझे लगता है कि यह एक बड़ी सफलता है और बेहद प्रेरणादायक भी सिर्फ शतरंज में ही नहीं, बल्कि पूरे खेल जगत में महिलाओं के लिए। यह महिलाओं को शतरंज अपनाने के लिए प्रेरित करता है और हमारे लिए एक शानदार मंच प्रदान करता है। शतरंज के अलावा वेनजून को टेबल टेनिस खेलना और देखना पसंद है। वह अपने देश के टेबल टेनिस वर्ल्ड और ओलंपिक चैंपियन फैन झेंडोंग से प्रेरणा लेती हैं।

## अमेरिका-चीन में हुई ट्रेड डील, दोनों देश टैरिफ में 115 फीसदी कटौती पर हुए सहमत

एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका और चीन के बीच जिनेवा में चल रही दो दिवसीय बैठक के बाद ट्रेड डील पर सहमति बन गई है। दोनों देशों ने टैरिफ में 115 फीसदी कटौती करने का ऐलान किया है। जिनेवा में दोनों देशों के बीच हुए समझौते के मुताबिक अमेरिका, चीन के सामानों पर 30 फीसदी और चीन, अमेरिकी सामानों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाएगा। दोनों देशों के बीच टैरिफ में हुए ये बदलाव 14 मई, 2025 से लागू हो जाएंगे। अमेरिका और चीन के बीच जिनेवा में चल रही दो दिवसीय बैठक के बाद सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि दोनों देश एक-दूसरे पर टैरिफ घटाने पर सहमत हो गए हैं। अमेरिका और चीन दोनों देशों के बीच हुई इस बैठक के बाद बनी सहमति अमेरिका ने चीन पर 90 दिनों के लिए टैरिफ 30 फीसदी कर दिया है। वहीं चीन ने भी अमेरिका के लिए 90 दिनों के लिए टैरिफ को 125 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया है। अमेरिका और चीन ने कहा कि वे टैरिफ पर 90 दिनों के विराम पर सहमत हो गए हैं। इससे पारस्परिक शुल्कों में तेजी से कमी आएगी, जिससे निवेशकों को कुछ भरोसा हुआ कि पूर्ण पैमाने पर व्यापार युद्ध टल गया है। उल्लेखनीय है कि यह बैठक 9 मई से चल रही थी, जिसकी अगुवाई अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट और चीनी उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग ने की है। अब इस बैठक से दोनों देशों के बीच चल रही ट्रेड वॉर कुछ समय के लिए रूक गई है। दोनों देशों के बीच बनी सहमति से आज शेयर बाजारों और डॉलर में तेजी आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान टैरिफ पारस्परिकता पर अपना रुख दोहराया है, उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि यूएस निष्पक्ष व्यापार सुनिश्चित करने के लिए भारत सहित अन्य देशों द्वारा लगाए गए शुल्कों का मिलान करेगा।

## स्त्रीगी डीएलएफ ने आईपीओ निवेशकों को किया मालामाल, पहले दिन ही लगभग डबल हुए पैसे

एजेंसी

नई दिल्ली। कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के लिए प्लास्टिक मोल्डिंग्स, होम अप्लायंसेज मोल्डिंग्स और एडवांस्ड इंजेक्शन मोल्डिंग्स का काम करने वाली कंपनी स्त्रीगी डीएलएम के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 99 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 188.10 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारी के सपोर्ट से यह शेयर उछल कर 197.50 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों का पैसा लगभग डबल हो गया। स्त्रीगी डीएलएम का 16.98 करोड़ रुपये का आईपीओ 5 से 7 मई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 490.93 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 136.52 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1,534.66 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 243.71 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 17,14,800 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी ग्रेटर नोएडा में मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी सेटअप करने, मशीनरी खरीदने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है।

## सर्राफा बाजार में बड़ी गिरावट, 1,800 रुपये तक सस्ता हुआ सोना

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। आज के कारोबार में सोना 1,650 रुपये से लेकर 1,800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में 1,100 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 96,880 रुपये से लेकर 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 88,800 रुपये से लेकर 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 96,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 88,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 96,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 88,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 96,880 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 88,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 96,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 88,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 88,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 96,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 88,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# 'आपरेशन सिन्दूर' से विश्व को आतंकवाद के खिलाफ दिया सख्त संदेश : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आपरेशन सिन्दूर में भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम की सराहना करते हुए सोमवार को कहा कि सेना ने देश की रक्षा करने के साथ ही आतंकवादी ठिकानों को तबाह करके समूचे विश्व को आतंकवाद के खिलाफ एक स्पष्ट, सशक्त और निर्णायक संदेश दे दिया है।

भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद डॉ.. संबित पात्रा ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान ने 22 अप्रैल को आतंकवादी घटना के माध्यम से भारत की वीरता और संप्रभुता को चुनौती देने का दुस्साहस किया। इस पर भारतीय सेना अद्भुत साहस का परिचय देते हुए आतंकवाद के गढ़ में घुसी और न केवल देश की रक्षा की, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ सशक्त प्रहार भी किया।

डॉ. पात्रा ने कहा कि बीते कुछ दिनों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की है, विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को समाप्त किया है, वह अपने आप में न केवल भारत के भीतर बल्कि समूचे विश्व को आतंकवाद के खिलाफ एक स्पष्ट, सशक्त और निर्णायक संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अभियान में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना ने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया है। यह केवल एक सैन्य ऑपरेशन नहीं था, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और आत्मसम्मान की रक्षा का प्रतीक था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की सेना, वायुसेना, नौसेना और उन सभी जांबाज जवानों का



हृदय से आभार प्रकट किया, जिनकी बहादुरी के कारण यह संभव हो पाया। भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों अभियान महानिदेशकों ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में देश को बताया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अब पूरी शक्ति और प्रतिबद्धता के साथ खड़ा है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब पहले जैसा नहीं रहा। भारत किसी भी चुनौती का सामना करने में संकोच नहीं करता, बल्कि उसका उत्तर निर्णायक और ऐतिहासिक रूप में देता है। आज का भारत आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक भूमिका निभा रहा है और पूरी दुनिया भारत के इस नए आत्मविश्वास को देख रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि 22 अप्रैल की तारीख को देश कभी नहीं भूल सकता। यह दिन एक दुर्भाग्यपूर्ण दिन था, जब पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या की गई। यह कायराना हमला उन आतंकवादियों द्वारा किया गया जो पाकिस्तान से भेजे गए थे, जिन्हें पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था। इस आतंकी हमले में 25 भारतीय नागरिकों के साथ एक नेपाली नागरिक भी शहीद हुए। घटना के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब के आधिकारिक दौरे पर थे, लेकिन जैसे ही उन्हें इस आतंकी हमले की सूचना मिली, वह तत्काल भारत लौटे और जनता की भावनाओं को समझा। देशभर की जनता ने एक स्वर में मांग की कि अब आतंकवाद पर निर्णायक हमला होना चाहिए। श्री मोदी ने उसी समय बिहार की धरती से जनता को आश्वासन दिया, ल्हम इस हमले का बदला लेंगे। हम 26 लोगों की शहादत का प्रतिशोध लेंगे और यह प्रतिशोध आतंकवादियों की कल्पना से परे होगा। श्री मोदी का यह संकल्प और भारतीय सेना का अदम्य साहस ही वह शक्ति है, जिसने आतंकवादियों को उनके ठिकानों में घुसकर धूल चटाई। गत 22 अप्रैल से सात मई तक पूरे देश में तनाव और अपेक्षा का माहौल था। देश चाहता था कि तत्काल निर्णय लिया जाए और कार्रवाई हो। श्री मोदी ने अत्यंत सूझबूझ, रणनीति और संयम के साथ निर्णय लिया। पाकिस्तान को भली-भांति पता था कि भारत इस बार चुप नहीं बैठेगा।

## ट्रावोमिंट ने तुर्की, अजरबैजान की एयरलाइनों के टिकट बेचने बंद किये

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी ट्रावोमिंट ने पाकिस्तान के साथ सीमा पर तनातनी के बीच उसको एकतरफा समर्थन देने के तुर्की और अज़रबैजान के रवैये को देखते हुए अपने प्लेटफार्म पर उनकी एयरलाइनों के टिकटों की बुकिंग बंद कर दी है।

ट्रावोमिंट ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि कहा कि उसने शनिवार से तुर्की एयरलाइंस, पेगासस एयरलाइंस, कोरेंडन एयरलाइंस और अज़रबैजान एयरलाइंस (एजेडएएल) के लिये टिकटों की सभी बिक्री निलंबित करने का निर्णय किया है। उसने कहा है कि भविष्य में किसी भी घटनाक्रम के बावजूद उसका निर्णय अपरिवर्तित रहेगा और आगे भी ट्रावोमिंट इन देशों की ट्रैवेल इकाइयों के साथ कोई साझेदारी नहीं करेगा। उसका कहना है कि यह निर्णय राष्ट्रीय भावना के अनुरूप है तथा ट्रावोमिंट की देशभक्ति और अपने ग्राहकों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त, ट्रावोमिंट ने उन यात्रियों के लिये रद्द करने का शुल्क माफ कर दिया है, जिन्होंने पहले ही इन गंतव्यों के लिये उड़ानें बुक कर ली थीं। उसका कहना है कि आपातकालीन एवं मानवीय यात्रा आवश्यकताओं पर मामला-दर-मामला आधार पर विचार किया जायेगा।

ट्रावोमिंट के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आलोक कुमार सिंह ने कहा,ल्ल हम एक गौरवान्वित भारतीय ओटीए हैं, और हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य सबसे पहले राष्ट्र और उसके लोगों के प्रति हैं। यह बहिष्कार नहीं है- यह उन लोगों से अलगाव का प्रतीक है जो चुप्पी साधे हुये हैं और अनिश्चितता के इस समय में हमारे साथ खड़े नहीं हैं। तुर्की के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय की एक रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि 2024 में भारत से 3.30 लाख यात्रियों ने वहां की यात्रा की थी। पिछले 10 साल में भारत से सैर-सपाटे के लिए तुर्की जाने वाले यात्रियों की संख्या करीब दो गुनी हो गयी है, जो वहां के पर्यटन उद्योग के लिए महत्वपूर्ण है।

## 'माईनस 5 – प्लस 10' के सूत्र के साथ होगी धान की खेती

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में प्रमुख खाद्यान्न धान की खेती के लिए 'माईनस 5 - प्लस 10' के सूत्र के साथ एक योजना तैयार की गयी है जिसमें रकबा घटाया और उत्पादन बढ़ाया जाएगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ल्हमाइनस 5 और प्लस 10 फॉर्मूला भी पेश किया है जिसमें कहा गया धान की खेती के क्षेत्र को पांच मिलियन हेक्टेयर कम करते हुए उसी क्षेत्र में चावल उत्पादन को 10 मिलियन टन बढ़ाना शामिल है। योजना से संबंधित अधिकारियों और कृषि विज्ञानियों ने सोमवार को यहां बताया कि इस योजना दलहन एवं तिलहन की खेती के लिए खाली जगह प्राप्त होगी। इस सूत्र के अनुसार धान का रकबा 50 लाख हक्टेयर घटना और उत्पादन एक करोड़ टन बढाना है। केंद्रीय मंत्री ने किसानों, विशेषकर युवा किसानों से उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, ल्हमें किसानों तक कृषि अनुसंधान पहुंचाना चाहिए। जब कृषि वैज्ञानिक और किसान एक साथ आएंगे, तब चमत्कार होंगे। सूत्रों ने बताया कि आईसीएआर ने देश की पहली जीनोम-संपादित चावल किस्में विकसित की हैं, जिनमें डीआरआर चावल 100 (कमला) और पूसा डीएसटी चावल -1 शामिल हैं। इन किस्मों में उच्च उत्पादन, जलवायु अनुकूलन एवं जल संरक्षण में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की क्षमता है। इन नयी किस्मों का विकास क्रिस्पर-कैस आधारित जीनोम-संपादित तकनीक का उपयोग करके किया गया है जो बिना बाहरी डीएनए को शामिल किए हुए आनुवंशिकी में सटीक परिवर्तन लाती है। उल्लेखनीय है कि 2018 में, आईसीएआर ने राष्ट्रीय कृषि विज्ञान निधि के अंतर्गत दो प्रमुख चावल की किस्मों सांबा मसूरी और एमटीयू 1010 में सुधार लाने के लिए जीनोम-संपादन अनुसंधान शुरू किया। इस अनुसंधान का परिणाम दो उन्नत किस्में हैं जो निम्नलिखित लाभ प्रदान करती हैं। सूत्रों ने बताया कि नयी धान किस्में उपज में 19 प्रतिशत की वृद्धि और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 20 प्रतिशत कमी करती हैं। सिंचाई जल में 7.5 करोड़ घन मीटर की बचत होगी। डीआरआर चावल 100 (कमला) का उद्देश्य प्रति पुष्पगुच्छ में दानों की संख्या बढ़ाना है तथा यह 20 दिन पहले (लगभग 130 दिन) तैयार हो जाता है। इसके द्वारा कम समय लेने के कारण, यह पानी एवं उर्वरकों की बचत करता है और मीथेन गैस उत्सर्जन में कमी लाता है। इसका डंठल मजबूत होता है जो गिरता नहीं है।

## सर्वदलीय बैठक में अब प्रधानमंत्री नहीं आये तो हम बहिष्कार करेंगे : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कंाग्रेस ने कहा है कि पहलगाम हमले के बाद दो बार सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई है, लेकिन अब जब सर्वदलीय बैठक होगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं आए तो कांग्रेस बैठक का बहिष्कार करेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलगाम मुद्दे पर पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठकों में प्रधानमंत्री को मौजूद रहना चाहिए था, लेकिन यदि वह अगली बैठक में नहीं आए तो कांग्रेस बैठक का बहिष्कार करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह घोषणा कर दी है कि अगली सर्वदलीय बैठक में श्री मोदी नहीं आए तो हम बैठक में शामिल नहीं होंगे और बाहर आ जाएंगे और बैठक का बहिष्कार करेंगें। श्री बघेल ने आतंकवाद के खिलाफ की गई कार्रवाई की सफलता से संबंधित एक सवाल पर कहा कि यदि यह सफल रहा है।

## हमने पहलगाम पर राजनीति नहीं की, ट्रम्प की घोषणा भारत की कूटनीतिक विफलता : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंाग्रेस ने कहा है कि पहलगाम हमले के बाद देश में उपजे संकट को लेकर हमने इस मुद्दे पर कोई राजनीति नहीं की और आतंकवाद का सिर कुचलने के लिए हर मुद्दे पर सरकार का समर्थन करते रहे हैं लेकिन पाकिस्तान के साथ टकराव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का अचानक संघर्ष विराम पर समझौते की घोषणा करना भारत की कूटनीतिक विफलता है।

कंाग्रेस नेता भूपेश बघेल ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सवाल किया कि संघर्ष के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ने अचानक सीजफायर की घोषणा कर दी, क्या यह भारत सरकार की कूटनीतिक नाकामी नहीं है। क्या भारत ने तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार कर लिया है या हमने श्री ट्रम्प के बयान से मध्यस्थता स्वीकार कर ली है और क्या शिमला समझौता अब रद्द हो गया है। उन्होंने कहा कि श्री ट्रम्प की घोषणा से देश ठगा महसूस कर रहा है और हम इस घोषणा से शर्मिंदगी में है। इससे हमारा मस्तिष्क झुका है। ऐसे बहुत सवाल हैं और इसीलिए कंाग्रेस मांग करती है कि सरकार इस पर सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाए, ताकि सारी स्थिति साफ हो सके। हम इस पर सरकार से पारदर्शिता की मांग करते हैं। इस दौरान कंाग्रेस ने कोई राजनीति नहीं की और न सिर्फ सरकार का साथ दिया बल्कि संकट की इस घड़ी में पार्टी ने अपने सभी राजनीतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए। 'संविधान बचाओ रैली' जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया ताकि देश में एकजुटता का संदेश जाए। हमने 'जय हिंद यात्रा' निकाली ताकि सेना का मनोबल बढ़े और जनता आतंकवाद के ख़िलाफ़ एकजुट हो। हमने सरकार से कहा कि कितना भी बड़ा संकट आए, कंाग्रेस आपके साथ है लेकिन जब पूरा देश सेना के साथ खड़ा था तो भाजपा नेता ट्विटर पर भाजपा और यूपीए सरकार की तुलना कर इस संकट को राजनीति का रंग दने का काम कर रहे थे। उसके नेता सेना की बहादुरी को अपनी उपलब्धि बता रहे थे। सवाल है कि क्या सेना के बलिदान को चुनावी बयानबाजी में इस्तेमाल करना उचित है। एक नेता ने यहां तक कहा कि कंाग्रेस के समय आतंकियों को माफी दी जाती थी और नरेंद्र मोदी ने सबक सिखाया-यह झूठ है। हमारा स्पष्ट संदेश रहा है कि भारत की एकता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक तरफ- कंाग्रेस ने सशस्त्र बलों के पराक्रम को सलाम करने और आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति श्रद्धांजलि देने की मुहिम में पूरे देश में 'जय हिंद यात्रा' निकाली।

# पेज एक का शेष

### पाकिस्तान के...

बहुत घमंड था। पहले तीन दिनों में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया, जिसका उसे अंदाजा भी नहीं था। भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा, पाकिस्तान दुनियाभर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा रहा था और बुरी तरह पिटने के बाद किसी मजबूरी में 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ को संपर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा चुके थे, आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया था, आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था। जब पाकिस्तान की तरफ से गुहार लगाई गई, जब ये कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा, जब भारत ने उस पर विचार किया। मैं फिर दोहरा रहा हूं हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों को जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है, आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वो आगे क्या रवैया अपनाता है। भारत की एयरफोर्स, आर्मी और नौ सेना, बीएसएफ, अर्धसैनिक बल अलर्ट पर हैं। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे। जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। साथियों भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था। इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया, आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने की बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकानें एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटीज रही हैं। दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं चाहे 9/11हो चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या फिर भारत में बड़े आतंकी हमले हों, उन सबके तार इन्हीं आतंक के ठिकानों से जुड़ते रहे हैं। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने आतंक के ये हेडक्वार्टर्स उजाड़ दिए। इन हमलों में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं, देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रहा 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों, ट्रेनिंग सेंटर पर सटीक प्रहार किया। आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है। लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं। इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र हर नागरिक हर समाज हर वर्ग हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी। आज हर आतंकी आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूमों को उनके परिवार के सामने, बच्चों के सामने बेरहमी से मार डालना ये आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा है। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये पीड़ा बहुत बड़ी थी। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता,साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को। हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना, हमारी एकता सबसे बड़ी शक्ति है। निश्चित तौर पर ये युग युद्ध का नहीं है, लेकिन ये युद्ध आतंकवाद का भी नहीं है। टेररिज्म के खिलाफ जीरो टॉलरेंस एक बेहतर दुनिया की गारंटी है। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार जिस तरह आतंकवाद को खाद पानी दे रहे हैं, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा। पाकिस्तान को अगर बचना है तो उसे अपने टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा, इसके अलावा शांति का कोई रास्ता नहीं है। भारत का मत एकदम स्पष्ट है, टेरर और टॉक एकसाथ नहीं हो सकते हैं, टेरर और ट्रेड एकसाथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एकसाथ नहीं बह सकता। विश्व समुदाय से भी कहूंगा हमारी घोषित नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी तो टेररिज्म पर ही होगी, अगर बात होगी तो पीओके पर ही होगी। देशवासियों आज बुद्ध पूर्णिमा है, भगवान बुद्ध ने हमें शांति का रास्ता दिखाया है। शांति का मार्ग भी शक्ति से होकर जाता है। मानवता शांति और समृद्धि की तरफ बढ़े, हर भारतीय शांति से जी सके, विकसित भारत के सपने को पूरा कर सके, इसके लिए भारत का शक्तिशाली होना जरूरी है। आवश्यकता पड़ने पर इस शक्ति का इस्तेमाल भी जरूरी है। पिछले कुछ दिनों में भारत ने यही किया है। मैं एक बार फिर भारत की सेना और सशस्त्र बलों को सैल्यूट करता हूं। हम भारतवासी का हौसला, एकजुटता, संकल्प को नमन करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत माता की जय।

### 'हमारा निशाना आतंकवादी...

विमानों, मिसाइलों, ड्रोन एवं यूएवी से भारत पर भीषण हमला करने की कोशिश की लेकिन हमारी परत दर परत मजबूत एवं आधुनिक स्वदेशी रक्षा प्रणाली उसके सामने अभेद्य दीवार साबित हुई। एयर मार्शल भारती ने दोहराया, हमारी लड़ाई आतंकवादियों एवं आतंकवाद से थी, पाकिस्तानी सेना से नहीं। पह अफसोस की बात है कि पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों के समर्थन में इस लड़ाई में शामिल होने का फैसला किया। इसलिए इस संघर्ष में पाकिस्तान को जो भी नुकसान हुआ है, उसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं।ङ्क उन्होंने आतंकवादियों के व्यवहार में आये अंतर का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों से आतंकवादी धार्मिक स्थलों एवं यात्राओं को निशाना बनाने लगे थे और पहलगाम में उनका पाप का घड़ा भर गया था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा इस्तेमाल किये गये चीन निर्मित हथियार नाकाम साबित हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वायुरक्षा प्रणाली को संदर्भों में समझने की जरूरत है। पिछले दस साल में सरकार से सेनाओं को जो बजटीय समर्थन मिला है उससे हमें देश की वायुरक्षा प्रणाली मजबूत एवं आधुनिक बनाने में बड़ी मदद मिली है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में तीनों सेनाओं, सीमा सुरक्षा बल, और सरकारी एजेंसियों का पूरा समन्वय रहा।

### पीसीएफ सिद्धार्थनगर...

बताया कि निलंबन के बाद हुई विभागीय कार्रवाई में अमित कुमार चौधरी को सहकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। अन्य दोषी विभागीय अधिकारियों के विरुद्ध जल्द ही कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पूरे मामले की जांच ईओडब्ल्यू को सौंप दी गई है। 11.09 करोड़ रुपये की वसूली भी आरोपियों से की जानी थी, जिसमें से अब तक 6.63 करोड़ रुपये की वसूली नहीं हो पाई है।

### बड़े मंगल के भंडारे ...

आयोजन स्थल पर समय से पहुंचकर साफ-सफाई करा सके सके। जोनवार सहायता और टोल फ्री नंबर जोन 1, 3, 4, 6, 7 के लोग लखनऊ स्वच्छता अभियान के टोल फ्री नंबर 180012349999 पर सूचना दे सकते हैं। जबकि जोन 2, 5 और 8 के लोग लायन इनवायर के टोल फ्री नंबर 18002026172 पर संपर्क कर पंजीकरण करा सकते हैं। भंडारे के समापन के बाद यह इसकी सफाई भी कराएंगे।

### लोकतंत्र में..

और आमजन के लिए जीवन सुगमता बढ़ती है। अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर से 16 वार्डों के लोगों को एक ही स्थान पर नगर निगम की सभी जरूरी सुविधाएं मिल जाएंगी तो सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर में बुजुर्गों को स्वास्थ्य, अध्ययन और मनोरंजन की भरपूर सहूलियत मिल जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि आज गोरखपुर बदल रहा है। बदलते गोरखपुर से आमजन को जोड़ना होगा। कोई भी बदलाव तभी सफल होता है जब आमजन उसे आंदोलन के रूप में लेता है। सुविधा कुछ लोगों तक सीमित रहने पर वह सफल नहीं होगी। नई व्यवस्था से जब आमजन जुड़ेगा तभी स्मार्ट सिटी की मंशा पूरी हो पाएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बेहतर सफाई की स्थिति को बनाए रखने के लिए मोहल्ला सफाई समितियां बनाने, सड़क को आवागमन के लिए सुगम बनाने हेतु वेंडिंग जोन बनाने, दिन में स्ट्रीट लाइट न जलने देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसमें नागरिकों को भी अपना दायित्व निभाना होगा। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने नगर निगम को मानसून से पहले आगाह भी किया। कहा कि बरसात में कहीं भी जलजमाव न होने पाए, इसके लिए नगर निगम अभी से तैयारी शुरू कर दे। सभी नाले-नालियों की सफाई और सिल्ट का निस्तारण समय रहते कर लिया जाए। प्लास्टिक पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व की तुलना में नगर में जलनिकासी की व्यवस्था मजबूत हुई है। अब यह शहर जलमग्न होने के लिए नहीं जलनिकासी के लिए जाना जाता है। गोड़धोइया नाला परियोजना पूर्ण होते ही जलनिकासी की व्यवस्था और सुदृढ़ हो जाएगी। यह परियोजना टूरिज्म स्पॉट भी बनेगी। इस अवसर पर सीएम ने कर संग्रह में नगर निगम के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सहायक नगर आयुक्त सहित कई कार्मिकों को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित भी किया।

### शेयर बाजार में ...

अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4254 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3545 में लिवाली जबकि 576 में बिकवाली हुई वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 3010 कंपनियों के शेयरों में से 2612 में तेजी जबकि 329 में गिरावट रही वहीं 67 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार, हाल के दिनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर खरीददारी प्रमुख पहचान बनकर उभरी है। 08 मई को समाप्त हुए 16 कारोबारी सत्रों में एफआईआई ने एक्सचेंजों के माध्यम से कुल 48,533 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। हालांकि, 09 मई को भारत-पाक तनाव के चलते 3,798 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की गई। लेकिन, अब जबकि युद्धविराम की घोषणा हो चुकी है तो बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि एफआईआई द्वारा भारत में इक्विटी निवेश की गति एक बार फिर तेज हो सकती है। गौरतलब है कि वर्ष 2025 की शुरुआत में एफआईआई का रुख बिक्री की ओर था। जनवरी में डॉलर सूचकांक के 111 तक पहुंचने के बाद उन्होंने 78,027 करोड़ रुपये की भारी बिकवाली की। हालांकि मार्च के बाद से बिकवाली की तीव्रता में कमी आई और अप्रैल में एफआईआई 4,243 करोड़ रुपये शुद्ध लिवाल रहे, जिससे एक सकारात्मक संकेत मिला। विश्लेषकों का कहना है कि वैश्विक स्तर पर डॉलर में गिरावट और अमेरिका तथा चीन की अर्थव्यवस्थाओं में मंदी जैसे कारकों के साथ-साथ घरेलू स्तर पर उच्च सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि, घटती महंगाई और ब्याज दरें भारतीय इक्विटी बाजार में एफआईआई प्रवाह को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। इसके विपरीत ऋण प्रवाह में कमी देखी जा रही है और निकट भविष्य में इसके कम रहने की संभावना जताई जा रही है। इससे बीएसई के सभी 21 समूह चढ़ गए। इस दौरान आईटी 6.75, फोकस्ड आईटी 6.74, रियल्टी 5.87, धातु 5.24, टेक 5.21, सर्विसेज 5.08, यूटिलिटीज 5.07, पावर 4.82, इंडस्ट्रियल्स 4.24, कमोडिटीज 4.03, वित्तीय सेवाएं 3.95, सीडी 3.84 ऊर्जा 3.25, दूरसंचार 3.02, ऑटो 3.38, बैंकिंग 3.33, कैपिटल गुड्स 3.85, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.83, तेल एवं गैस 2.87 और हेल्थकेयर समूह के शेयर 0.91 प्रतिशत उछल गए। विश्व बाजार में तेजी का रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.37, जर्मनी का डैक्स 1.01, जापान का निक्केई 0.38, हांगकांग का हैंगसेंग 2.98 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.82 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1349 अंक की दमदार तेजी के साथ 80,803.80 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,651.07 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, इसके बाद जारी लिवाली की बदौलत यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 82,495.97 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 79,454.47 अंक के मुकाबले 3.74 प्रतिशत मजबूत होकर 82,429.90 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी 412 अंक बढ़ोतरी लेकर 24,420.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,378.85 अंक के निचले जबकि 24,944.80 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,008.00 अंक की तुलना में 3.82 प्रतिशत की छलांग लगाकर 24,924.70 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स में सन फार्मा और इंडसइंड बैंक की 3.57 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 28 कंपनियों में तेजी रही। इंफोसिस 7.91, एचसीएल टेक 6.35, टाटा स्टील 6.16, इटरनल 5.68, टेक महिंद्रा 5.36, टीसीएस 5.17, एक्सिस बैंक 4.40, आईसीआईसीआई बैंक 4.39, बजाज फाइनेंस 4.36, एनटीपीसी 4.35, रिलायंस 4.27, अडानी पोर्ट्स 4.27, एलटी 4.09, महिंद्रा एंड महिंद्रा 4.08 और बजाज फिनसर्व ने 4.08 प्रतिशत मुनाफा कमाया। साथ ही एचडीएफसी बैंक 3.62, अल्ट्रासिम्को 3.29, पावरग्रिड 3.17, मारुति 2.96, एसबीआई 2.85, आईटीसी 2.83, नेस्ले इंडिया 2.62, एशियन पेंट 2.34, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.10, कोटक बैंक 2.01, टाटा मोटर्स 1.70, टाइटन 1.57 और भारती एयरटेल के शेयर 1.44 प्रतिशत लाभ में रहे।

### आठ सालों में 142 स्लीपिंग...

अभियुक्तों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। इन मामलों में एटीएस ने 1 गिरफ्तारी की है, जो दर्शाता है कि कोई भी प्रदेश की धार्मिक एकता को खंडित करने की कोशिश करेगा, तो कानून उसे बख्शेगा नहीं बल्कि करारा प्रहार करेगा। बीते आठ वर्षों में योगी सरकार ने आतंकवादी संगठनों और उनके नेटवर्क को तोड़ने के लिए जिस रणनीति और तत्परता से काम किया है, उसने प्रदेश को आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में एक नई ऊंचाई दी है। इतना ही नहीं प्रदेश में गैरकानूनी तरीके से रह रहे रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों पर भी एटीएस की पैनी नजर रही। इस अवधि में 173 ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया गया, जो देश की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते थे। वहीं, धर्मांतरण से जुड़े सिंडिकेट पर भी करारा वार किया गया और 20 से अधिक अभियुक्तों को अरेस्ट किया गया। एटीएस ने न केवल आतंकवाद बल्कि साइबर फ्रॉड और फर्जी नाम/पते पर सिम खरीदने जैसे मामलों में भी प्रभावी कदम उठाए। रिपोर्ट के मुताबिक, साइबर फ्रॉड गतिविधियों में लिप्त गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 19 आरोपियों को अरेस्ट किया गया। इनमें चार चाइनीज और 15 भारतीय आरोपी हैं।

# हरिद्वार में हर की पैड़ी पर बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर उमड़ा आस्था का सैलाब



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। उत्तराखंड के हरिद्वार में सोमवार को बुद्धपूर्णिमा के पावन पर्व पर मां गंगा में श्रद्धा-आस्था की डुबकी लगाने को लाखों श्रद्धालुओं की भीड उमड़ पड़ी। हर की पैड़ी स्थित पवित्र ब्रह्म कुंड सहित सभी प्रमुख घाटों विष्णु घाट, गऊघाट, सुभाष घाट,कुशावर्त घाट, हनुमान घाट आदि पर ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालु स्नान करने पहुंचने लगे थे। देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने स्नान के साथ-साथ मां गंगा का पूजन कर मंदिरों में दर्शन किए और दान पुण्य किया। घाटों पर भजन कीर्तन व अन्य धार्मिक आयोजनों से आध्यात्मिक वातावरण की छटा चारों ओर दिखाई दी। मान्यता है कि आज के दिन भगवान विष्णु मां गंगा में वास करते हैं। आज ही भगवान नारायण के अवतारों में से नवम अवतार बुद्धावतार का दिन है।वैशाख में शुक्ल पक्ष की पूर्णमासी के दिन भगवान बुद्ध इस धरती पर अवतरित हुए थे। आज ही उनको बुद्धत्व यानी ज्ञान की प्राप्ति हुई और आज ही के दिन उनका शरीर पूर्ण हुआ। इस पवित्र अवसर का लाभ उठाने देश के कोने कोने से लोग आए हुए हैं।

### नृसिंह जयंती पर ज्योतिर्मठ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**देहरादून।** चमोली जिले के ज्योतिर्मठ में आज नृसिंह जयंती पूरे धार्मिक अनुष्ठान और स्थानीय परंपराओं के अनुसार मनाई गईं। इस अवसर पर तीर्थ-पुरोहितों ने सुबह भगवान नृसिंह का षोड्स पूजन के बाद जल-दुग्ध समेत अन्य द्रव्यों से अभिषेक कराया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान नृसिंह के दर्शन-पूजन किया। इस बार मंदिर को 21 कुंतल फूलों से सजाया गया। नृसिंह जयंती पर स्थानीय लोक कलाकारों ने भजन संध्या भी आयोजित की, जिसमें स्थानीय यात्रियों के साथ ही तीर्थ यात्रियों ने भी प्रतिभाग किया। बताया दें कि भगवान बदरीनाथ का ज्योर्तिमठ नृसिंह मंदिर शीतकालीन गद्दी स्थल है और छह माह बदरीनाथ की यहीं पूजा अर्चना की जाती है। शंकराचार्य का ज्योतिर्मठ यही स्थापित है और यह पूरे भारत की आस्था का केंद्र है। आज नृसिंह जयंती के अवसर पर राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने भी अपने पूरे परिवार के साथ ही पूजा अर्चना कर सुख और समृद्धि की कामना की। राज्यसभा सदस्य बंसल ने कहा कि ज्योतिर्मठ आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार उत्तराखंड में लगातार मंदिरों के सौंदर्यीकरण व विकास कर कार्य कर रही है।

# मुख्यमंत्री रेखा ने भाजपा संकल्प पत्र में पत्रकारों के हित में किए वादे पूरे करने का भरोसा दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से सोमवार को नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) (एनयूजे-आई) अध्यक्ष रास बिहारी और दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (डीजेए) के अध्यक्ष राकेश थपलियाल के नेतृत्व में पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। दिल्ली विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री दफ्तर में प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने इन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल किये जाने का आश्वासन दिया। एनयूजेआई अध्यक्ष रास बिहारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि दिल्ली में कार्यरत सभी पत्रकारों (मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता प्राप्त) को मुफ्त चिकित्सा सुविधा, पड़ोसी राज्यों हरियाणा और उत्तर प्रदेश की तर्ज पर पेंशन सुविधा मुहैया कराई जाए। इसके अलावा दिल्ली सरकार की प्रत्यायन समिति (एक्रीडिटेशन कमेटी) के पुनर्गठन को लेकर भी चर्चा की गई। साथ ही महिला पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र में जो घोषणाएं की गई थीं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द ही लागू किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में एनयूजे सचिव अमलेश राजू, डीजेए महासचिव प्रमोद कुमार सिंह, एनयूजे महिला प्रकोष्ठ संयोजक प्रतिभा शुक्ला, डीजेए उपाध्यक्ष अनिता चौधरी, एनयूजे चुनाव आयोग चेयरमैन दधिबल यादव, पब्लिक एशिया के संपादक मुकेश वत्स, एनयूजे कार्यकारिणी सदस्य उषा पाहवा और प्रदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

# एक ही परिवार के चार लोगों ने खाया ज़हरीला पदार्थ, पुलिस कर रही है मामले की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी जिले के भारत नगर थाना क्षेत्र स्थित डीएसआईडीसी संगम पार्क इलाके में सोमवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एक ही परिवार के चार सदस्यों ने कथित रूप से ज़हरीला पदार्थ खा लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार यह घटना शेड नंबर 63 में हुई। जहां 42 वर्षीय हरदीप सिंह अपनी पत्नी हरप्रीत कौर (38), बेटे जगदीश सिंह (16) और बेटी हरगुल कौर (15) के साथ रहते है। बताया गया है कि शेड में ही हरदीप सिंह बाइक हॉर्न बनाने की फैक्ट्री चलाते हैं। सोमवार सुबह करीब 8 बजे वे सभी एक साथ शेड पहुंचे थे। उसी दौरान उन्होंने कथित रूप से ज़हरीला पदार्थ ग्रहण किया। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, ज़हरीला पदार्थ गैस या अन्य किसी माध्यम से इनहेल किया गया हो सकता है। घटना के बाद परिजनों में से किसी एक बच्चे ने किसी रिश्तेदार को फोन कर सूचित किया, जिसके बाद तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) कॉल की गई। सूचना मिलते ही भारत नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। हरदीप सिंह, उनका बेटा जगदीश और बेटी हरगुल को हिंदू राव अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि उनकी पत्नी हरप्रीत कौर को दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया। चारों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है और वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ नमूने जब्त किए हैं और फैक्ट्री के अंदर के वातावरण की जांच की जा रही है। पुलिस आत्महत्या की कोशिश, पारिवारिक तनाव या फैक्ट्री से निकलने वाली गैस के रिसाव जैसी सभी संभावनाओं की जांच कर रही है।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मासिक धर्म स्वच्छता शिक्षा और सर्वेक्षण को मिला समर्थन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नालंदा,बिहारशरीफ। राजगीर के विशालकाय राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की पृष्ठभूमि में स्थित उनके छोटे-से कियोस्क भले ही देखने में मामूली लगते हों लेकिन वहां से मिलने वाला संदेश हजारों लोगों के दिलों-दिमाग पर गहरा प्रभाव छोड़ गया। इस पहल ने खेलों में मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। सिम्पली पीरियड' कियोस्क, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और सिम्पली स्पोर्ट फाउंडेशन की एक संयुक्त पहल है जिसे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार के दौरान शुरू किया गया है। इन कियोस्कों ने युवा खिलाड़ियों, कोचों, सहयोगी स्टाफ और खेल प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया-जो जानने, बातचीत करने और सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए जागरूक किये गये।एसएसएफ की रिसर्च लीड मानसी सातलकर ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य कोचों और सहयोगी स्टाफ को मासिक धर्म से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं, पीरियड उत्पादों और स्वच्छता के मुद्दों को लेकर संवेदनशील बनाना था, जिनका सामना महिला खिलाड़ी करती हैं। उन्होंने कहा, ‟हमने डेटा भी इकट्ठा किया ताकि यह समझ सकें कि ज़मीनी हकीकत क्या है और विभिन्न समूह-जैसे खिलाड़ी, कोच और स्टाफ-इस विषय पर क्या सोचते हैं।सर्वेक्षण के बारे में विस्तार से बताते हुए मानसी ने कहा कि एसएसएफ ने पांच प्रमुख विषयों पर डेटा एकत्र किय मासिक धर्म स्वच्छता2खेल में बुनियादी ढांचे की स्थिति3खेल गतिविधियों के दौरान पीरियड का प्रबंधन मासिक धर्म से संबंधित संवाद के साथ ही टैम्पोन, मेंस्ट्रुअल कप जैसे उत्पादों की जानकारी और स्वीकार्यता को जगह मिली है। उन्होंने बताया कि पहले सप्ताह में ही लगभग 800 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। वह कहती हैं, हम बीएसएसए के साथ मिलकर इस सर्वेक्षण के नतीजों को जारी करने की योजना बना रहे हैं, ताकि सभी लोग इस विषय से जुड़े प्रमुख मुद्दों और भविष्य के लिए सिफारिशों के बारे में जान सकें।‟ सर्वेक्षण में भाग लेने वालों को हाइजीन पार्टनर की ओर से पीरियड केयर किट दी गई, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण यह था कि वे कियोस्क से ज्यादा जानकारी और जागरूकता लेकर लौटे। वहां उन्हें संक्षिप्त शैक्षणिक सत्रों के माध्यम से पीरियड उत्पादों, प्रजनन शारीरिक रचना, मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं, पसीने के प्रबंधन और दर्द से राहत के बारे में बताया गया।पूर्व भारतीय महिला रग्बी टीम की कप्तान नेहा पर्देसी (जो अब दिल्ली रग्बी की सचिव हैं और यहां कांस्य पदक जीतने वाली लड़कियों की टीम के साथ कोच के रूप में मौजूद थीं) ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ‟यह एक बहुत ही अच्छी पहल है और हमें इस तरह के प्रयास हर स्तर पर करने चाहिए, केवल राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में ही नहीं।

मानसी सातलकर ने बताया कि राजगीर में कियोस्क पर आने वालों में शुरू में थोड़ी झिझक थी, जबकि पटना में प्रतिभागी अपेक्षाकृत खुले थे। उन्होंने एक मार्मिक घटना साझा करते हुए कहा, ‟जब एक बुजुर्ग महिला ने कहा कि इस तरह के विषय सार्वजनिक रूप से चर्चा के लायक नहीं हैं, तब एक युवा महिला खिलाड़ी ने शालीनता से जवाब दिया कि यह एक जरूरी विषय है और इसके बारे में खुलकर बात करने में कोई शर्म नहीं है।

## दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से छह बदमाश गिरफ्तार हथियार बरामद

भागलपुर। जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से पुलिस ने हथियार के साथ 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। उक्त आशय की जानकारी सोमवार को विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण ने दी। डीएसपी ने बताया कि डायल 112 को सूचना प्राप्त हुई कि गोराडीह थाना अंतर्गत गंगटी पोखर के पास हथियार से लैस होकर जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच विवाद हो रहा है। यह सूचना डायल 112 टीम के द्वारा गोराडीह थानाध्यक्ष को दिया गया। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गंगटी पोखर से हथियार के साथ कुल 05 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान देशी कट्टा 02, दोनाली बंदूक 01 और जिंदा कारतूस 16 बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में मनोज यादव उर्फ मंटू प्रसाद यादव, जय कृष्ण यादव, राजकिशोर यादव,सोमनाथ कुमार और सौरभ यादव शामिल है।

## चण्डीगढ़ और अमृतसर हवाई अड्डों से विमान सेवाएं शुरू

चंडीगढ़। चण्डीगढ़ और अमृतसर हवाई अड्डों पर फिर से उड़ानें शुरू हो गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के चलते 6 व 7 मई की रात यहां हवाई सेवाएं बंद की गई थी। अब सीजफायर होने के बाद सोमवार को एयरपोर्ट अथॉरिटीज की मीटिंग में एयरपोर्ट खोलने का फैसला लिया गया। अचानक हुए इस फैसले के चलते हवाई अड्डे पर यात्रियों की संख्या अभी नाममात्र है। अधिकारियों का कहना है कि मंगलवार सुबह से यहां हवाई सेवाएं सुचारू होंगी। सोमवार को अमृतसर व चण्डीगढ़ में हवाई अड्डा एयरपोर्ट अथॉरिटी की बैठक हुई। बैठक में पाकिस्तान और भारत के सीजफायर की घोषणा के बाद की परिस्थितियों का आकलन करने के बाद हवाई अड्डों पर विमान सेवाएं फिर से संचालन शुरू करने का फैसला लिया गया।

# बुद्ध पूर्णिमा को लेकर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर सोमवार को हर-हर गंगे और बाबा भोलेनाथ के जयकारों से पूरा अजगैवीनगरी का माहौल भक्तिमय बना रहा। अहले सुबह से ही बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा सहित मिथिलांचल के हजारों श्रद्धालुओं ने सुल्तानगंज के पवित्र उत्तरवाहिनी गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान ध्यान के बाद श्रद्धालु ने मां गंगा और बाबा अजगैबीनाथ मंदिर में बेलपत्र, फूल, अक्षर धूप, दीप मिठाई और नैवेद्य से पूजा अर्चना कर अपने और अपने परिवार की सुख शांति और समृद्धि की कामना की। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर पंडा पुरोहितों एवं गरीबों के बीच अन्न, वस्त्र एवं दान दक्षिणा देकर पूज्य का लाभ भी कमाया?। वहीं मुंडन का शुभ तिथि होने के कारण बिहार के भागलपुर, बांका, जमुई, नवादा और झारखंड के गिरिडीह कोडरमा, पलामू, चतरा, धनबाद, बोकारो सहित अन्य जिलों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर अपने बच्चों के मुंडन संस्कार कराया और जलपात्र में गंगाजल भरकर वाहन से देवघर रवाना हुए। श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रही। हर चौक चौराहों पर पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है और गंगा घाटों में एसडीआरएफ टीम गोताखोर की भी तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित गंगा स्नान कर सकुशल अपने घर को लौट सके। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार आज ही के दिन बुद्ध का जन्म हुआ था और इसी दिन बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति भी हुई थी। आज ही के दिन बुद्ध का महानिर्वाण भी हुआ था। वहीं भगवान कृष्ण ने सुदामा को विनायक उपवास रखने का महत्व भी आज ही के दिन बताया था।

# बिहार के मोतिहारी से 10 लाख का इनामी खलिस्तानी आतंकी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी नगर थाना क्षेत्र से पुलिस और एनआईए की संयुक्त कारवाई में रविवार देर शाम 10 लाख रुपये के इनामी खलिस्तानी आतंकी कश्मीर सिंह ग्लावड्डी उर्फ बलबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार भारत विरोधी गतिविधियो में शामिल रहे आतंकी कश्मीर नेपाल में छिपकर रह रहा था। इन दिनों किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, जिसको लेकर वह नेपाल से मोतिहारी पहुंचा था। पंजाब के लुधियाना सदर में खन्ना थाना क्षेत्र के ग्लावड्डी गांव निवासी कश्मीर सिंह वर्ष 2016 में पंजाब के पटियाला जिले के नाभा जेल ब्रेक के दौरान खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) प्रमुख हरमिंदर सिंह मिंटू, कश्मीर सिंह व गैंगस्टर विक्की गौंडर, गुरप्रीत सिंह सेखों, नीता देओल और अमनदीप धोतियां जैसे आतंकी व गैंगस्टरो के साथ भाग निकला था। एनआईए ने कश्मीर पर 2022 में कांड दर्ज किया था, जिसके बाद वह फरार होकर नेपाल में रह रहा था और एनआईए उसे तलाश रही थी। खलिस्तान समर्थक और इसके स्लीपर सेल का काम देखने वाला कट्टर आतंकी कश्मीर का सुराग नही मिलने के बाद हाल में ही एनआईए ने उस पर 10 लाख का इनाम घोषित किया था।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना कर की विश्व कल्याण की कामना


कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को भगवान बुद्ध की जयंती पर शहर के बुद्ध स्मृति पार्क में आयोजित विशेष कार्यक्रम में शामिल हुये और भगवान बुद्ध की विशेष पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री को बौद्ध भंते द्वारा बुद्ध स्मृति पार्क में प्रतिस्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा, बोधगया के बोधिवृक्ष, आनंद बोधि वृक्ष तथा श्रीलंका के अनुराधापूरम से लाये गए वृक्ष की पूजा-अर्चना करायी गई। मुख्यमंत्री ने इस पावन अवसर पर बुद्ध स्मृति पार्क स्थित पाटलिपुत्र करुणा स्तूप में भगवान बुद्ध की पवित्र अस्थि के सामने भी पूजा-अर्चना, परिक्रमा और ध्यान किया। उन्होंने बौद्ध भिक्षुओं के साथ बैठकर राज्य, देश और विश्व शांति के लिए मंगल कामना तथा सुख, समृद्धि एवं अमन-चैन के लिये प्रार्थना की। पूजा-प्रार्थना के पश्चात मुख्यमंत्री ने विपश्यना केंद्र जाकर वहां की सारी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और वहां ध्यान भी किया। विपश्यना केंद्र के संचालकों ने विपश्यना केंद्र के निर्माण एवं वहां उपलब्ध करायी जानेवाली सुविधाओं को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने 1 अणे मार्ग स्थित अपने आवास में भी बौद्ध शिला तथा बोधिवृक्ष की पूजा-अर्चना कर संपूण विश्व के कल्याण एवं सुख, समृद्धि तथा अमन चैन की कामना की।

## पंजाब में पाकिस्तान की सीमा से सटे पांच जिलों में नहीं खुले स्कूल, बाकी पढ़ाई शुरू, जालंधर में दिखे चार संदिग्ध

चंडीगढ़। सीज फायर के बाद पंजाब में हालात सामान्य होने लगे हैं। राज्य के 23 में से 18 जिलों में सोमवार से स्कूल खुल गए हैं जबकि पाकिस्तान की सीमा से सटे पांच जिलों में अभी भी स्कूल व अन्य शिक्षण संस्थानों को बंद रखा गया है। पंजाब के सीमावर्ती जिलों में भी अब हालात कुछ सामान्य होने लगे हैं। इसके बावजूद अमृतसर, फिरोजपुर, तरनतारन, पठानकोट व बरनाला जिलों में स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। रविवार रात गुरदासपुर जिले के बटाला, फिरोजपुर तथा पठानकोट क्षेत्र में ब्लैकआउट किया गया। पंजाब के जालंधर में रविवार शाम चार संदिग्ध व्यक्तियों को देखा गया। चारों पुलिस की वर्दी पहने हुए थे। उन्होंने मंदिर में एक पुजारी से खाना मांगा। पुजारी को संदेह हुआ तो चारों भाग गए। इसके बाद जालंधर में भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने कहा कि जिन जिलों का के उपायुक्तों की तरफ से हालात सामान्य होने की रिपोर्ट दी गई है, वहां सभी स्कूल व कॉलेज खोल दिए गए हैं। कुछ जिलों से अभी भी हालत सामान्य होने की खबरें नहीं आ रही हैं। इसके चलते अभी स्कूल बंद रखे गए हैं।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063